# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




रांची में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करती झारखंड की महिलाएं


• बोकारो, रविवार 7 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 21 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# झारखंड को हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज यहां कहा कि झारखंड को हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। श्री नबीन ने कहा इस झारखंड को अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों का झारखंड बनाना है। हम ही झारखंड को, उसकी विरासत और संस्कृति के साथ विकास के नए पायदान पर ले जाने का काम करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची के डिबडीह स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री नवीन ने कहा कि मां छिन्मस्तिका, बाबा वैधनाथ धाम बाबा की पावन भूमि झारखंड़ से मेरा भावनात्मक रिश्ता रहा है। उन्होंने प्रबुद्धजनों के द्वारा किसानों से सम्बंधित पूछे गए सवालों का जबाब देते हुए कहा कि अगर देश के किसान खुश होंगे तभी देश खुश रहेगा। हमारी सरकार उनकी आय दुगुनी कैसे हो, इसके लिए प्रयास कर रही है। हमारी सरकार ऑर्गेनिक खेती पर जोर दे रही है। हर जिले में ऑर्गेनिक खेती को



बढ़ावा देने के लिए किसानों को इंसेंटिव देने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था अच्छे दिन लाएंगे और आज हर व्यक्ति के जीवन मे बदलाव लाकर अच्छे दिन लाने का प्रयास किया है। आज मोदी सरकार ने देश मे 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। लोग भूख से न मरें, इसलिये मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज मुफ्त में देने का काम किया है। श्री नवीन ने कहा कि इलाज के अभाव में किसी की मृत्यु न हो या किसी को अपनी भूमि और जेवरात गिरवी न रखना पड़े इसके लिए 60 करोड़ परिवार को मोदी सरकार ने आयुष्मान योजना का लाभ देती है। मोदी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए जनधन योजना के माध्यम से 54 करोड़ खाता खुलवाया। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली से चला 15 पैसे ही लाभुक तक पहुंचता था लेकिन आज डीबीटी के माध्यम से पूरा एक रुपया उन तक पूरा पहुंचता हैं। यह जनधन योजना से ही संभव हो पाया है। श्री नवीन ने कहा कि हम सबसे बड़े युवावादी वाले देश हैं। 2 लाख से अधिक स्टार्टअप देश में चल रहे हैं। यहां के युवा रोजगार पाने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन रहे हैं। 125 से अधिक यूनिकॉर्न देश में कार्यरत हैं। यह देश के युवाओं के कौशल और उद्यमिता का प्रतीक है। वहीं उन्होंने मुद्रा योजना के बारे में कहा कि इससे छोटे कारोबारी को काफी राहत मिली है। आज वे इसके माध्यम से व्यवसायी बन रहे हैं और देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि एआई की सभी बड़ी कंपनियां भारत को हब बनाना चाहती है। हमने अवसर और प्लेटफार्म लेकिन इस पर भी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम विपक्षी पार्टियों ने किया। आज हम मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। महिला शक्ति को लेकर श्री नवीन ने कहा कि एक महिला के आगे बढ़ने से दो परिवार आगे बढ़ती है। 3 करोड़ लखपति महिला दीदी बनाने में हम सफल हुए हैं। महिलाएं परिवार और राज्य को सबल बनाती है। भले ही नारीशक्ति अधिनियम अभी सफल नहीं हुआ। लेकिन हमारा संकल्प है कि इस देश की आधी आबादी को हम पूरा सम्मान देंगे और 33% आरक्षण का जो संकल्प हमने लिया है, आने वाले समय में हम इसे जरूर पूरा करेंगे। जब इस देश में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को अधिकार मिला, तो हमने देखा कि किस प्रकार महिलाओं ने पंचायती राज और नगर निकाय में अपने प्रतिनिधित्व को सशक्त रूप में लिया और उनकी भागीदारी से आज हम कह सकते हैं कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं ने बहुत बड़ा योगदान दिया। श्री नवीन ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ शौचालय बनाकर महिलाओं **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# झामुमो ने बैद्यनाथ राम को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने उम्मीदवार के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। पार्टी ने अपने केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम को राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसकी औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ बैद्यनाथ राम की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि बैद्यनाथ राम आगामी 8 जून को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। बता दें कि बैद्यनाथ राम झारखंड की राजनीति का एक अनुभवी चेहरा माने जाते हैं। वे राज्य सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। वे पूर्व में हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा मंत्री रह चुके हैं। इससे पहले वे भारतीय जनता पार्टी में भी सक्रिय रहे हैं और भाजपा शासनकाल में अर्जुन मुंडा सरकार के दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। झामुमो द्वारा बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद राज्यसभा चुनाव का राजनीतिक समीकरण और अधिक दिलचस्प हो गया है। अब सभी की नजरें नामांकन प्रक्रिया और आगामी चुनावी रणनीतियों पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वायुसेना अधिकारी की पत्नी से चेन की छिनतई

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** शहर में अपराधों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार सुबह शहर के बीचों-बीच किला मंदिर के पास वायुसेना अधिकारी की पत्नी से चाकू की नोक पर सोने की चेन छीन ली गई। इस घटना ने जिले में बढ़ती चेन छिनतई और बाइक चोरी की वारदातों के बीच आम लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पल्लवी सिंह दो दिन पहले ही अपने पति विंग कमांडर प्रसून कुमार सिंह के साथ मायके रामगढ़ आई थीं। यह घटना तब हुई जब वे दोनों किला मंदिर के सामने महाराजा शू स्टोर्स के पास पहुंचे थे।

### युवक की पीट-पीटकर हत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मरकच्चो पश्चिम स्थित प्रेम नगर में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने युवक के घर में घुसकर उसे जमीन पर कई बार पटका जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अनीश सिंह (26) के रूप में की गई। मृतक के चाचा सिकंदर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात अनीश मरकच्चो के जामू रोड स्थित रवानी होटल में खाना खा रहा था। इसी दौरान होटल में मौजूद रवि सिंह, पंकज सिंह, प्रवीण सिंह और उनके कुछ अन्य साथियों के साथ उसका किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाने में जुटी हुई है।

### ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना बीती रात चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर भोंदल नगिनदहा पुल के पास हुई जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। मृतक की पहचान हंटरगंज बाजार निवासी बर्तन व्यवसायी बिहारी गुप्ता के पुत्र रौशन गुप्ता उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। रौशन डुमरी पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर अपने घर लौट रहे थे।

### रेलवे पुल के नीचे मिला महिला का शव

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र में सालगावां रेलवे पुल के नीचे से शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। सूचना मिलते ही कटकमदाग पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवान मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष आंकी जा रही है। हालांकि शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।

# गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत : मंत्री


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गढ़वा जिले के पंचायतों के विकास, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं को मजबूत बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष ने मंत्री के समक्ष पंचायतों को 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की राशि शीघ्र निर्गत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि फंड जल्द मिलने से पंचायत स्तर पर लंबित विकास योजनाओं को गति मिल सकेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसुविधाओं का विस्तार समय पर हो पाएगा। शांति देवी ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। यदि पंचायतों को समय पर वित्तीय संसाधन और अधिक अधिकार उपलब्ध कराए जाएं तो गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का बेहतर विकास संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। वहीं मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने इस दिशा में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। बताया गया कि यह मुलाकात बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई जिसमें जिले के ग्रामीण विकास को लेकर सकारात्मक खाका खींचा गया।

# पलामू किले का होगा जीर्णोद्धार, खर्च होंगे 60 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य अति शीघ्र शुरू होगा। इसे लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से उनके सरकारी आवास स्थित कार्यालय में मुलाकात की। पर्यटन मंत्री ने पलामू किला के जीर्णोद्धार के लिए तैयार की जा रही योजना का पावरपॉइंट प्रस्तुतिकरण दिखाया। पर्यटन मंत्री ने वित्त मंत्री और क्षेत्रीय विधायक को बताया कि पलामू किला के जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराया जा रहा है। संभावना है कि किले के जीर्णोद्धार पर 50 से 60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डीपीआर तैयार होने के बाद जीर्णोद्धार कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पर्यटन विभाग के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में वर्ष 2028 तक पलामू किला के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा करा लिया जाए।




पलामू किला के महत्व की जानकारी देते हुए राधाकृष्ण किशोर ने पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को बताया कि यह किला पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित है। वर्ष 1628 में चेरो वंश के राजा प्रताप राय ने किले का निर्माण कराया था। इसके बाद वर्ष 1658 में राजा मेदिनी राय ने नए किले का निर्माण शुरू कराया था, जो पूरा नहीं हो सका। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि किले के जीर्णोद्धार के बाद उसके सौंदर्यीकरण, लाइट एंड साउंड शो तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं को भी विकसित करने की योजना है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आदिवासी समाज और पर्यटन के विकास के लिए ट्राइबल होम स्टे जैसी योजनाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि पर्यटक प्राकृतिक वातावरण के बीच आदिवासी संस्कृति, परंपरा और जीवनशैली को नजदीक से जान सकें। राधाकृष्ण ने कहा कि आदिवासियों एवं पर्यटन के विकास के लिए ट्राइबल होम स्टे जैसी योजना है, जिसमें पर्यटक कुछ दिन ठहर कर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति को करीब से देख सकते हैं।

# जेपीएससी सिविल जज 2023 के पीटी परीक्षा का रिजल्ट जारी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जेपीएससी सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट आखिरकार परीक्षा के दो वर्ष बाद जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 10 मार्च 2024 को रांची सहित राज्य के विभिन्न शहरों में आयोजित की गई थी। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 फरवरी 2026 को पारित आदेश के आलोक में संशोधित उत्तर कुंजी तैयार की गई जिसके आधार पर 10 मार्च 2024 को आयोजित प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम प्रकाशित किया गया है। झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (विज्ञापन संख्या 2022/23) का संशोधित परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। आयोग द्वारा प्रकाशित रिजल्ट को अभ्यर्थी जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस परीक्षा में 1844 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए सफल हुए हैं।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में शनिवार को सुबह से कई जिलों में काले बादल छाए रहे। सुबह लोगों को ठंडी हवा ने गर्मी से राहत भी महसूस कराई। वहीं, गोड्डा, चतरा, गुमला और कोडरमा में बारिश भी हुई। चतरा के इटखोरी थाना क्षेत्र के खौराकला गांव में आकाशीय बिजली गिरने से रेखा देवी नामक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के भतीजे संजय भुइयां ने बताया कि वे सुबह खेत की तरफ गई थीं तभी अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हुआ। वहीं गोड्डा के बलवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौर पंचायत के खीरोदी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 45 वर्षीय अमरेंद्र मंडल की दर्दनाक मौत हो गई। पिछले 24 घंटे में पलामू का डाल्टेनगंज इलाका 41 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा है। रांची का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है।

# विदेश में एक्सपोर्ट होंगे पूर्वी सिंहभूम के आम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के किसानों द्वारा उत्पादित रसीले आम अब सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगों को मिलेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले के किसानों द्वारा उत्पादित आमों को बाजार दिलाने की पहल की गई है। साथ ही आम महोत्सव के जरिए उसके बारे में किसानों को जागरूक कर पहचान दिलाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम, पटमदा, घाटशिला, मुसाबनी इलाकों में किसान बड़े पैमाने पर आम की खेती कर रहे हैं जिसमें लंगड़ा, बैगनपिल्ली, देसी, आम्रपाली, हिमसागर, मलिक्का और बनाना आम का उत्पादन होता है। पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त राजीव रंजन ने किसानों



के उगाए आमों को पहचान दिलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि बनाना आम का नाम बदलकर उसे अब आदिवासी नाम दिया गया है। अब इसे कायरा आम के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान मल्लिका, आम्रपाली, लंगड़ा और कई दूसरी वैरायटी के आम उगा रहे हैं। आमों की क्वालिटी की वजह से विदेशी व्यापारी भी यहां आ रहे हैं। हमारा मकसद है कि आम महोत्सव के जरिए किसानों को बेहतर दाम मिलें और विदेशी व्यापारी भी आकर्षित हों, उन्हें एक प्लेटफॉर्म मिले। हमारी कोशिश है कि यहां उगाए गए आम यूरोपियन यूनियन और दूसरे देशों तक पहुंचें। लोग यहां उगाए गए आमों का स्वाद चख सकें और झारखंड को अच्छे आमों के उत्पादक के तौर पर पहचान मिले।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के पिपराडीह ओवरब्रिज के पास शनिवार को सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह टक्कर दो कार और एक बाइक के बीच हुई। मृतकों में अब्बू हयात और अमीनुल (6) शामिल है। दरअसल खाखीकला निवासी अब्बू हयात अपनी पत्नी रूबेना खातून, बेटे अमीनुल और बेटी अलीना परवीन के साथ बाइक से डुमरी थाना क्षेत्र के बेरगी गांव में एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी बीच पिपराडीह ओवरब्रिज के पास पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही एक और कार पहली कार से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक कार सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार अमीनुल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि अब्बू हयात, रूबेना खातून और अलीना परवीन सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने घायलों को डुमरी रेफरल अस्पताल पहुंचाया। अब्बू हयात और रूबेना खातून की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया। हालांकि धनबाद ले जाते समय रास्ते में ही अब्बू हयात ने दम तोड़ दिया। वहीं रूबेना खातून और अलीना परवीन का इलाज जारी है।


# दिल्ली और सिलीगुड़ी के बीच दौड़ेगी बुलेट ट्रेन : वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल में बुलेट ट्रेन लाने का वादा किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने बताया कि 42 वर्षों में कोलकाता मेट्रो नेटवर्क का केवल 28 किलोमीटर हिस्सा ही पूरा हो पाया था जबकि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 45 किलोमीटर मेट्रो लाइनें जोड़ी गई हैं। रेल मंत्री ने शनिवार को कहा कि राज्य के लिए बुलेट ट्रेन शुरू करने का फैसला किया गया है। यह ट्रेन दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी और पटना होते हुए सिलीगुड़ी को जोड़ेगी। इस सफर में सिर्फ छह घंटे लगेंगे और यह आरामदायक होगा। अगले पांच सालों में कोलकाता मेट्रो के लिए 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शुरू की जाएंगी और उम्मीद है कि 'डबल-इंजन' सरकार के तहत पश्चिम बंगाल में रेलवे प्रोजेक्ट्स को नई रफ्तार मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगले पांच सालों



में कोलकाता मेट्रो के लिए 60 नई पीढ़ी की ट्रेनें शुरू की जाएंगी। आज मैंने कोलकाता मेट्रो में सफर किया। हम कोलकाता मेट्रो को नया रूप देंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच प्रस्तावित बुलेट ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य यात्रा के समय को तेजी से कम करना है। उन्होंने कहा ि ये हाई-स्पीड कॉरिडोर छह घंटे में सिलीगुड़ी को नई दिल्ली से जोड़ देंगे। बैठक में शामिल होने के लिए वह शनिवार सुबह दमदम हवाई अड्डे पर पहुंचे। हवाई अड्डे से निकलने के तुरंत बाद रेल मंत्री मेट्रो में चढ़े और यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने ऑटो रिक्शा में भी सवारी की। उनके साथ राज्य के मंत्री जगन्नाथ चट्टोपाध्याय और पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो भी थे। इसके बाद मुख्यमंत्री और रेल मंत्री ने मीडिया को संबोधित किया और राज्य के लिए कई रेल परियोजनाओं को शुरू करने की घोषणा की। बुलेट ट्रेन के बारे में बात करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि इस पर काम जल्द ही शुरू होगा। रेल परियोजना का रास्ता साफ हो गया है और सभी विधायकों ने सहयोग का भरोसा दिया है। उन्होंने नए स्टेशनों और अतिरिक्त ट्रेनों को शुरू करने का भी वादा किया। साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने केंद्रीय मंत्री से राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर ध्यान देने का आग्रह किया।



C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### झमाझम बारिश से गर्मी से राहत, किसानों व पशुपालकों के चेहरे खिले

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।बारिश का फायदा मखाना उत्पादक किसानों को भी मिला है। खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने से मखाना फसल को लाभ होने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ रही गर्मी का फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, लेकिन बारिश ने स्थिति में सुधार किया है और फसलों को नई ऊर्जा मिली है।वहीं, पशुपालकों के लिए भी यह बारिश राहत लेकर आई है। भीषण गर्मी का असर दुधारू पशुओं पर साफ दिखाई दे रहा था। अत्यधिक तापमान और उमस के कारण पशुओं के दूध उत्पादन में कमी आ गई थी। पशुपालकों ने बताया कि गर्मी से पशु काफी परेशान थे, जिससे उनकी दूध देने की क्षमता प्रभावित हुई थी।दूध विक्रेता मिथुन कुमार यादव ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण दुधारू पशुओं के दुग्ध उत्पादन में करीब 10 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई थी। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आई है, जिससे पशुओं को राहत मिलेगी और दूध उत्पादन में भी सुधार होने की उम्मीद है।बारिश से आम लोगों के साथ-साथ किसानों और पशुपालकों के चेहरों पर भी खुशी लौट आई है। मौसम में आए इस बदलाव को सभी वर्गों ने राहत भरा बताया है।

### जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (20 सूत्री) की समीक्षा बैठक

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डॉ. राम चंद्र प्रसाद, मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री, अररिया जिला की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (20 सूत्री) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन, पुलिस अधीक्षक अररिया जितेन्द्र कुमार, माननीय विधायक जोकीहाट मोहम्मद मुर्शिद आलम, माननीय विधायक रानीगंज अविनाश मंगलम, माननीय विधायक नरपतगंज श्रीमती देवन्ती यादव, माननीय उपाध्यक्ष जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (20 सूत्री) आदित्य नारायण झा, आशीष कुमार पटेल सहित समिति के सभी माननीय सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों से संबंधित जनहित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु तालाब निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बस यात्रियों से मनमाने किराये की वसूली, वाहन स्टैंड एवं पार्किंग व्यवस्था, बस स्टैंड के संचालन तथा यातायात संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को किराया संबंधी शिकायतों



की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। धान अधिप्राप्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जांच में कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। हर घर नल-जल योजना के संबंध में बताया गया कि नियमित रूप से जांच कर त्रुटियों का निराकरण किया जाता है। अररिया-रानीगंज पथ, चंद्रा चौक, भूदान कार्यालय मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 700 रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को चिन्हित स्थानों पर स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट की उपलब्धता, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत खुले में मांस बिक्री एवं जाम की समस्या, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में आवश्यक विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। उन्होंने समीक्षा के दौरान प्राप्त अधिकांश अनुपालनों पर संतोष व्यक्त करते हुए जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी एवं माननीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अंत में जिलाधिकारी महोदय द्वारा माननीय मंत्री महोदय सह अध्यक्ष जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति एवं उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं बैठक समाप्त की गई।

### हरनौत कृषि विज्ञान केंद्र में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण संपन्न

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हरनौत बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर आयोजित पांच दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को प्रमाणपत्र वितरण के साथ संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ सीमा कुमारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण 2 जून से 6 जून तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम बीज उत्पादन की प्रक्रिया, खाद तैयार करने की विधि, फसल प्रबंधन तथा आवश्यक उपकरणों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। गृह विज्ञान की वैज्ञानिक डॉ ज्योति सिन्हा ने कहा कि मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन एवं खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती कम स्थान में भी आसानी से की जा सकती है, जिससे यह सीमित भूमि वाले किसानों और युवाओं के लिए रोजगार का बेहतर विकल्प बन सकती है। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन युवाओं के लिए लाभदायक व्यवसाय साबित हो सकता है। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि अपशिष्ट का भी बेहतर उपयोग संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान उद्यान विज्ञान की वैज्ञानिक कुमारी विभा रानी सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन निकली झांकी

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नूरसराय प्रखंड के दहपर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल से नारी शिव मंदिर तक भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान की मनमोहक झांकियों और भक्ति गीतों के बीच पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। भव्य झांकी में कथावाचक परम पूज्य श्री श्याम शुभम जी महाराज स्वयं शामिल हुए। श्रद्धालु भक्ति धुनों पर झूमते और नृत्य करते हुए भगवान के जयकारे लगाते नजर आए। झांकी के दौरान पूरा मार्ग भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। इस अवसर पर कथावाचक श्री श्याम शुभम जी महाराज ने आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति, सद्भाव और संस्कारों का प्रसार होता है। उन्होंने आयोजनकर्ता अरविंद कुमार सिन्हा को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पूरे नूरसराय क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश पहुंच रहा है। वहीं आयोजनकर्ता अरविंद कुमार सिन्हा ने झांकी में शामिल सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और श्रद्धा के कारण ही यह महोत्सव भव्य रूप ले सका है। साथ ही उन्होंने कथा वाचक श्री श्याम शुभम जी महाराज के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मुखारविंद से निकल रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धालु बड़ी संख्या में श्रवण कर रहे हैं और कथा अमृत का रसपान कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस मौके पर प्रवीण कुमार सिन्हा, नम्रता सिन्हा, अमाया सिन्हा, सुलेखा सिन्हा, अमन कुमार, सिंटू कुमार, फंटूश कुमार, शेखर मुखिया, नीतीश कुमार, डॉ रमाकांत कुमार, निवास लाल, मुन्ना कुमार, चिक्कू कुमार, तन्नू सिंह, पप्पू मुखिया, लड्डू प्रसाद, पिंटू कुमार, बबलू मुखिया, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर उपायुक्त ने किया पौधारोपण

# विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पालगंज का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित अधिकारियों से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित रहने वाला अभियान नहीं है, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि



वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकटों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हरित वातावरण को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, पीरटांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## तिरलाटांड पहुंचे डीसी रामनिवास यादव, पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता और न्याय का दिलाया भरोसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मधुबन थाना क्षेत्र के तिरलाटांड गांव में हाल ही में हुए दंपति हत्याकांड के बाद उपायुक्त श्री रामनिवास यादव ने शुक्रवार को गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई



जाएगी।उपायुक्त ने मृतक दंपति के परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा परिवार की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवार को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए डीसी ने कहा कि मृतक दंपति के बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा और भविष्य की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने तथा आवश्यक आर्थिक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चों का शीघ्र स्कूल में नामांकन सुनिश्चित कर उनकी शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया गांव भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस पर उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए लंबित विकास योजनाओं को गति देने और समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। तिरलाटांड गांव की विकास आवश्यकताओं का आकलन कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आबिद खान, डुमरी एवं पीरटांड़ के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गिरिडीह पुलिस की अनूठी पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गिरिडीह पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलेभर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस अभियान की शुरूआत पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने पुलिस केंद्र एवं समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कर की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (प्रथम), पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (द्वितीय), परिचारी प्रवर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की पुलिस



अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जिले के सभी थाना एवं ओपी परिसरों में भी सघन वृक्षारोपण किया गया। थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि गिरिडीह पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी।विश्व पर्यावरण दिवस पर गिरिडीह पुलिस की इस पहल को लोगों ने सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।

## नगरनौसा प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शनिवार को भारी बहुमत से पारित हो गया।इसके साथ ही प्रखंड प्रमुख की कुर्सी चली गई और प्रमुख का पद रिक्त हो गया। प्रखंड प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद प्रखंड राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

आयोजित विशेष बैठक की अध्यक्षता उपप्रमुख सुमंती देवी ने किया। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान कराया गया जिसमें उपस्थित दस पंचायत समिति सदस्यों ने एक मत होकर प्रखंड प्रमुख पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड कृषि कार्यालय में खेत बचाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी जन्मेजय सिंह ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें सहायक निदेशक भूमि संरक्षण भुदेव राणा सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया।इस मौके पर बीएओ जन्मजेय सिंह ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित रखने का जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने की अपील की।प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को मृदा जांच, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद निर्माण तथा वर्षा जल संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। बैठक में कृषि कर्मियों को गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने और किसान चौपाल के माध्यम से अधिकाधिक किसानों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

## किसानों के हित सर्वोपरि, तालाब निर्माण में नहीं होगी फसलों की क्षति : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** देवरी प्रखंड के लवानियां मौजा में स्वीकृत तालाब निर्माण योजना को लेकर उठी ग्रामीणों की शिकायतों और आशंकाओं के बीच उपायुक्त रामनिवास यादव स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और स्थल का निरीक्षण कर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और तालाब निर्माण के कारण किसी भी किसान की फसल को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि प्रस्तावित तालाब में पानी भरने से आसपास के कृषि क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित खेतों का



स्वयं निरीक्षण किया और अधिकारियों को योजना के सभी तकनीकी पहलुओं का पुनर्मूल्यांकन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ योजना की उपयोगिता, तकनीकी व्यवहार्यता, जल संचयन क्षमता तथा किसानों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह योजना क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा इसे बरसात से पहले पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब की संरचना और गहराई ऐसी हो कि किसी भी किसान की फसल प्रभावित न हो। साथ ही जल स्रोतों की उपलब्धता, जल निकासी व्यवस्था और लिफ्ट इरिगेशन की संभावनाओं पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बरगद के पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें सुनीं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों को लाभ पहुंचाना है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय आवश्यकताओं और जनभावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को तालाब निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने और किसानों की सभी जायज चिंताओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया इसके बाद उपायुक्त ने जमुआ प्रखंड के पालमो स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद कर निर्माण कार्य से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

## सलूजा गोल्ड कंपनी के संरक्षण में रांची टाइगर्स ने बढ़ाया झारखंड का गौरव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड की उभरती क्रिकेट टीम रांची टाइगर्स की सफलता से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है। टीम की उपलब्धियों ने झारखंड की खेल प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाई है। रांची टाइगर्स को सलूजा गोल्ड कंपनी का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण टीम को बेहतर संसाधन और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है इस अवसर पर सरगुजा स्टील लिमिटेड के सीएमडी अमरजीत सिंह सलूजा, सतविंदर सिंह सलूजा एवं तरनजीत सिंह सलूजा ने टीम की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए कहा कि रांची टाइगर्स केवल एक क्रिकेट टीम नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की प्रतिभा, संघर्ष और सपनों का प्रतिनिधित्व करती है उन्होंने कहा कि गिरिडीह अब केवल



उद्योग जगत में ही नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। रांची टाइगर्स के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है सलूजा परिवार ने कहा कि टीम का उद्देश्य केवल टूर्नामेंट जीतना नहीं, बल्कि झारखंड के गांव-गांव से क्रिकेट प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। टीम में विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा किसी क्षेत्र या शहर विशेष की मोहताज नहीं होती उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार सरगुजा स्टील और सलूजा समूह उद्योग जगत में अपनी पहचान बना चुके हैं, उसी प्रकार रांची टाइगर्स खेल जगत में झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेगी खेल प्रेमियों और समर्थकों ने रांची टाइगर्स की सफलता पर बधाई देते हुए टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सलूजा गोल्ड कंपनी द्वारा खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## मलमास मेला आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम : डॉ. प्रेम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को अपने परिवार के साथ राजगीर के ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात मलमास मेला पहुंचें । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजगीर का मलमास मेला सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम है, जो देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वे रात्रि लगभग 12 बजे अपने परिवार सहित राजगीर पहुंचे तथा ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र कुंडों में स्नान कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने राज्य एवं देश की सुख-शांति, समृद्धि, खुशहाली तथा जनकल्याण के लिए देवी-देवताओं से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने जरासंध की पावन धरती पर मां जरा देवी एवं महाराज जरासंध को नमन करते हुए कहा कि मलमास मेले के सुव्यवस्थित आयोजन की परंपरा मगध के चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध से जुड़ी हुई मानी जाती है। उन्होंने कहा कि महाराज जरासंध के जीवन में भक्ति और शक्ति दोनों का विशेष महत्व था। स्नान, दान, पूजा एवं कुश्ती उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग था और उनका मल्लयुद्ध आज भी विश्वभर में प्रसिद्ध है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मलमास की अवधि में समस्त देवी-देवता राजगीर में निवास करते हैं।

# 16 जून को मजदूरों के सवाल पर चेतावनी रैली, जिला सम्मेलन की तैयारी तेज : राजकुमार यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा (माले) जिला कमेटी और असंगठित मजदूर मोर्चा की संयुक्त अगुवाई में गिरिडीह शहर के सिहोडीह स्थित एक होटल में छह घंटे तक चली विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माले के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद और असंगठित मजदूर मोर्चा के महासचिव नीताय महतो ने की।

बैठक में पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित पार्टी और जनसंगठनों के कई नेता उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 16 जून को जिला मुख्यालय में प्रस्तावित चेतावनी रैली तथा 28-29 जून को होने वाले 14वें जिला



सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति तय करना था। नेताओं ने पार्टी कैडरों को जनता के मुद्दों से जुड़ने, जनसंगठनों को मजबूत करने, प्रतिनिधियों के चयन, पार्टी क्लास और सदस्यता विस्तार अभियान को तेज करने का आह्वान किया।पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद ने कहा कि गिरिडीह लंबे समय से वाम आंदोलन की मजबूत धरती रही है और जिले की सभी विधानसभा सीटों में लाल झंडे के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा के खिलाफ राजनीतिक अभियान तेज करने तथा जनता के सवालों को लेकर संगठित संघर्ष चलाने का आह्वान किया पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार और मजदूरों के शोषण के खिलाफ संघर्ष को और धारदार बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 16 जून की चेतावनी रैली में औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानीय मजदूरों की छंटनी, प्रदूषण और श्रमिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने मजदूरों, किसानों, छात्रों, युवाओं और महिलाओं से बड़ी संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की असंगठित मजदूर मोर्चा के महासचिव नीताय महतो ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को जोड़ने तथा संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।माले जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि जनता के हक और अधिकार की लड़ाई को और तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जिला सम्मेलन और चेतावनी रैली की तैयारियों में पूरी ताकत लगाने की अपील की।बैठक में किसान महासभा के नेता पूरन महतो, नगर सचिव राजेश सिन्हा, केंद्रीय कमेटी सदस्य कन्हाई पांडेय, वरिष्ठ नेता परमेश्वर महतो, सीताराम सिंह, विनय संथालिया, उस्मान अंसारी, कौशल्या दास, पूनम महतो, पवन महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी और जनसंगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 जून की चेतावनी रैली को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों और औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा जिला सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# फ्लाई ऐश आधारित उत्पाद निर्माण का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) की ओर से महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं सतत आजीविका सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "फ्लाई ऐश के उपयोग से सतत सामग्री निर्माण" विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को नेताजी सुभाष हॉल, पीवीयूएनएल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए.के. सहगल ने किया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सीईओ ए.के. सहगल ने कहा कि फ्लाई ऐश के उत्पादक उपयोग से जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं स्थानीय महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाते हुए अपने कौशल का



विकास करने तथा इसे आजीविका के प्रभावी साधन के रूप में अपनाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के आसपास स्थित कोतो, किरिगड़ा, रसदा एवं बालकुंद्रा गांवों की कुल 24 महिलाएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों के निर्माण से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। 6 जून 2026 से प्रारंभ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मेसर्स अश्ट्रैक ईको प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को फ्लाई ऐश एवं संबंधित रसायनों के सुरक्षित उपयोग, मिश्रण एवं मोल्डिंग तकनीक, क्योरिंग एवं फिनिशिंग प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण तथा विभिन्न उत्पादों के निर्माण से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। पीवीयूएनएल की इस पहल से महिलाओं के कौशल विकास के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही, फ्लाई ऐश के उत्पादक उपयोग के माध्यम से "वेस्ट-टू-वेल्थ" की अवधारणा को बढ़ावा मिलेगा और सतत आजीविका सृजन के नए आयाम स्थापित होंगे। यह कार्यक्रम पीवीयूएनएल की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ स्थानीय समुदाय की सहभागिता को भी मजबूत करेगा।

# 9 से 11 जून तक लगेगा निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर, दांतों की जांच से लेकर एक्स-रे तक की सुविधा मुफ्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** कृष्णापुरी चौक, मटवारी स्थित परफेक्ट स्माइल डेंटल क्लीनिक में 9 से 11 जून 2026 तक तीन दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए 8 जून को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक निशुल्क पंजीकरण कराया जाएगा। क्लीनिक के संस्थापक एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर के दौरान दांत एवं मुख रोगों से संबंधित विभिन्न समस्याओं की निशुल्क जांच, उपचार और परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा लोगों को दंत स्वास्थ्य और मुख स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले



मरीजों के लिए दांतों की जांच, एक्स-रे, दांतों की सफाई, नॉन-सर्जिकल एक्सट्रैक्शन तथा आवश्यक दवाओं का वितरण पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि दांत और मुख संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता के अभाव में कई लोग गंभीर समस्याओं का सामना करते हैं, जबकि समय पर जांच और उचित उपचार से अधिकांश रोगों की रोकथाम संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में लोगों को सही तरीके से ब्रश करने और मुख स्वच्छता बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी जाएगी। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों से शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की गई है। क्लीनिक की निदेशिका निधि रानी ने क्षेत्रवासियों से अपने परिवार एवं परिचितों को भी शिविर की जानकारी देने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस स्वास्थ्य पहल से जोड़ने का आग्रह किया। आयोजकों के अनुसार, इस निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर दंत स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा लोगों को दंत रोगों के प्रति जागरूक बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले एनडीए के नेता, अनौपचारिक मुलाकात के बहाने हुई राज्यसभा चुनाव पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने एनडीए के घटक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई इस अनौपचारिक बैठक में मुलाकात के दौरान एनडीए नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष के झारखंड आगमन पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

**एनडीए को मजबूत करने की बात की गई**

भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जदयू विधायक सरयू राय, आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान, विधायक जनार्दन पासवान शामिल थे। अनौपचारिक मुलाकात के बहाने राज्यसभा चुनाव को लेकर आंशिक चर्चा हुई और एनडीए की मजबूती पर भी बात की गई।

**गौरव वल्लभ का नाम लगभग तय हो गया है: सरयू राय**

जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि अनौपचारिक इस मुलाकात के दौरान बीते समय की बातों के साथ-साथ वर्तमान राजनीति की स्थिति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए एकजुट है और गौरव वल्लभ के नाम पर करीब-करीब मुहर लग चुकी है। भाजपा द्वारा इसकी औपचारिक घोषणा करना अभी बाकी है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान राजनीतिक चर्चा के साथ-साथ आपसी संबंधों को भी मजबूती मिली है। उन्होंने राज्यसभा चुनाव लड़ने से इनकार करते हुए कहा कि फिलहाल इसपर कोई विचार नहीं किया है।

**संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ राज्यसभा चुनाव को लेकर बैठक**

भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के दो दिवसीय झारखंड दौरे के पहले दिन भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के सांसद और विधायकों के साथ बैठक हुई। इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती को लेकर खास तौर पर चर्चा होती रही। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड में संगठन को मजबूत करने और कमल खिलाने के लिए स्पष्ट संदेश दिया है।

**2029 में झारखंड में भाजपा सरकार बनाएगी: सीपी सिंह**

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हुई इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक मजबूती पर ही जोर दिया गया और हम लोगों को उम्मीद है कि 2029 के चुनाव में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट, एक घायल

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में शुक्रवार की देर रात आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष के 41 वर्षीय गोपाल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल गोपाल यादव को उपचार के लिए मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उनका उपचार किया गया। घायल गोपाल यादव ने बताया कि गांव के ही अमित कुमार, दीपक कुमार, गुड्डू कुमार एवं श्रवण कुमार समेत अन्य लोगों ने आपसी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपितों ने डंडे से उनके सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात

**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की ओर से पर्यवेक्षक बनाए गए भूपेश बघेल और अजय शर्मा ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। करीब दो घंटे चली मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकलने पर भूपेश बघेल ने मीडिया से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि कहीं कोई गतिरोध नहीं है और महागठबंधन के उम्मीदवार राज्यसभा की दोनों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने साफ कहा कि महागठबंधन के दलों के बीच कोई मिसअंडरस्टैंडिंग नहीं है। भूपेश बघेल ने कहा कि काफी सौहार्दपूर्ण माहौल में मुख्यमंत्री के साथ वार्ता हुई है।

वहीं अजय शर्मा ने कहा कि हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और महागठबंधन दोनों सीटें जीतने जा रहा है, जहां तक झामुमो के नेताओं की भावना का सवाल है, पार्टी के अंदर ऐसी भावनाएं आती हैं, लेकिन अंतिम फैसला नेता को लेना होता है। हमारी बात मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन से हुई है। कहीं कोई कंफ्यूजन वाली स्थिति नहीं है। दरअसल, कांग्रेस ने प्रणव झा को राज्यसभा की एक सीट के लिए उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेवर बेहद तल्ख हो गए थे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं बैठक बुलाई थी। बैठक के बाद झामुमो के विधायकों ने कांग्रेस पर एकतरफा उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और कहा कि झामुमो को राज्यसभा की दोनों सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए।

# कार से 375 बोतल देसी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** अम्बा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 375 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो कथित शराब तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कसौटी नहर मार्ग पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक आसमानी रंग की ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच में कार से 15 कार्टन देसी शराब बरामद हुई। प्रत्येक कार्टन में 300 मिलीलीटर की 25 बोतलें रखी गई थीं। इस प्रकार कुल 375 बोतल यानी 112.5 लीटर देसी शराब जब्त की गई। पुलिस टीम को देखकर वाहन सवार भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी 20 वर्षीय दीपक कुमार एवं 19 वर्षीय नीतीश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त ऑल्टो कार को भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर शराब आपूर्ति नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# 15 जून के धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर माले कार्यकर्ताओं का कन्वेंशन आयोजित

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धमनी गांव में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं की ओर से आगामी 15 जून को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारी को लेकर एक कन्वेंशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव कामता प्रसाद यादव ने की। कन्वेंशन में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में किसानों, मजदूरों एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व अंचल सचिव दिनेश राम, किसान सभा के नेता कृष्णा भारती, राम अयोध्या पांडेय, सादुल्लाह खां, रामप्रवेश सिंह एवं बसंत कुमार ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया।

# ओबरा में पुलिस-जन संवाद संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से ओबरा मुख्यालय स्थित पुनपुन नदी तट के सामुदायिक भवन में पुलिस-जन संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी कम करना तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी संकोच के पुलिस के पास आएं। उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और निष्पक्ष, पारदर्शी तथा भ्रष्टाचारमुक्त तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस-जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। संगोष्ठी के दौरान पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेद, भूमि विवाद तथा अन्य सामाजिक समस्याओं से संबंधित मामलों को लोगों ने प्रमुखता से उठाया। थानाध्यक्ष ने सभी मामलों का निष्पक्ष और कानूनी तरीके से समाधान कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी नागरिक पुलिस के लिए सम्मानित हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा। साथ ही उन्होंने अवैध शराब के कारोबार, नशे के प्रसार तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आम लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयास से ही अपराधमुक्त एवं सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

## पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध, किसानों को नही होगी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड कृषि सभागार में प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक खाद विक्रेताओं के साथ आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधी सह उर्वरक निगरानी समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, बीसीओ अरुण कुमार,उर्वरक निगरानी समिति राजीव कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता मौर्या, विधायक प्रतिनिधि, सहित प्रखंड क्षेत्र के लाइसेंसधारी खाद विक्रेता एवं व्यवसायी शामिल हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड में किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में डीएपी की कुल आवश्यकता 46,250 बैग तथा यूरिया की आवश्यकता 1,29,000 बैग है। वर्तमान में 4,060 बैग डीएपी एवं 30,375 बैग यूरिया उपलब्ध है। इसके अलावा वैकल्पिक उर्वरक के रूप में 7,040 बैग एनपीके तथा 16,940 बैग एएसपी भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि खेती का शुरुआती दौर चल रहा है और खरीफ मौसम के लिए अभी लगभग चार माह का समय शेष है। आवश्यकता के अनुसार आगे भी उर्वरकों की आपूर्ति होती रहेगी। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। स्पष्ट किया गया कि सभी उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दर पर की जाएगी। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा, भाजपा मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जदयू नेता

# स्कॉर्पियो और कार की टक्कर में छह घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने कार में टक्कर मार दी जिसमें छह लोग गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। घायलों की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी मो. मुख्तार अंसारी (45), मो. अली (14), मो. आलमगीर, मो. पप्पू, मो. सोहेल और मो. राजू के रूप में की गई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। ये सभी शादी समारोह में शामिल होने जा रहे। घटना के बाद आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इलाज के लिए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मो. मुख्तार अंसारी, मो. अली, मो. आलमगीर और मो. पप्पू सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मो. पप्पू और मो. आलमगीर की हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

घटना को लेकर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल सभी लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जम्होर थाना ने किया लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मध्य विद्यालय के प्रांगण में जम्होर थाना के तत्वावधान में जिला प्रशासन औरंगाबाद के निर्देश पर लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया।जम्होर थाना के थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने विचार समन्वय किया एवं पुलिस पब्लिक के बीच में समन्वय स्थापित कैसे हो इस बात पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए कहा कि जम्होर थाना क्षेत्र में अनुग्रह नारायण स्टेशन मार्ग तक ट्रकों की एंट्री की समय




सीमा का निर्धारण हो। जगह-जगह पर पब्लिक को जागृत कर सीसीटीवी लगाया जाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में पुलिस और पब्लिक के बीच जो सहयोगपूर्ण जागृति आई है इस निरंतरताता को बरकरार रखी जाए। किसी भी प्रकार के अपराध नियंत्रण में पब्लिक का सहयोग अपेक्षित है। संवाद गोष्ठी में जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्रवाल, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,वर्तमान अध्यक्ष संजय गुप्ता,जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह, समाजसेवी डॉ नेहाल अहमद, सोनू सहित अन्य उपस्थित

# सड़क निर्माण विवाद में आठ लोग घायल, एक रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव में कंक्रीट निर्माण कार्य चलने के क्रम में गांव के ही एक युवक द्वारा रोड़ पर साइकिल चढ़ाया जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया। दोनों पक्षों में लाठी डंडे से जम कर मारपीट हुई। दोनों पक्षों से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। घायलों में एक व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों में उस गांव निवासी गोपाल यादव, सहेन्द्र यादव की पत्नी शीला देवी, संजय यादव की पत्नी विमली देवी, राजू यादव की पत्नी सविता देवी, जीतेन्द्र यादव की पत्नी संगीता देवी, केवाली सिंह के पुत्र धनंजय कुमार और उपेन्द्र यादव की पत्नी विजान्ती देवी, बिलेन्द्र यादव की पत्नी सोनामती देवी शामिल हैं। घायलों में गोपाल यादव को गंभीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास किया गया है।

# लोक संवाद गोष्ठी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** गया मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को निर्धारित स्थल पर शाम 4 बजे से 6 बजे तक लोक संवाद गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में शनिवार को हसपुरा प्रखंड के अमझर शरीफ गांव स्थित टीओपी परिसर में हसपुरा थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस-पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा करना तथा अपराध नियंत्रण में जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रखें। पुलिस का दायित्व है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निराकरण किया जाए, जिससे जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।

# उच्च विद्यालय भवन मरम्मत का एमएलए ने दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के केरा स्थित बनवारी मदन उच्च विद्यालय प्रांगण में शनिवार को विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अष्टम एवं नवम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सहित अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि से विद्यालय में खिड़की, दरवाजे एवं कक्षाओं के



प्लास्टर निर्माण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही भविष्य में भी विद्यालय की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# लोक संवाद गोष्ठी के माध्यम से समस्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह।** देवकुंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बिहार पुलिस द्वारा आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से "लोक संवाद गोष्ठी" का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष निरंजन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, सामाजिक सौहार्द तथा जनसहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों की समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही सुरक्षित, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कानून का सम्मान करने, अपराध पर रोक लगाने, महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने, नशामुक्त समाज बनाने तथा सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान एसआई धनंजय कुमार, अनिल कुमार, एएसआई देवकांत पांडेय, अजय झा, मोहम्मद रईस कौसर अली, उपेंद्र कुमार, रामकुमार, गौरव मिश्रा, सुमित कुमार, दीपू यादव, रामकृपाल विश्वकर्मा, सोनू द्विवेदी, राकेश रंजन, हीरा दास, मोहमद सिराजुद्दीन अंसारी, अक्षय पटेल, प्रकाश कुमार, सोनू यादव, मनीष जयसवाल, लगनदेव पासवान, संकलदेव सिंह, मृत्युंजय

## पेज 1 का शेष

### झारखंड को हमने बनाया ...

का सम्मान बढ़ाया। गरीबो को 4 करोड़ आवास दिया गया। 10 करोड़ गरीब माताओं को उज्ज्वल योजना के तहत गैस उपलब्ध कराया गया। महिलाओ को सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ाने के लिए हम संकल्पित हैं। छोटे कारोबारियों के बारे में भी मोदी सरकार ने चिता की। 75 लाख ठेला खोमचा वाले को 10 हज़ार रुपये की लोन दी गयी और इनके जीवन स्तर को उठाया गया। श्री नवीन ने कहा कि डिजिटल इंडिया का विपक्षी दलों ने काफी मजाक बनाया था। विपक्षी दल जब-जब भी भाजपा का मजाक बनाते हैं तो जनता भाजपा को और अधिक आशीर्वाद देती है। डिजिटल ट्रांसफर के माध्यम से लेने देन की सुविधा को आसान बनाया गया। आज 314 लाख करोड़ डिजिटल ट्रांसफर के रूप में एक वर्ष में होता है।। 51 लाख करोड़ रुपया सीधे गरीबों के खाते में पहुंचाया गया। हमारी सरकार ने अच्छे दिन की परिभाषा शब्दों में नहीं बल्कि जमीन पर लाकर दिखाया है श्री नवीन ने कहा कि रेलवे विभाग में काफी सुधार किया गया। डबल लाइन बनाई गई, विद्युतीकरण किया गया। नई ट्रेन दी गयी। समय में सुधार किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करती है। आज कोई एक ईट फेंकता है तो हम उसका जवाब पत्थर से देते हैं। विश्व की कोई भी ताकत हो, हम देश की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं कर सकते हैं। रक्षा समानों का निर्यात कर रहे हैं। नक्सलवाद को समाप्त करने में हमारी सरकार सफल हुई है। श्री नवीन ने कहा कि हमारी सरकार ने देश को सांस्कृतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाया। राम मंदिर और काशी कॉरिडोर बनाकर देश की सांस्कृतिक धरोहर और मूल्यों को स्थापित कर इसे जीवंत रखा। मेडिकल के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। कई एम्स बनाये गए कई मेडिकल कॉलेज खोले गए। कई आईआईटी, एकलव्य विद्यालय खोले गए है। श्री नवीन ने कहा कि आज का युवा देश के निर्माण के लिए काम करना चाहता है, अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम करना चाहता है। लेकिन कुछ लोगों ने इस देश के युवाओं को स्थापना विरोधी नाम दे दिया है। श्री नवीन ने कहा कि मैं मानता हूं कि देश का युवा इनोवेशन और क्रियेशन के लिए जाना जाए। भारत का युवा अनुशासन के साथ देश के निर्माण के लिए काम करेगा।जो लोग इस देश के युवाओं को नगेटिव पॉलिटिक्स के लिए ले जाना चाहते हैं, मैं उनको चेतावनी देता हूं कि भारत का युवा पॉजिटिव पॉलिटिक्स करेगा। हम लोकतंत्र के आधार पर निश्चित रूप से विरोध करेंगे, लेकिन लोकतंत्र के मापदंड को खत्म नहीं होने देंगे।कुछ लोग विदेश में बैठकर ये सोच लेते हैं कि हम भारत के युवाओं को दिशा दे देंगे। भारत का युवा किसान के साथ चौपाल में रहता है, कोचिंग इंस्टीट्यूट में रहता है, कॉलेज कैंपस में रहता है। लेकिन भारत का युवा दिल्ली में बैठे कुछ लोगों की मुट्ठी की कठपुतली बनकर आगे नहीं बढ़ने वाला। श्री नवीन ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाना मोदी सरकार का सपना है। देश के सभी वर्ग को अपने हिस्से का सहयोग करना होगा तभी यह सपना साकार हो पाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की स्थिति आजाद होने के बाद और 2014 के बाद में अंतर साफ साफ देखा जा सकता है। जब देश मे 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब देश के प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह सरकार देश के हर गरीब,हर किसान,शोषित,वंचित,दलित आदिवासी सबके लिए कार्य करेगी। प्रधानमंत्री ने जो कहा था आज देश के हर वर्ग हर समाज और सभी धर्मो के घर घर दस्तक देकर केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। श्री साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है और यही सही समय है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, डॉ एच पी नारायण, पूर्णमल जैन, चंदन मिश्रा आदि मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व पत्रकार चंदन मिश्रा ने किया। वहीं इस संवाद कार्यक्रम में प्रभाकर त्रिपाठी,पंकज रॉय, डॉ. सविता सेंगर, गोपाल पाठक, अजय कुमार मिश्रा, पूजा साहू, प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, आदित्य विक्रम वर्मा, डिम्पी हल्दर, वंदना कुमारी, रेणुका तिवारी, जय प्रकाश शर्मा, डॉ. भूपेन्द्र सिह, शौर्य द्विवेदी, अधिवक्ता राजेश कुमार, डॉ. बैद्यनाथ कुमार, दिनेश चंद्र मिश्रा, हरे राम मिश्र, पीयूष टोडी, मोनिका सिन्हा, प्रो. डॉ. बिजय सिह, रामकुमार सिन्हा, डॉ. हरेन्द्र सिन्हा सहित सैकड़ों प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जूनियर डाक्टरों की हड़ताल से चरमरायी व्यवस्था

## मरीजों और परिजनों की लगी लंबी कतार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** मगध प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान अनुग्रह मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शनिवार को जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन का सीधा असर मरीजों पर देखने को मिला। हॉस्टल, मेस और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर डॉक्टरों ने विभिन्न विभागों की ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया, जिससे इलाज के लिए पहुंचे सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके परिजनों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आए कई मरीज घंटों तक डॉक्टरों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन ओपीडी सेवाएं बाधित रहने के कारण उन्हें बिना उपचार कराए वापस लौटना पड़ा। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बार-बार अस्पताल आना आसान नहीं होता।

जूनियर डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल में लंबे समय से एयर कंडीशनिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। भीषण गर्मी के बीच ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर में काम करना कठिन हो गया था। विरोध के बाद प्रशासन ने एसी की व्यवस्था तो कर दी, लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि उनकी कई अन्य मांगें अब भी लंबित हैं।

डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि प्रथम वर्ष के कई छात्र-छात्राओं को अब तक हॉस्टल आवंटित नहीं किया गया है। ऐसे में उन्हें निजी मकानों में रहकर पढ़ाई और प्रशिक्षण करना पड़ रहा है। इसके अलावा पुराने हॉस्टल भवनों की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। उनका कहना है कि भवनों की मरम्मत और नई आवासीय सुविधाओं की तत्काल आवश्यकता है। प्रशासन और डॉक्टरों के बीच बातचीत जारी




अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि जूनियर डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार बातचीत कर रहा है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लता शुक्ला द्विवेदी के साथ भी इस संबंध में चर्चा जारी है। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि जल्द ही सभी मुद्दों का समाधान निकाल लिया जाएगा और स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएंगी।

## मुजफ्फरपुर कांड में एक और मौत

**मुजफ्फरपुर।** ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद अस्पताल में हुए भीषण अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक और मरीज की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान करजा थाना क्षेत्र के चैनपुर पररी गांव निवासी 60 वर्षीय अंजनी कुमार सिंह के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, अग्निकांड के बाद अंजनी कुमार सिंह को गंभीर हालत में बेहतर उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी हुई थी। शनिवार को उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों ने घटना को अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

प्रसाद अस्पताल में आग लगने की घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया था।

# निर्दलीय ने पर्चा खरीदकर बढ़ायी राजनीतिक हलचल

## झारखण्ड में राज्य सभा की दो सीटों का होना है चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने वाला चुनाव अब और भी दिलचस्प होता जा रहा है। उद्योगपति और पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर ली है। शनिवार को उन्होंने नामांकन पर्चा खरीद लिया, जिसके बाद राज्य की राजनीतिक फिजा में नई हलचल तेज हो गई है। उनकी एंट्री ने चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों की रणनीतियों पर भी असर डालना शुरू कर दिया है।

परिमल नाथवानी इससे पहले भी झारखंड का प्रतिनिधित्व राज्यसभा में कर चुके हैं और राज्य के राजनीतिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। यही कारण है कि उनके चुनाव लड़ने के फैसले को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि उन्हें कुछ दलों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन मिल सकता है।

विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के समर्थन को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि अभी तक किसी भी दल की ओर से आधिकारिक रूप से कोई घोषणा नहीं की गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि नाथवानी अपेक्षा से अधिक समर्थन जुटाने में सफल रहते हैं तो चुनाव का पूरा गणित बदल सकता है। ऐसे में कांग्रेस के उम्मीदवार प्रणव झा के लिए चुनौती बढ़ सकती है। विधानसभा में दलों की संख्या और संभावित वोटों के समीकरण को देखते हुए यह चुनाव अब पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी नजर आ रहा है।

नाथवानी की उम्मीदवारी के बाद क्रॉस वोटिंग और विधायकों की निष्ठा को लेकर भी चचाएं तेज हो गई हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले ही खरीद-फरोख्त और दल-बदल जैसी संभावनाओं को लेकर चिंता जता चुका है। चूंकि राज्यसभा चुनाव में मतदान विधायक करते हैं, इसलिए हर वोट की अहमियत बढ़ गई है। फिलहाल परिमल नाथवानी की एंट्री ने झारखंड के राज्यसभा चुनाव को रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा किया है और आने वाले दिनों में राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है।

# जिप अध्यक्ष पद के चुनाव को ले राजनीति गरमायी

## 10 जून को होना है नए अध्यक्ष का चुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिला परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले दरभंगा की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। जिला परिषद सदस्य हबीबुल्लाह हाशमी पर हमले और एक अन्य जिला पार्षद को जबरन ले जाने के आरोपों ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है और पूरे मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, लहेरियासराय थाना क्षेत्र के न्यू खाजासराय मोहल्ले में हबीबुल्लाह हाशमी की गाड़ी को आगे-पीछे वाहन लगाकर रोक लिया गया। आरोप है कि इसके बाद उनके चालक के साथ मारपीट की गई। हबीबुल्लाह हाशमी को भी गाड़ी से खींचकर बाहर निकाला गया और उन पर हमला किया गया। इस हमले में उनके सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। चालक के भी घायल होने की बात सामने आई है। घटना के दौरान बहेड़ी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य डॉ. सुभान को भी जबरन वाहन से उतारकर अज्ञात स्थान पर ले जाने का आरोप लगाया गया। इससे जिला परिषद की राजनीति में हड़कंप मच गया। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. सुभान को सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद स्थिति कुछ हद तक सामान्य हुई, लेकिन अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक तनाव खुलकर सामने आ गया है।

दरअसल, जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी के खिलाफ रेणु देवी ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सीता देवी को अध्यक्ष पद गंवाना पड़ा। अब 10 जून को जिला परिषद की विशेष बैठक में नए अध्यक्ष का चुनाव होना है।

चुनाव को लेकर रेणु देवी और सीता देवी दोनों ही अपने-अपने पक्ष में जिला पार्षदों का समर्थन जुटाने में लगी हुई हैं। ऐसे में इस घटना ने राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ा दी है।

## पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके घरों पर इश्तेहार चिपकाया है। नगर सभापति राजकुमार गुड्डू और कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या के मामले में नामजद आरोपित उपसभापति नीलम देवी तथा उनके दो पुत्र मनीष कुमार और अंकित कुमार हत्याकांड के बाद से ही फरार चल रहे हैं। न्यायालय के निर्देश पर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बायपास रोड स्थित उनके आवास पर ढोल-नगाड़े के साथ पहुंचकर इश्तेहार चिपकाया। गौरतलब है कि 28 अप्रैल की शाम नगर परिषद कार्यालय परिसर में हुई गोलीबारी में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल नगर सभापति राजकुमार गुड्डू ने इलाज के दौरान पटना के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित रामधनी यादव को एनकाउंटर में मार गिराया था।

# फर्जी फाइनेंस कंपनी ने महिलाओं को लगाया करोड़ों का चूना

## महिलाओं ने लगायी न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले में ठगों ने लोगों को शिकार बनाने का नया और सनसनीखेज तरीका अपनाया है। सदर थाना क्षेत्र में सहायता माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्जी कंपनी खोलकर दर्जनों महिलाओं से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शातिरों ने महज पांच दिनों के भीतर बड़ा लोन दिलाने का लालच देकर महिलाओं से रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर पैसे वसूले और फिर दफ्तर बंद कर फरार हो गए। ठगी की शिकार महिलाओं ने अब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि कंपनी के संचालकों ने दावा किया था कि केवल 5,000 रुपये जमा करने पर अगले ही दिन उनके बैंक खाते में 1 लाख 60 हजार रुपये का लोन भेज दिया जाएगा। आरोप है कि कंपनी का प्रोपराइटर राहुल रंजन सिंह अपने साथियों सोनू और सुधांशु के साथ महिलाओं के घर-घर पहुंचा और उन्हें आसान शर्तों पर लोन दिलाने का भरोसा दिया। बड़ी राशि मिलने की उम्मीद में कई महिलाओं ने अपनी जमा पूंजी उन्हें सौंप दी।


लोन के नाम पर ठगी का शिकार बनी महिलाओं में कल्याणी कुमारी, सुकनी देवी, ममता कुमारी, टुनटुन देवी, रीनू देवी और चंद्रकला देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। महिलाओं का कहना है कि उन्हें विश्वास दिलाया गया था कि प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद उनके खाते में लोन की राशि भेज दी जाएगी। इसी भरोसे में उन्होंने पैसे जमा कर दिए।

जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी राहुल रंजन सिंह ने 28 मई को गुलाबबाग जीरो माइल स्थित कब्रिस्तान टोला में एक कमरा किराये पर लेकर कार्यालय शुरू किया था। मकान मालिक मो. मोईन अख्तर ने बताया कि आरोपी ने किराये के लिए पैन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज भी उपलब्ध कराए थे। इसके बाद 2 जून को कार्यालय का उद्घाटन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

मकान मालिक के अनुसार आरोपी ने सुरक्षा राशि के रूप में एक लाख रुपये देने का वादा किया था और कहा था कि वह रकम बेगूसराय स्थित अपने घर से लाकर देगा। लेकिन उद्घाटन के मात्र दो दिन बाद ही राहुल रंजन सिंह और उसके सभी साथी दफ्तर में ताला लगाकर फरार हो गए। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है।

ठगी का खुलासा उस समय हुआ जब महिलाएं लोन और किश्त संबंधी जानकारी लेने के लिए कार्यालय पहुंचीं। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दफ्तर बंद है और दरवाजे पर ताला लटका हुआ है। इसके बाद महिलाओं को ठगी का एहसास हुआ और वे सीधे सदर थाना पहुंच गईं।

# बक्सर आरओबी मामले में ठेकेदार पर मुकदमा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत बक्सर रेलवे स्टेशन यार्ड में पूर्वी छोर पर नवनिर्मित रोड ओवर ब्रिज क्षतिग्रस्त होने के मामले में ठीकेदार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई गई है।

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कनीय अभियंता हरेराम राम के आवेदन के आधार पर मुफस्सिल थाने में रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना अंतर्गत बांसा के निवासी प्रमोद कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी हुई है।

इसमें पुल का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया गया है। प्रशासन की यह कार्रवाई एक दिन पहले दिए गए बयान से हटकर है।

एक दिन पहले बक्सर के जिला प्रशासन और पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने दावा किया था कि रोड ओवर ब्रिज का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। निर्माण पूरा होने से पहले ही वाहनों का आवागमन शुरू हो जाने के कारण इसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

अधिकारियों ने यह भी दावा किया था कि रेलवे द्वारा मनमाने तरीके से समपार फाटक को बंद किए जाने के कारण वाहन उचित समय से पहले रोड ओवर ब्रिज पर चलने लगे थे।

बक्सर-बरूणा रेलवे स्टेशन के बीच बक्सर-इटाढ़ी रोड स्थित समपार फाटक (लेवल क्रासिंग) संख्या 70 पर बन रहे रोड ओवर ब्रिज के दो अलग-अलग स्पेन के बीच जोड़ (एक्सपेंशन ज्वाइंट) वाला हिस्सा बीते शुक्रवार की सुबह क्षतिग्रस्त हालत में पाया गया।

हालांकि पुल निर्माण निगम के कनीय अभियंता ने पुलिस को दी गई शिकायत में इसे पुल की बजाय संपर्क पथ का हिस्सा कहा है।

इस शिकायत में कहा गया है कि उक्त आरओबी के पहुंच पथ पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा था, लेकिन संवेदक की लापरवाही के कारण एक्सपेंशन ज्वाइंट के निकट पहुंच पथ का कंक्रीट का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इससे किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना और जान-माल की भारी क्षति हो सकती थी। ठेकेदार के खिलाफ को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 290 और 326(बी) के तहत प्राथमिकी गई है।

प्राथमिकी के इस शिकायती पत्र में मौका-मुआयना या पुल को हुए नुकसान का का कोई विशिष्ट और स्पष्ट विवरण शामिल ही नहीं है।

पुल को क्षति कब पहुंची, निगम को इसकी जानकारी कब मिली और संबंधित अधिकारी ने स्थल जांच में क्या पाया, इन चीजों का कोई वर्णन दी गई शिकायत में नहीं है।

पत्र में क्षति के प्रकार और उसके सटीक दायरे (जैसे कंक्रीट कितना धंसा, दरार की लंबाई-चौड़ाई क्या है) को भी पूरी तरह गोल कर दिया गया है।

डिजाइन संबंधी दोष, सामग्री की गुणवत्ता में कमी या मानक प्रक्रिया की अनदेखी, क्षति का कारण क्या है, इस विषय पर भी प्राथमिकी में कुछ नहीं कहा गया है। ऐसे में पुलिस को प्राथमिकी में शामिल किए गए आरोप साबित करने के लिए किसी विशेषज्ञ की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ सकता है।

# मक्के की फसल पर लगे कीड़े, बढ़ी किसानों की टेंशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** चानन प्रखंड के कई गांवों में इस वर्ष किसानों ने बड़े पैमाने पर मक्के की खेती की है, लेकिन फसल पर बढ़ते कीट प्रकोप ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। विशेषकर देर से बोई गई मक्के की फसल में कजरा पिल्लू नामक कीट का हमला तेजी से फैल रहा है। यह कीट पौधों के तने को काटकर उन्हें नष्ट कर रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि खेत में 10 से 20 प्रतिशत पौधे भी नष्ट हो गए तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा।

पौधों की संख्या कम होने से भुट्टों की संख्या घटेगी और उपज में कमी आएगी। मौसम की अनिश्चितता को भी किसान इस समस्या का प्रमुख कारण मान रहे हैं। कभी तेज धूप तो कभी लगातार हो रही बारिश के कारण फसल में कीटों का प्रकोप बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार, 50 दिन तक की अवस्था वाली मक्के की फसल पर इस कीट का प्रभाव अधिक देखा जा रहा है। कई किसानों ने कीटनाशकों का छिड़काव भी किया, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ गई है।

किसानों का आरोप है कि कुछ खाद एवं कृषि दवा विक्रेता उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर मनमाने कीटनाशक बेच रहे हैं, जिन्हें प्रभावी बताकर दिया जाता है, लेकिन उनका कीटों पर कोई असर नहीं पड़ता।

भलुई गांव के किसान कपिलदेव यादव, बनारसी महतो और गोविंद महतो ने बताया कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। बीज, खाद, सिंचाई और दवाओं पर भारी खर्च के बाद अब कीट प्रकोप ने किसानों की कमर तोड़ दी है। ऐसे में अधिकांश किसान अतिरिक्त पूंजी लगाने की स्थिति में नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि प्रखंड के भलुई, बसुआचक, संग्रामपुर, मलिया, रामपुर, नगरदार, रेवटा और महुलिया समेत कई गांवों में करीब 500 एकड़ भूमि पर मक्के की खेती की गई है। यदि समय रहते कीट नियंत्रण नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# बदमाशों ने खड़ी बाइक में लगायी आग

## एक ही परिवार के सात झुलसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नगर शोभी टोला वार्ड नंबर-एक में देर रात शरारती तत्वों द्वारा घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा देने से बड़ा हादसा हो गया।

आग बुझाने के दौरान बाइक की तेल टंकी फट गई, जिससे एक ही परिवार के दंपती समेत सात लोग झुलस गए। सभी घायलों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

घायलों में 45 वर्षीय रविंद्र सिंह, उनकी 40 वर्षीया पत्नी धर्मशिला देवी, 14 वर्षीया पुत्री अंशु कुमारी, 75 वर्षीय मां चांदमुनी देवी, 53 वर्षीय भाई वीरेंद्र यादव, 26 वर्षीय भतीजा रविशंकर यादव तथा 12 वर्षीय भतीजा आशीष कुमार शामिल हैं। सभी शाहपुर नगर शोभी टोला के निवासी बताए जाते हैं।

घटना के संबंध में झुलसे रविशंकर यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात रोज की तरह वह अपनी होंडा बाइक घर के बाहर खड़ी कर परिवार के साथ छत पर सोने चले गए थे। देर रात्रि में अचानक बाइक में आग लग गई। धुआं और लपटें देखकर परिवार के लोगों की नींद खुली। इसके बाद सभी लोग नीचे उतरकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

इसी दौरान बाइक की तेल टंकी तेज धमाके के साथ ब्लास्ट कर गई, जिससे आसपास मौजूद सभी लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए। आनन-फानन में स्वजन सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

रविशंकर यादव ने आरोप लगाया है कि दुश्मनी के कारण शरारती तत्वों ने जानबूझकर बाइक में आग लगाई है। हालांकि आग लगाने वाले लोगों की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## खिचड़ी खाने से एक ही परिवार के चार बीमार

**मुंगेर।** लखीसराय जिले के मेदनीचौकी थाना क्षेत्र स्थित किरणपुर गांव के रहने वाले एक ही परिवार के चार सदस्य फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए।

सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक की निगरानी में सभी का उपचार चल रहा है। बीमारों में पति-पत्नी और उनके दो पुत्र शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम भोजन में खिचड़ी बनी थी। जिसे परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ बैठ कर खाया। खाना खाने के करीब आधे घंटे बाद सभी को उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी महसूस होने लगी। इसके बाद सबकी हालत बिगड़ने लगी। जिससे स्वजन में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए उमेश यादव, उनकी पत्नी नीलम देवी तथा उनके दो पुत्र बलराम और छोटू को मुंगेर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। डॉ. आशीष ने बताया कि शुरूआती जांच में सभी लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार पाए गए हैं। मरीजों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# भर्ती मरीज से नगदी सहित जेवरात की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** कासिम बाजार थाना क्षेत्र स्थित बैजनाथ सिनेमा के समीप एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला मरीज के पर्स से नकदी और जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार जमालपुर के बड़ी पाड़ा निवासी शुभम कुमार ने अपनी पत्नी कोमल कुमारी को पित्ताशय (गाल ब्लाडर) के ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुभम कुमार और उनकी पत्नी दोनों जमालपुर रेलवे वर्कशाप में वरिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

शुक्रवार को कोमल कुमारी का सफल ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद उन्हें अस्पताल के वार्ड में भर्ती रखा गया था। परिजनों के अनुसार शनिवार की सुबह करीब पांच बजे उनके साथ मौजूद एक महिला स्वजन शौचालय गई थीं।

इसी दौरान वार्ड में रखे पर्स पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। स्वजन ने बताया कि पर्स में 50 हजार रुपये नकद और करीब साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के जेवरात रखे हुए थे। जब महिला स्वजन वापस लौटीं तो पर्स गायब था। इसके बाद परिजनों ने वार्ड और अस्पताल परिसर में खोजबीन शुरू की।

काफी तलाश के बाद अस्पताल की छत के ऊपरी तल पर खाली पर्स बरामद हुआ। एक सफाईकर्मी की नजर पर्स पर पड़ी, जिसके बाद उसने इसकी सूचना स्वजन को दी। पर्स मिलने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि उसमें रखे नकद और जेवरात चोरी हो चुके हैं।

## बॉर्डर पर भंसार का बदला नियम

**अररिया।** इंडो-नेपाल सीमा से अब बिना भंसार (सीमा शुल्क ) 500 सौ रुपए तक के सामान ले जाने तक की छूट दी गई है। नेपाल सरकार ने भारत-नेपाल सीमा पर भंसार (सीमा शुल्क) 100 रुपये नेपाली (62.50 रुपये भारतीय) से बढ़ाकर 500 रुपये नेपाली (312 रुपये भारतीय) कर दिया है। अब 500 रुपये तक की दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने पर सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इससे छोटे व्यापारियों, मजदूरों, किसानों और आम उपभोक्ताओं की आवाजाही तथा खरीदारी आसान होगी। सीमा पर छोटी खरीदारी को लेकर होने वाली औपचारिकताएं और विवाद भी कम होंगे। इस निर्णय से सीमावर्ती बाजारों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

साथ ही दोनों देशों के बीच स्थानीय स्तर पर आर्थिक और सामाजिक संबंध भी मजबूत होंगे। जानकारी के अनुसार आदेश बुधवार से प्रभावी हो गया है। जिसमें नेपाल के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार अब स्थल मार्ग से सीमा पार करने वाले यात्री 500 नेपाली रुपये तक मूल्य की निजी उपयोग की वस्तुएं बिना भंसार शुल्क के नेपाल ले जा सकेंगे।

# ट्रंप पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को एटीएस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जहानाबाद। इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणियां करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है।

सदर थाना क्षेत्र के गड़ेरिया खंड मोहल्ला निवासी मोहम्मद सेराज को गिरफ्तार किया गया है। उस पर इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि मोहम्मद सेराज द्वारा की गई पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने कार्रवाई शुरू की।

मामले की जांच के लिए पटना से एटीएस की टीम जहानाबाद पहुंची। जांच के दौरान साइबर थाने में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की कार्रवाई के लिए टीम उसे अपने साथ ले गई।



गौरतलब है कि हाल के दिनों में जिले में इस तरह की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले मखदुमपुर क्षेत्र के एक युवक को इंटरनेट मीडिया पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद यह दूसरी बड़ी कार्रवाई इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट मामले को लेकर हुई है। फिलहाल यह गिरफ्तारी इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुलिस ने 15 देसी शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

## 30 हजार लीटर कच्चा महुआ नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निदेर्शानुसार रुस्तमपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुकुमारपुर दियारा नदी किनारे जंगलों में संचालित 15 देशी शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने करीब 30 हजार लीटर कच्चा जावा नष्ट किया और शराब बनाने वाले उपकरणों को आग लगाकर जला दिया। पुलिस ने मौके से प्लास्टिक ड्रम, टिन का ड्रम और अन्य सामान भी नष्ट कर दिया। हालांकि पुलिस को आता देख शराब तस्कर फरार हो गए, जिसके कारण मौके से किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। यह जानकारी रुस्तमपुर थाना अध्यक्ष कुमार अभिषेक ने दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि रुस्तमपुर थाना पुलिस अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सुकुमारपुर दियारा स्थित जंगलों में 15 भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। पुलिस ने लगातार अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर भट्ठियां ध्वस्त की हैं और हजारों लीटर कच्चा जावा नष्ट किया है।

राघोपुर अंचल क्षेत्र में शराब माफिया के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गौरतलब है कि राघोपुर



पश्चिमी पूर्व गंगा नदी किनारे जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र, राघोपुर थाना के मोकरमपुर दियारा, मीरमपुर दियारा, रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के परोहा, कमोर्पुर, जफराबाद टोंक दियारा और सुकुमारपुर दियारा सहित गंगा नदी किनारे जंगल झाड़ियों में सैकड़ों देशी शराब की भट्ठियां संचालित की जा रही हैं। प्रतिदिन हजारों लीटर देसी शराब तैयार कर राघोपुर सहित अन्य जगहों पर सप्लाई की जा रही है। लोगों का आरोप है कि पुलिस और तस्कर तथा भट्ठी संचालकों का गठजोड़ इतना मजबूत है कि छापेमारी की सूचना तस्करों को पहले मिल जाती है और वे फरार हो जाते हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर भट्ठी ध्वस्त कर वापस आ जाती है। इसके बावजूद तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

# एलसी-70ए आरओबी की संरचना पूर्णतः सुरक्षित

## तकनीकी जांच एवं मरम्मत कार्य जारी : इं. कुमार शैलेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री ई. कुमार शैलेन्द्र ने बताया कि बक्सर-बरौनी रेलखंड स्थित एलसी-70ए पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) अभी निर्माणाधीन है। परियोजना का निर्माण कार्य एवं कमीशनिंग अभी पूर्ण नहीं हुई थी। निर्माण के दौरान एक्सपेंशन जॉइंट के समीप आंशिक क्षति एवं धंसाव की स्थिति उत्पन्न हुई है जिसका कोई प्रतिकूल प्रभाव आरओबी की मुख्य संरचना पर नहीं है। संरचना पूर्णतः सुरक्षित है। मंत्री ई. शैलेन्द्र ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान एक्सपेंशन जॉइंट के समीप कंक्रीट के एक भाग में क्षति उत्पन्न हो गई थी जिसके कारण उस स्थान पर आंशिक धंसाव की स्थिति बनी। तकनीकी विशेषज्ञों के परीक्षण एवं निरीक्षण में पाया गया है कि उक्त घटना का आरओबी की मुख्य संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है और संरचना पूर्णतः सुरक्षित है। समयपूर्व यातायात संचालन के परिणामस्वरूप एक्सपेंशन जॉइंट के समीप अतिरिक्त धंसाव उत्पन्न हो गया। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही तकनीकी विशेषज्ञों एवं संबंधित अभियंताओं ने तत्काल स्थल निरीक्षण किया और सुरक्षा के दृष्टि से आवश्यक कदम उठाए गए। तकनीकी मानकों के अनुसार क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत एवं उपचार के उपरांत संरचना को आवश्यक मजबूती प्रदान करने के लिए पर्याप्त सेटिंग एवं क्योरिंग अवधि देना आवश्यक था, लेकिन उक्त अवधि पूर्ण होने से पूर्व ही रेलवे प्रशासन ने लेवल क्रॉसिंग पर यातायात बंद कर निर्माणाधीन आरओबी से यातायात संचालन प्रारंभ कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रेलवे प्रशासन की ओर से निर्माणाधीन आरओबी पर यातायात संचालन स्थगित कर दिया गया है। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुनः लेवल क्रॉसिंग (एलसी) को यातायात के लिए खोल दिया गया है। क्षतिग्रस्त भाग की विस्तृत तकनीकी जांच और आवश्यक मरम्मत कार्य संबंधित एजेंसियां युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। संरचना की पूर्ण सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप संतोषजनक स्थिति सुनिश्चित होने के उपरांत ही आगे की कार्रवाई और यातायात संचालन के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। इं. शैलेन्द्र ने बताया कि उक्त परियोजना से जुड़े तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है और अन्य संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। पथ निर्माण विभाग आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। साथ ही परियोजना की गुणवत्ता एवं संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज गया-कोडरमा-हजारीबाग टाउन-अरगडा-पतरातू-गढ़वा रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली, पथ-रचना तथा ट्रैक की संरक्षा एवं मजबूती का अवलोकन किया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा ग्रैंड कॉर्ड (जीसी) लाइन के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन के मध्य टनल संख्या 01 का विशेष रूप से गहन निरीक्षण किया गया। इस घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक के परिचालन प्रारंभ करने के उद्देश्य से इस टनल का रीडिजाइन और डाइमेंशन बढ़ाने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जा रहा है। पिछले महीने ही महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में डाउन लाइन में खाली बीओबीआर रेक के परिचालन के ट्रायल का निरीक्षण किया गया था। अब इस सेक्शन के अप लाइन में बीओबीआर रेक के परिचालन के उद्देश्य से इस टनल के डाइमेंशन बढ़ाने के कार्य चल रहा है जिसका आज महाप्रबंधक द्वारा गहन निरीक्षण किया गया। गुरूपा-गझंडी घाट सेक्शन में बीओबीआर रेक ऑपरेशन शुरू करने से बाढ़, बरौनी एन.टी.पी.सी प्लांट्स के लिए वैगन टर्नराउंड में सुधार होगा। इससे वैगन टर्न राउंड में काफी कमी आएगी और रेक की उपलब्धता बढ़ जाने से ज्यादा लोडिंग संभव हो पाएगा। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ मुकेश कुमार ओझा ने की एक पौधा लगाने की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण बिहार प्रांत के महामंत्री डॉ मुकेश कुमार ओझा के संयोजकत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवाजी पार्क कंकड़बाग में 16 नये गमला में मिट्टी भरकर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर मंच के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवाकांत तिवारी की उपस्थिति मुख्य रूप से रही। कार्यक्रम में प्रो. संतोष कुमार शर्मा, शिव भवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह, रुद्र जी, राजीव कुमार सिंह, रंजन कुमार ओझा, संजय कुमार, अनिल कुमार सहित अन्य सहयोगी भी उपस्थित रहे। डॉ मुकेश कुमार ओझा ने भारत के सभी लोगों से एक पौधा लगाने की अपील की।

## सारा हॉस्पिटल पहुंचे मंत्री निशांत कुमार ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जमकर की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी के हनुमाननगर स्थित सारा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शनिवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहुंचे। इस अवसर पर हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने उन्हें अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन करते हुए अस्पताल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सारा हॉस्पिटल जैसी संस्थाएं इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने हॉस्पिटल द्वारा आयुष्मान भारत के तहत



12 विशेष विभागों की शुरुआत पर खुशी जताई। वहीं हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का हमारे अस्पताल में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनके आने से हमारा हौसला और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर मिलता है। इसी के तहत 12 विशेष विभागों की सेवाएं शुरू की गई है जिससे मरीजों को कैशलेश और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सारा हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा, ईएनटी, न्यूरोसर्जरी, ऑर्थोपेडिक एवं पॉलीट्रॉमा, यूरोलॉजी, नियोनेटल केयर पैकेज, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न तथा आपातकालीन डे-केयर जैसी सुविधाएं शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार के आयुष्मान कार्डधारक मरीजों को एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है।

## जेपी ने गांधी मैदान में ही किया था संपूर्ण क्रांति का आगाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सम्पूर्ण क्रान्ति दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में जेपी सेनानियों के स्तर से जेपी गोलम्बर के पास विशाल सभा का आयोजन हुआ। इसमें जेपी सेनानी के नेता राम प्रवेश सिंह की अध्यक्षता में आठ सूत्री मांग को रखा गया। विशाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री सह नेता विधायक दल जनता दल (यू) श्रवण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 5 जून 1974 को लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के गांधी मैदान में ''सम्पूर्ण क्रान्ति'' का आह्वान किया था। यह आन्दोलन सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का आन्दोलन था। इस समय देश में बढ़ते भ्रष्टाचार, कुशासन और तानाशाही प्रवृतियों के विरुद्ध जेपी सेनानियों ने संघर्ष का विगुल फूंका था। मंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी के तानाशाही और दमनकारी नीतियों के खिलाफ लाखों युवाओं, छात्रों और समाजवादियों ने खून-पसीना बहाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण एवं गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हमारी गौरैया और एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पटना में विलुप्त होते देशी फलदार पौधों का पौधारोपण एवं गौरैया संरक्षण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा आज पटना कॉलेज, कॉलेज ऑफ कॉमर्स आर्ट्स एंड साइंस कैंपस और पटना विश्वविद्यालय कैंपस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा पटना के गांधी घाट पर गौरैया संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत राजकीय पक्षी गौरैया के संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि आज के समय में देसी फलदार वृक्ष



तेजी से कम होते जा रहे हैं शहतूत, बड़हर जलेबी जैसे फल आज पूरे पटना के बाजार से गायब हो चुके हैं। इसे वापस लाने के लिए टीम के द्वारा इस वर्ष 1000 शहतूत, जलेबी, बड़हर और इमली जैसे देशी फलदार पौधों लगने का आज से मुहिम शुरू किया गया है। इसके अलावे टीम द्वारा राजकीय पक्षी गौरैया संरक्षण के लिए लगातार मुहिम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में शानू कुमार राज, अदिति रॉय, भूमिका, निश्चल, मासूम, रजनीश, संजन, राजकुमार, निधि, रोजी, विनीता आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे डॉ. आनन्द रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा/वैशाली।** निर्मल इंडिया न्यूज द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'प्रतिभा सम्मान 2026' समारोह में शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. आनन्द रंजन झा मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के माध्यम से दी गई है। 7 जून (रविवार) को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीबीएसई, आईसीएसई एवं बिहार बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करना है। साथ ही इन विद्यार्थियों के संस्थान प्रमुखों एवं विद्यालय प्रबंधकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित



किया जाएगा। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के निदेशक एवं शिक्षा तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. आनन्द रंजन झा जो इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हैं जो समारोह को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा, समर्पण और कठिन परिश्रम के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनकी उपस्थिति युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करेगी तथा कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाएगी।

## स्कूलनेट टीम ने कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा/वैशाली।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण संस्थान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा का स्कूलनेट टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने संस्थान की कम्प्यूटर प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा संस्थान के समग्र संचालन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संस्थान प्रबंधन ने प्रशिक्षण गतिविधियों के सुचारु संचालन में आ रही विभिन्न व्यावहारिक एवं संचालन संबंधी समस्याओं को टीम के समक्ष रखा। स्कूलनेट टीम ने सभी समस्याओं को गंभीरता एवं धैर्यपूर्वक सुना तथा आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और यथाशीघ्र उनका निराकरण किया जाएगा। टीम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से भी संवाद किया तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण




कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने के महत्व पर बल दिया। संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए टीम ने स्वीकार किया कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी निरंतर कौशल विकास के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने स्कूलनेट टीम के सहयोगात्मक दृष्टिकोण एवं संस्थान की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन व्यावहारिक समस्याओं का शीघ्र समाधान प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करेगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने पुनः अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने तथा कुशल, आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर युवाओं के निर्माण में अपना योगदान निरंतर देती रहेगी।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर कृष्णा अल्लावरु और अध्यक्ष राजेश राम ने की समीक्षा बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को संगठन सृजन अभियान को लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के साथ जिलाध्यक्षों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाबत प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से संगठन को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूती देने की प्रक्रिया के तहत यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिलाध्यक्षों के प्रदर्शन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई और संगठन सृजन अभियान में कार्यक्रम के समन्वयन को लेकर भी सुझाव और समस्याओं के निवारण को लेकर जिलाध्यक्षों के विचार भी सुने गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि विस्तृत तौर पर प्रत्येक जिले की समीक्षा की गई और जिला अध्यक्षों से संगठन सृजन अभियान को गति देने में आवश्यक सुझाव लिया गया। इस दौरान सभी के वक्तव्यों को सुना भी गया और इस अभियान को जल्द से जल्द पूरा कर सांगठनिक पदों की घोषणा करने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि संगठन के मजबूती के लिए संगठन सृजन अभियान को लेकर जिलाध्यक्षों के साथ इस बैठक में आपूर्ति की आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी जिलाध्यक्षों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें मजबूती से जिलों में कांग्रेस से आम जनों को जोड़ने की बात को दोहराया।

## पटना में आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के उमा सिनेमा के समीप स्थित आरोग्यम वेलनेस सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जदयू के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं रोहित त्रिवेदी (डायरेक्टर) और गोलोक नाथ बिस्वास विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक एवं आरोग्यम वेलनेस सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्राप्त की। इस अवसर पर एमएलसी संजय सिंह ने कहा कि समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। आरोग्यम वेलनेस सेंटर का यह प्रयास लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



उन्होंने केंद्र की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज के स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। वहीं डायरेक्टर रोहित त्रिवेदी ने कहा कि आरोग्यम वेलनेस सेंटर का उद्देश्य लोगों को आधुनिक एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ बेहतर उपचार एवं परामर्श की सुविधा भी दी जाएगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजक एवं सेंटर के संचालक संदीप नारायण लाल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी जनहित में स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## एनसीसी भवन में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा महावीर कैंसर संस्थान, पटना के सहयोग से एक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप एवं मेगा हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर राजेंद्र नगर स्थित एनसीसी भवन में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा दी गई महावीर कैंसर संस्थान की अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन के माध्यम से कैंसर जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। संस्थान के अनुभवी चिकित्सकों एवं तकनीशियनों की टीम ने उपस्थित




लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किए। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की पूर्व अध्यक्ष सोनल जैन ने बताया कि कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी उद्देश्य को लेकर इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सके। क्लब के पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन ने इस अवसर पर एनसीसी के सभी बच्चों, चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं और एनसीसी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। महावीर कैंसर संस्थान की सीनियर कंसलटेंट डॉ. अंजिली कुमारी ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित जांच कराने तथा बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने किया दो हजार पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने देशभर में अपने सभी शोरूम्स के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक ही दिन में 2000 से अधिक पौधों का रोपण किया। इस विशेष अभियान के तहत कंपनी ने अपने ग्राहकों को भी पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए, ताकि अधिक से अधिक लोग हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के इस अभियान से जुड़ सकें। इस अवसर पर किसना के सभी शोरूम्स में ग्राहकों के लिए निःशुल्क ज्वेलरी क्लीनिंग सेवा तथा पुराने सोने की शुद्धता जांच और सही मूल्यांकन की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।




ग्राहकों ने इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक, हरि कृष्णा ग्रुप ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। किसना हमेशा व्यापार के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों को भी प्राथमिकता देता रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में 2000 से अधिक पौधों का रोपण और ग्राहकों को पौधे वितरित करने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है।

## पटना में 13 जून को जुटेगा नाई समाज, अधिकार और भागीदारी को लेकर होगा शक्ति प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नाई (ठाकुर) समाज की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर आगामी 13 जून 2026 को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का समय पूर्वाहन 11 बजे निर्धारित किया गया है जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में नाई समाज के लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नाई (ठाकुर) समाज को एकजुट कर केंद्र एवं राज्य सरकार के समक्ष अपनी भागीदारी और सामाजिक शक्ति का प्रदर्शन करना है। आयोजकों ने बताया कि समाज लंबे समय से राष्ट्रीय केश कला बोर्ड तथा आयोग के गठन की मांग कर रहा है। इसके लिए भारत सरकार से कानून बनाकर इस व्यवस्था को लागू करने की मांग उठाई जाएगी। आयोजकों का कहना है कि सम्मेलन में पारित प्रस्तावों और मांगों को बिहार सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर ठोस पहल हो सके। बैठक में कर्पूरी विकास मंच एवं नाई समाज के अध्यक्ष रामप्रवेश ठाकुर ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर कर्पूरी विकास मंच के कोषाध्यक्ष उदय ठाकुर, प्रीति शर्मा, विजय ठाकुर, मंटू ठाकुर, दयानंद ठाकुर, चंद्रदीप ठाकुर तथा नंदवंशी सेवा संगठन के अध्यक्ष चंदन भाई नंदवंशी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने पैनल अधिवक्ताओं के सूचीबद्धीकरण को दी स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने उच्च न्यायालय, पटना में पर्षद के वैध हितों की प्रभावी पैरवी एवं न्यायालयी कार्यों के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए अधिकृत पैनल अधिवक्ताओं के सूचीबद्धीकरण को स्वीकृति प्रदान की है। पर्षद द्वारा जारी आदेश के अनुसार उच्च न्यायालय में लंबित एवं भावी मामलों में प्रतिशपथ-पत्र, बयान तहरीर, तथ्य विवरणी तैयार करने तथा विधिक परामर्श उपलब्ध कराने के लिए पर्षद द्वारा निर्धारित शुल्क पर अधिवक्ता अशोक कुमार और अधिवक्ता राजन दिव्यांशु को पैनल में सूचीबद्ध किया गया है। यह स्वीकृति बिहार राज्य धार्मिक न्यास



पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नन्दन द्वारा प्रदान की गई है। पर्षद का मानना है कि अधिकृत पैनल अधिवक्ताओं की नियुक्ति से न्यायालयी मामलों के निष्पादन में गति आएगी तथा पर्षद के विधिक हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट ने बदल दी 'परिवार' की परिभाषा

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के उद्देश्य से परिवार की परिभाषा में विवाहित बेटी शामिल नहीं है।विचित्र बात है कि विवाह के बाद समाज बेटियों को परिवार से अलग मान लेता है। जबकि बेटियां माता-पिता के प्रति अपना दायित्व बखूबी निभाती हैं और जरूरत पड़ने पर उनकी देखभाल करती हैं। हालांकि प्रतिकूल परिस्थिति में वे आश्रित भी रहती हैं। ऐसे में परिवार की परिभाषा में उन्हें शामिल न करना न केवल समानता के सिद्धांत के विपरीत, बल्कि अन्यायपूर्ण भी है।गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक फैसले को रद्द करते हुए बीते मंगलवार को शीर्ष न्यायालय ने व्यवस्था दी कि बेटी को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से बाहर नहीं रखा जा सकता और परिवार की परिभाषा में उन्हें शामिल न करना मनमाना, अनुचित तथा संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य है।न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के उद्देश्य से परिवार की परिभाषा में विवाहित बेटी शामिल नहीं है।इस पर एक मृत राशन विक्रेता की बेटी ने आदेश को चुनौती दी, जिसमें अनुकंपा के आधार पर उचित मूल्य की दुकान के डीलर के रूप में नियुक्ति के उसके दावे को खारिज कर दिया गया था।इस परिप्रेक्ष्य में शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि विवाह न तो बेटी और माता-पिता के बीच बंधन को समाप्त करता है और न ही आश्रित नहीं होने का वैध आधार प्रदान करता है। दो मत नहीं कि परिवार में बेटे-बेटियों के समान अधिकार हैं। इसे स्वीकार करना होगा और बेटियों के अधिकारों का हमें विशेष ध्यान रखना होगा। अदालत का यह कहना उचित है कि निर्भरता एक तथ्यात्मक प्रश्न है। इसका निर्णायक निर्धारण नहीं किया जा सकता।निस्संदेह परिवार की परिभाषा में वैवाहिक स्थिति से ऊपर उठकर परस्पर निर्भरता को भी समझने की जरूरत है। इसे इस संदर्भ में भी देखना चाहिए कि जब एक विवाहित पुत्र परिवार का हिस्सा होता है, तो विवाहित बेटी से किस आधार पर भेदभाव किया जा सकता है? शीर्ष न्यायालय ने इसी असमानता को दूर करने का संदेश दिया है। इससे बेटियों के अधिकारों की सुरक्षा एक बार और सुनिश्चित हुई है।

**भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह संकट अधिक चिंताजनक है। यहां करोड़ों लोगों की आजीविका खेती पर निर्भर है। खेत केवल अन्न नहीं उगाते, वे गांवों की अर्थव्यवस्था, परिवारों की उम्मीदें और समाज की स्थिरता को भी जीवित रखते हैं। जब तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर पहुंच जाता है और लू के थपेड़े लगातार कई दिनों तक चलते हैं, तब सबसे पहले खेत प्रभावित होते हैं। मिट्टी की नमी समाप्त होने लगती है, फसलों का विकास रुक जाता है और उत्पादन में भारी गिरावट आने लगती है। विशेष रूप से धान जैसी फसलें अत्यधिक तापमान के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि भारत में धान की पैदावार पर बड़े खतरे की आशंका जताई गई है। भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कभी मार्च-अप्रैल तक सुहावना रहने वाला मौसम अब फरवरी के अंत से ही गर्म होने लगता है। कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लू की तीव्रता हर वर्ष बढ़ रही है।**

# सिर्फ पर्यावरण का मुद्दा नहीं, हमारी अर्थव्यवस्था और आजीविका का सवाल है गर्मी

(नृपेंद्र अभिषेक नृप)

भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कभी मार्च-अप्रैल तक सुहावना रहने वाला मौसम अब फरवरी के अंत से ही गर्म होने लगता है। कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। धरती जब सूरज के ताप से झुलसने लगे, तब केवल मौसम नहीं बदलता, जीवन का पूरा संतुलन डगमगाने लगता है। कभी जेठ की दोपहर ऋतु का स्वाभाविक स्वभाव मानी जाती थी, मगर आज वही तपती दोपहर भीषण गर्मी का पर्याय बनती जा रही है। खेतों की नमी सूख रही है, नदियों का जल सिकुड़ रहा है, पेड़ों की हरियाली पीली पड़ती जा रही है और किसानों के चेहरे पर भविष्य की चिंता की गहरी रेखाएं उभर रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट ने जिस खतरे की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है, वह केवल तापमान बढ़ने की खबर नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के सबसे महत्त्वपूर्ण आधार–कृषि और खाद्य सुरक्षा–पर मंडराता संकट है। लू चलना अब एक मौसमी घटना नहीं रही, बल्कि वह धीरे-धीरे समाज, रोजगार और मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह संकट अधिक चिंताजनक है। यहां करोड़ों लोगों की आजीविका खेती पर निर्भर है। खेत केवल अन्न नहीं उगाते, वे गांवों की अर्थव्यवस्था, परिवारों की उम्मीदें और समाज की स्थिरता को भी जीवित रखते हैं। जब तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर पहुंच जाता है और लू के थपेड़े लगातार कई दिनों तक चलते हैं, तब सबसे पहले खेत प्रभावित होते हैं। मिट्टी की नमी समाप्त होने लगती है, फसलों का विकास रुक जाता है और उत्पादन में भारी गिरावट आने लगती है। विशेष रूप से धान जैसी फसलें अत्यधिक तापमान के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि भारत में धान की पैदावार पर बड़े खतरे की आशंका जताई गई है।

भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कभी मार्च-अप्रैल तक सुहावना रहने वाला मौसम अब फरवरी के अंत से ही गर्म होने लगता है। कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लू की तीव्रता हर वर्ष बढ़ रही है। इसका सबसे गहरा असर खेती पर पड़ रहा है। गेहूं की फसल समय से पहले पकने लगती है, दाने का आकार छोटा हो जाता है और उत्पादन घट जाता है।

धान की खेती में पानी की आवश्यकता अधिक होती है, लेकिन बढ़ती गर्मी और बारिश कम होने के कारण जल संकट गहराता जा रहा है। जब खेतों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता, तब किसानों की पूरी मेहनत कुछ ही दिनों में बर्बाद हो जाती है। पहले किसान मौसम के संकेतों को देख कर खेती की योजना बना लेते थे, लेकिन अब मौसम की अनिश्चितता ने अनुभव और परंपरा दोनों को चुनौती दे दी है। यही कारण है कि खेती धीरे-धीरे जोखिम भरा व्यवसाय बनती जा रही है।



अत्यधिक गर्मी के कारण दुनिया भर में करोड़ों कार्य घंटे प्रभावित हो रहे हैं। भारत में यह स्थिति और गंभीर है, क्योंकि यहां बड़ी आबादी खुले वातावरण में काम करती है। खेतों, निर्माण स्थलों और फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जब गर्मी असहनीय हो जाती है, तब काम के घंटे घट जाते हैं और मजदूरी पर इसका असर पड़ता है। फिर इसका सीधा प्रभाव गरीब परिवारों की आय पर पड़ता है। गांवों की अर्थव्यवस्था में कृषि केवल उत्पादन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता का आधार भी है। यदि खेती लगातार नुकसान देने लगेगी, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा। किसान शहरों की ओर रोजगार की तलाश में जाएंगे, जिससे शहरी क्षेत्रों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। पहले ही महानगर भीड़, प्रदूषण और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।

ग्रामीण भारत में खेती के साथ-साथ पशुपालन आजीविका का महत्त्वपूर्ण साधन है-पशुपालन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण भारत में खेती के साथ-साथ पशुपालन आजीविका का महत्त्वपूर्ण साधन है। अत्यधिक गर्मी के कारण पशुओं में दूध उत्पादन की क्षमता कम हो जाती है। चारे और पानी की कमी से उनकी सेहत पर भी असर पड़ता है। मुर्गी पालन उद्योग भी तापमान बढ़ने से प्रभावित हो रहा है। गर्मी बढ़ने पर पक्षियों की मृत्यु दर बढ़ जाती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। फलों और सब्जियों की खेती भी इस संकट से अछूती नहीं है। अधिक तापमान के कारण फल समय से पहले पक जाते हैं और उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। सब्जियों की पैदावार घटने से बाजार में कीमतें बढ़ती हैं और महंगाई आम लोगों की रसोई तक पहुंच जाती है।

भारत में चावल उत्पादन पर मंडराता खतरा भी चिंता का विषय है। चावल केवल एक फसल नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के भोजन का आधार है। पूर्वी भारत सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र है। यदि यहां तापमान लगातार बढ़ता रहा और पानी की उपलब्धता घटती गई, तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। यह स्थिति केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश की खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती होगी। खाद्यान्न की कमी से कीमतें बढ़ेंगी, तो गरीब तबके पर बोझ बढ़ेगा और सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है।

इस संकट का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार लोग ही सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गांवों के गरीब किसान, खेतिहर मजदूर और छोटे उत्पादक पर्यावरण को सबसे कम नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी कीमत वही चुका रहे हैं। दूसरी ओर, दुनिया के विकसित देशों ने दशकों तक औद्योगिक विकास के नाम पर भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन किया। आज जब पृथ्वी गर्म हो रही है, तब उसका दुष्परिणाम विकासशील देशों को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए जलवायु न्याय की चर्चा भी अब वैश्विक मंचों पर तेज हो रही है।

कृषि नीति में अब हमें व्यापक बदलाव करने होंगे। किसानों को मौसम की सटीक जानकारी, फसल बीमा और तकनीकी सहायता उपलब्ध करानी होगी। सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली और प्राकृतिक खेती जैसे विकल्प भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने, पेड़ लगाने और प्रदूषण कम करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी, बल्कि समाज को भी अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। अत्यधिक उपभोग, संसाधनों की बर्बादी और प्रकृति के प्रति असंवेदनशीलता ने ही इस संकट को जन्म दिया है। यदि मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेगा, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और कठिन हो जाएगा।

हमें यह समझना होगा कि धरती केवल संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। खेतों की हरियाली केवल किसानों की नहीं, पूरे समाज के लिए जीवन है। यदि खेती संकट में पड़ेगी, तो शहर भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। भोजन की हर थाली खेतों से होकर गुजरती है और खेतों का भविष्य अब जलवायु परिवर्तन की आग में झुलस रहा है। यह समय केवल चिंतन का नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प का है। यदि आज भी दुनिया ने जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले वर्षों में सूखी धरती और खाली खेत कठोर वास्तविकता बन सकते हैं। इसलिए यह केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न है। धरती को बचाना अब कोई आदर्शवादी सपना नहीं, बल्कि जीवन को बचाने की अनिवार्य शर्त बन चुका है।

# आखिर कैसे रूकेंगे मालवीय नगर होटल अग्निकांड जैसे हादसे, जिम्मेदार कौन?

(कमलेश पांडे)

स्थानीय प्रशासन और नगर निकाय- अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक उपयोग और सुरक्षा उल्लंघनों की समय रहते पहचान न कर पाना भी जांच का विषय है। चूंकि स्थानीय प्रशासन और नगर निकाय से जुड़े जिम्मेदार लोग भी यदि समय रहते ही खामियां पकड़ लिए होते और स्पष्ट कार्रवाई किये होते तो राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की इतनी बदनामी नहीं होती।

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल-अग्निकांड में 21 लोगों की मृत्यु और दर्जनों के घायल होने की घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की संभावित विफलता और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली या अन्य महानगरों में हुई ऐसी ही घटनाओं से सिविल/पुलिस प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली, जिससे यह हादसा भी नियति का खेल बनकर रह गया। प्रशासन को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगे, जिससे इतनी भारी क्षति नहीं हो पाए।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भवन में केवल एक प्रवेश-निकास मार्ग था, बेसमेंट और ऊपरी मंजिलों में क्षमता से अधिक कमरे संचालित किए जा रहे थे, तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर भी सवाल उठ रहे हैं। लिहाजा यह प्रश्न मौजूं है कि आखिर इस लोमहर्षक और दर्दनाक घटना का जिम्मेदार कौन? यह ठीक है कि जांच पूरी होने से पहले अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा, लेकिन सामान्यतः ऐसी घटनाओं में जिम्मेदारी कई स्तरों पर तय होती है जो इस प्रकार से समझी जा सकती है-

पहला, होटल मालिक और अदूरदर्शी प्रबंधन- यदि बिना वैध अग्नि सुरक्षा अनुमति के संचालन हुआ। यदि निर्धारित क्षमता से अधिक कमरे या अवैध निर्माण किए गए। यदि आपातकालीन निकास, अलार्म और अग्निशमन उपकरण पर्याप्त नहीं थे। तो इसका सीधा तातपर्य है कि होटल मालिक के अदूरदर्शी प्रबंधन ने लोगों को अप्रत्याशित मुसीबत की आग में झुलसने को मजबूर कर दिया और समय पर समुचित मदद उनतक नहीं पहुंच पाई। यह जांच का विषय है और शायद इसी वजह से होटल मालिक को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में भी लिया है।

दूसरा, लाइसेंस और निरीक्षण देने वाली एजेंसियां- यदि नियमों के उल्लंघन के बावजूद संचालन जारी रहा। यदि नियमित निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित रहे, तो लाइसेंस जारी करने और निरीक्षण देने वाली एजेंसियों पर उँगली उठनी स्वाभाविक बात है, क्योंकि इनकी लापरवाही या मिलीभगत से न केवल जान-माल की भारी क्षति हुई, बल्कि केंद्र व राज्य सरकार के गुणवत्ता हीन विकास और कथित सुशासन के दावों की भी हवा निकल गई। चूंकि इस अग्निकांड के विदेशी नागरिक भी शिकार बताए जाते हैं, इसलिए विदेशों में भारत की बदनामी स्वाभाविक है और इससे दिल्ली समेत देश का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो सकता है।

तीसरा, स्थानीय प्रशासन और नगर निकाय- अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक उपयोग और सुरक्षा उल्लंघनों की समय रहते पहचान न कर पाना भी जांच का विषय है। चूंकि स्थानीय प्रशासन और नगर निकाय से जुड़े जिम्मेदार लोग भी यदि समय रहते ही खामियां पकड़ लिए होते और स्पष्ट कार्रवाई किये होते तो राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की इतनी बदनामी नहीं होती।

इसलिए यक्ष प्रश्न समुपस्थित है कि आखिर कबतक ऐसे दर्दनाक हादसे रुकेंगे और कैसे रुकेंगे? इसका जवाब निम्नतम हो सकता है-

पहला, शून्य-सहनशीलता नीति- बिना फायर एनओसी वाले होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां तत्काल बंद किए जाएं। दूसरा, डिजिटल और सार्वजनिक निरीक्षण- सभी होटलों की अग्नि सुरक्षा स्थिति ऑनलाइन सार्वजनिक हो ताकि ग्राहक भी देख सकें कि होटल सुरक्षित है या नहीं। तीसरा, बहु-निकास अनिवार्य- एक ही प्रवेश-निकास वाले भवनों को होटल या व्यावसायिक उपयोग की अनुमति न दी जाए। चौथा, आपातकालीन अभ्यास- होटल कर्मचारियों और अतिथियों के लिए नियमित फायर ड्रिल अनिवार्य हो। पांचवां, व्यक्तिगत जवाबदेही- केवल जुर्माना नहीं, बल्कि गंभीर लापरवाही साबित होने पर होटल मालिकों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई हो। छठा, नागरिक जागरूकता- होटल में ठहरते समय लोगों को भी आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्र और सुरक्षा संकेतों पर ध्यान देना चाहिए।

इस घटना से हमें व्यापक सबक मिलती है, क्योंकि यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि भारत में कई बार हादसों के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा तो होती है, लेकिन सुरक्षा संस्कृति में अपेक्षित बदलाव नहीं आता। 2019 के दिल्ली होटल अग्निकांड सहित कई बड़ी आग की घटनाओं के बाद भी वही समस्याएं–एकमात्र निकास, अवैध निर्माण, और सुरक्षा मानकों की अनदेखी–दोहराई जाती रही हैं। ऐसे में फिर यदि जांच में सुरक्षा नियमों की अनदेखी सिद्ध होती है, तो जिम्मेदारी केवल होटल मालिक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए; उन सभी संस्थाओं और अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए जिनकी निगरानी में यह व्यवस्था चल रही थी। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# भागते हैं घुसपैठिये, भगाने वाला चाहिए, चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

**सबसे तेज और निर्णायक कार्रवाई इस समय पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रही है। नई सरकार ने पहचान करो, पकड़ो और वापस भेजो नीति लागू कर पूरे प्रशासनिक ढांचे को सक्रिय कर दिया है। उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, मालदा और सिलीगुडी जैसे सीमावर्ती इलाकों में होल्डिंग सेंटर बनाये जा रहे हैं, जहां पकड़े गये घुसपैठियों को रखा जा रहा है। दक्षिण 24 परगना के कुलतली क्षेत्र से हाल ही में अठारह बांग्लादेशी पकड़े गये, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि वे दलालों की मदद से सीमा पार कर भारत में दाखिल हुए थे और पिछले कई वर्षों से ईंट भट्ठों समेत विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे थे।**

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि उत्तर 24 परगना के हकीमपुर चेक पोस्ट पर तो हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सैकड़ों बांग्लादेशी अपने देश वापसी के इंतजार में पंक्तिबद्ध दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन उनके दस्तावेज, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक पहचान की जांच कर रहा है।

भारत के सामने आज सबसे बड़ा संकट सुनियोजित जनसंख्या घुसपैठ का है। बंगाल से लेकर असम, गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों का जाल जिस तेजी से फैलाया गया, उसने राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पहली बार देश के कई राज्यों में इस समस्या के खिलाफ जिस कठोर और समन्वित अभियान की शुरुआत हुई है, उसने साफ कर दिया है कि भारत अब घुसपैठियों और उनके संरक्षकों के प्रति नरमी दिखाने के मूड में नहीं है।

सबसे तेज और निर्णायक कार्रवाई इस समय पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रही है। नई सरकार ने पहचान करो, पकड़ो और वापस भेजो नीति लागू कर पूरे प्रशासनिक ढांचे को सक्रिय कर दिया है। उत्तर 24 परगना, मुर्शिदाबाद, मालदा और सिलीगुडी जैसे सीमावर्ती इलाकों में होल्डिंग सेंटर बनाये जा रहे हैं, जहां पकड़े गये घुसपैठियों को रखा जा रहा है। दक्षिण 24 परगना के कुलतली क्षेत्र से हाल ही में अठारह बांग्लादेशी पकड़े गये, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। पूछताछ में उन्होंने खुद स्वीकार किया कि वे दलालों की मदद से सीमा पार कर भारत में दाखिल हुए थे और पिछले कई वर्षों से ईंट भट्ठों समेत विभिन्न स्थानों पर काम कर रहे थे।

हम आपको बता दें कि उत्तर 24 परगना के हकीमपुर चेक पोस्ट पर तो हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सैकड़ों बांग्लादेशी अपने देश वापसी के इंतजार में पंक्तिबद्ध दिखाई दे रहे हैं। प्रशासन उनके दस्तावेज, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक पहचान की जांच कर रहा है। बादुरिया और स्वरूपनगर के होल्डिंग सेंटरों में सैकड़ों घुसपैठियों को रखा गया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि इनमें से कई लोग बंगाल की सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे और फर्जी पहचान पत्रों के सहारे वर्षों से भारतीय व्यवस्था में घुस चुके थे। यह केवल सीमा पार करने का मामला नहीं, बल्कि भारत की प्रशासनिक संरचना में सेंध लगाने की संगठित साजिश थी।

उधर, गुजरात में चल रहा ऑपरेशन डेल्टा हंट इस बात का उदाहरण बन गया है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो तो घुसपैठ के नेटवर्क को जड़ से हिलाया जा सकता है। गुजरात पुलिस ने राज्यव्यापी अभियान चलाकर पांच सौ एक अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया और सात सौ बयासी से



अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अहमदाबाद, सूरत, भरूच और कच्छ जैसे औद्योगिक इलाकों में एक साथ छापेमारी कर पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोहों का पर्दाफाश किया। जांच में सामने आया कि अधिकतर घुसपैठिये पहले बंगाल के रास्ते भारत में दाखिल हुए और फिर दलालों की मदद से गुजरात तक पहुंचे।

गुजरात पुलिस ने दूरसंचार आंकड़ों और साइबर विश्लेषण के आधार पर छह हजार से अधिक संदिग्ध मोबाइल संपर्कों की सूची तैयार की। यह दिखाता है कि घुसपैठ अब केवल सीमा पार करने तक सीमित नहीं, बल्कि संगठित नेटवर्क, फर्जी दस्तावेज और मानव तस्करी का विशाल कारोबार बन चुका है। राज्य सरकार ने साफ कर दिया है कि केवल घुसपैठिये ही नहीं, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, रोजगार देने वाले और फर्जी कागजात तैयार करने वाले लोग भी कठोर कार्रवाई से नहीं बचेंगे।

पूर्वोत्तर भारत में यह मुद्दा और भी संवेदनशील है। असम लंबे समय से अवैध घुसपैठ का सबसे बड़ा शिकार रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने खुलकर कहा कि बांग्लादेश सीमा से लगातार हो रही घुसपैठ के खिलाफ राज्य पुश बैक नीति अपना रहा है। असम सरकार का मानना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाये गये, तो सीमावर्ती जिलों का जनसंख्या संतुलन पूरी तरह बदल सकता है। यही कारण है कि असम में घुसपैठियों की पहचान, हिरासत और वापसी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाये जा रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भी अवैध प्रवासन को लेकर भारी चिंता उभर चुकी है। वहां छात्र संगठनों और स्थानीय समूहों ने साफ कहा है कि बाहरी घुसपैठ राज्य की सांस्कृतिक पहचान और जनजातीय अधिकारों के लिए खतरा बन रही है। राज्य पहले से इनर लाइन परमिट व्यवस्था के अंतर्गत आता है, फिर भी स्थानीय समाज का मानना है कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले संदिग्ध लोगों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। अरुणाचल सरकार ने जिला स्तर पर टास्क फोर्स बनाने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में जनसंख्या बदलाव को लेकर गंभीर जांच चल रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने ऐसे गिरोहों पर छापे मारे हैं जो सीमा पार से लोगों को लाकर फर्जी आधार कार्ड और स्थानीय पहचान पत्र तैयार करते थे। ओडिशा ने भी बारह राज्य स्तरीय और उन्नीस जिला स्तरीय निरोध केंद्र बनाकर साफ कर दिया है कि अब घुसपैठ के मामलों में ढिलाई नहीं बरती जायेगी।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा है कि देश में अवैध घुसपैठ को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति लागू है। सीमा निगरानी मजबूत की जा रही है और हजारों लोग दबाव बढ़ने के बाद स्वेच्छा से वापस लौट रहे हैं। देखा जाये तो यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की निर्णायक लड़ाई है।

बहरहाल, स्पष्ट है कि बंगाल और पूर्वोत्तर में दशकों से पनपी घुसपैठ की समस्या विस्फोटक रूप ले चुकी थी। लेकिन अब देश का माहौल बदल रहा है। गुजरात का ऑपरेशन, बंगाल की सख्ती, असम का अभियान और पूर्वोत्तर राज्यों की चेतावनी इस बात का संकेत हैं कि भारत अब अपनी सीमाओं, अपनी पहचान और अपनी सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शने वाला नहीं। घुसपैठियों के खिलाफ चल रहा यह राष्ट्रव्यापी अभियान केवल कानून व्यवस्था की कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और सांस्कृतिक अस्तित्व की रक्षा का निर्णायक संघर्ष बन चुका है। (यह लेखक के अपने विचार है)

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम

## पौधारोपण एवं रैली निकालकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विकास भवन परिसर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए"विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में पौधारोपण एवं रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला गंगा समिति, जिला प्रशासन, मेरा युवा भारत, वन विभाग, जिला जल एवं स्वच्छता समिति तथा नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुक करना था।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डा. विनोद कुमार एवं महापौर उषा देवी अग्रवाल उपस्थित रहे। जबकि जिला पंचायती राज पदाधिकारी योगेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक शिवेश कुमार सिंह, वरीय उपसमाहर्ता नैमिश कुमार एवं अभिषेक किशोर, जिला युवा अधिकारी नीरज कुमार झा एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी मंटू पासवान विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुए। गंगा समिति के जिला परियोजना पदाधिकारी ब्रजमोहन प्रसाद यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विकास भवन परिसर में "एक पेड़- मां के नाम" अभियान के तहत सामूहिक रूप से पौधारोपण करके किया गया।तो वहीं मौजूद अधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति व जलवायु को संतुलित बनाए रखने के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। परिसर में तिथि विशेष को लेकर विशेष रूप से स्थापित 'विश्व पर्यावरण दिवस सेल्फी प्वाइंट' कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्र बना रहा, जहां अतिथियों और युवा प्रतिभागियों ने पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए बड़े उत्साह के साथ अपनी तस्वीरें खिंचवाईं। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण जागरुकता रैली निकाली गई।जिसे प्रभारी जिला पदाधिकारी सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर विकास भवन परिसर से रवाना किया। 'मेरा युवा भारत' के कार्यालय सहायक विक्रम कुमार मंडल के नेतृत्व में निकाली गई यह रैली विकास भवन परिसर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक, हनुमान मंदिर, मिरचाईबाड़ी, हरिशंकर नायक विद्यालय एवं समाहरणालय परिसर होकर गुजरती हुई वापस विकास भवन परिसर में आकर संपन्न हो गई। आयोजन में 'मेरा युवा भारत' के युवा स्वयंसेवकों,भारत स्काउट एवं गाइड के सदस्यों, आईटीआई कालेज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, वाहन जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** शराब तस्करी के विरुद्ध कदवा पुलिस ने फिर से बड़ी सफलता पाई है।काले स्कार्पियों में ले जा रहे 177 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। और की स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बेलगच्छी-चांदपुर मार्ग से विदेशी शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है।सूचना सत्यापन को निकली पुलिस ने उस रास्ते पर वाहन जांच अभियान चलाकर एक 177 लीटर विदेशी शराब के साथ वाहन एवं एक तस्कर को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि वाहन से बरामद कुल विदेशी शराब बंगाल निर्मित है।उन्होंने बताया कि थाना में मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बीएलडीआर के आदेश की खुले आम हो रही अवमानना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ पीड़ित पक्ष ने प्रमंडलीय आयुक्त से लगाई इंसाफ की गुहार

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र कंटिया सोनैली निवासी नीरज कुमार पिता - स्व.अरुण कुमार साह ने प्रमंडलीय आयुक्त,पूर्णिया को आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।अपने आवेदन में उन्होंने अंचल पर डीसीएलआर के आदेश की अवमानना का आरोप लगाया है।आवेदन में उन्होंने लिखा है कि उन्होंने दिनांक 09,11,2021 को केवला संख्या 21418 के माध्यम से कदवा अंचल अन्तर्गत थाना नंबर- 495, मौजा -दियारी के खाता 45, खेसरा नं. 203 में 16 डिसमिल 250 वर्ग कड़ी जमीन खरीदकर दखलकार होकर जोत -आबाद कर रहा था। कुछ दिनों बाद अचानक विक्रेता मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जिसके विरुद्ध मैंने अंचलाधिकारी एवं कदवा थाना को लिखित आवेदन दिया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अंचलाधिकारी ने डीसीएलआर के न्यायालय से आदेश ले आने पर जमीन खाली कराने की बात कही।

मैंने भूमि सुधार उपसमाहर्ता,बारसोई के न्यायालय में वाद संख्या 139/ 22- 23 दायर किया।जहाँ वाद की सुनवाई के बाद दिनांक 20.06.2023 को मेरे पक्ष में आदेश पारित हुआ। भूमि सुधार न्यायालय ने अपने आदेश में अंचल कार्यालय को वादी से मापी शुल्क जमा लेकर उक्त भूमि का सीमांकन कराना सुनिश्चित करें।साथ हीं अगर मापी में यह पाया जाता है कि प्रतिवादीगणों द्वारा वादी द्वारा क्रय की गई भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है,तो उसे खाली कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने लिखा है कि आदेश प्राप्ति के बाद दिनांक 04. 08 2023 को बीएलडीआर आदेश सख्या 139/ 22- 23 के आलोक में अंचलाधिकारी कदवा को जमीन मापी के लिए आवेदन दिया तो उनके द्वारा मुझसे मौखिक रूप से दो लाख रुपये की मांग की गई।मेरे इंकार कर देने के कारण विगत 03 वर्षों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं,लेकिन मेरी जमीन की मापी नहीं कराई जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मेरा विरोधी दबंग और भू माफिया है। उसका अंचलाधिकारी से साठ गांठ है। जबकि मैं कानून को मानने वाला साधारण व्यक्ति हूं।इसलिए मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने अपने पक्ष में आवेदन के साथ सभी आवश्यक कागजात भी संलग्न किया है।डीसीएलआर न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करना भी न्यायालय के अवमानना का मामला बनता है।इसलिए अब लोगो की नजर प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा की जाने वाली कारवाई पर जमी है उनके द्वारा मामले में क्या कार्रवाई होती है और पीड़ित को जमीन पर दखल मिलता है या नहीं? हलांकि लोग अंचल अधिकारी की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करने लगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड संख्या 21 में लगाए गए 200 केवीए ट्रांसफार्मर का मेयर ने किया निरीक्षण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 21 स्थित तारीगढ़ी मजार के निकट लगाए गए 200 का केवीए ट्रांसफार्मर का नगर निगम की मेयर श्रीमती ऊषा देवी अग्रवाल ने स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मेयर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि नए ट्रांसफार्मर के लगने से स्थानीय लोगों को लो वोल्टेज एवं बिजली संबंधी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं और आम जनता की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

### अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान

**मनिहारी /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के धुरीयाही पंचायत में विगत दिनों शिवम कुमार की डूबने से मौत हो गयी थी। अंचल पदाधिकारी निहारिका राय ने तत्परता दिखाते हुए मृतक के आश्रित को सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि चार लाख रुपये चेक के माध्यम से भुगतान किया गया। शनिवार को अंचल पदाधिकारी निहारिका ने पंचायत के मुखिया की मौजूदगी मे मृतक की माता मधु देवी को चार लाख रुपये का चेक प्रदान की। इस मौके पर प्रधान सहायक अंजारूल हसन, अमन, नईम खान सहित अन्य कर्मी भी मौजूद रहे ।

### शराब सेवन के आरोप में चार धराये

**मनिहारी /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस पदाधिकारी से प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में शराब तस्करी व नशे के सौदागरों के विरुद्ध ताबडतोड एक्शन जारी है। थानाध्यक्ष श्री झा ने बताया कि संध्यागस्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर मनिहारी अम्बेदकर चौक पर ब्रेथ एनालाईजर मशीन से जांच करने पर चार लोगों के शराब पीने की पुष्टी होने पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है.। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बलदियाबाडी निवासी शेख हसरत के पुत्र मो. आरिफ (55), लक्ष्मण कुमार मंडल (22) पिता सीताराम मंडल, साकिन छोटी हसवर, अनूप कुमार यादव (25) पिता बैजनाथ यादव साकिन मिलिक पोखरकन्ना एवं रीतू कुमार( 27) पिता सुरेश सिंह साकिन नवाबगंज सभी थाना मनिहारी के रुप मे हुई है।

### रेलवे कोशी ग्रीन गोल्फ क्लब परिसर में पौधारोपण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेलवे कोशी ग्रीन गोल्फ क्लब कटिहार परिसर में पूसी रेलवे स्काउट गाइड फेलोशिप कटिहार मंडल के सचिव गणेश ठाकुर एवं कटिहार मंडल रेल अधिकारी एवं कर्मचारी यातायात निरीक्षक अरुण पंडित, पीएसओ.राजेंद्र कुमार ,बलराम कुमार ,रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर सीताराम कुमार मेहता ,संजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया ।इस अवसर पर सबों ने पेड़ लगाने और पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण के लिए पौधारोपण जरूरी है। सभी लोगों को पर्यावरण पर ध्यान देना चाहिए।

### स्मैक व नगदी के साथ दो गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नशे के धंधेबाजों पर नकेश कसने की दिशा में थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा की अगुवाई में नशे के धंधेबाजों के विरूद्ध कार्रवाई जारी है. इसी कडी मे मनिहारी थाना पुलिस ने मनिहारी नगर थाना क्षेत्र वार्ड संख्या में छापेमारी कर विकास महतो (20) पिता अमर महतो ऊर्फ अमरनाथ महतो के पास से 7.19 ग्राम स्मैक बरामद किया.। दूसरे गिरफ्तार शिवजी महतो ( 22)पिता अमर महतो के घर में 50,790 रुपए पुलिस ने बरामद की है। स्मैक तस्कों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जूट गयी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डीआरएम सहित अधिकारीयो ने लगाए पौधे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह ने गोशाला स्थित पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर 500 से अधिक फल सहित अन्य सजावटी छोटे बड़े पौधे लगाए गए।

मौके पर डीआरएम किरेंद्र नरह ने आम लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी कर हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील कीया। डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि पेड़-पौधे



प्रकृति की अमूल्य धरोहर है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। कटिहार रेल मंडल द्वारा 15 मई से 5 जून तक विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत विभिन्न स्टेशनों, रेल कॉलोनियों एवं परिसरों में व्यापक वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सीनियर डीएनसी प्रभात कुमार सिंह, सीनियर डीईई पंकज पाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी. दामोदर राज, डीसीएम कुमार जितेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पांच दिनों में बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन : सुनील कुमार यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो - वोल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। कटिहार लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने प्रभारी डीएम एवं विद्युत आपूर्ति मंडल के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जिले की चरमराई बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई दिनों से जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। बार-बार बिजली कटने और लो-वोल्टेज की समस्या के कारण आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तकनीकी खराबियों के चलते घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है और शिकायत के बावजूद मरम्मत कार्य में काफी विलंब होता है। सुनील यादव ने कहा कि बिजली संकट का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे परेशान हैं। पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से जनहित में नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए निकाला जागरूकता रथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार शाखा की ओर से चेयरमैन के नेतृत्व मे लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु तीन जागरूकता रथ निकाली गई। चैयरमैन डॉक्टर रंजना झा ने इस दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1972 में इसकी स्थापना की गई थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को मनाया गया।



इस मौके पर कटिहार की मेयर श्री मती उषा देवी अग्रवाल भी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मानने का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना इस वे ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का प्रयास करे और वन्यजीवों के संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर लोगों को एकजुट अपने सबोधन मे सचिव संतोष गुप्ता ने कहा पर्यावरण दिवस पर आइये हम संकल्प ले एक पेड़ लगाने का, प्लास्टिक का प्रयोग कम करने का, वायु प्रदूषण की रोकथाम करने का, पृथ्वी को बचाने का क्योकि इंसान के लिए कोई दुसरा ग्रह नही। उन्होंने कहा कि इस मौके पर आज 12 पेड़ भी लगाए गये। उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़े स्तर पर वृक्षारोपण भी किया जायेगा। पूर्व चेयरमैन अनिल चमरिया के साथ कोषाध्यक्ष पंकज पूर्वे एवं सह सचिव विवान सरकार ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता संदेश लिखा परचा भी बाँटा गया। उपाध्यक्ष शोभा जयसवाल, प्रबंध समिति सदस्य अमित जयसवाल विक्की के साथ डॉक्टर आशुतोष झा, डॉक्टर शिप्रा सिंह ने भी लोगों को संदेश देते हुए कहा कि प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करे, वर्षा जल का संचय करें और कल को सुरक्षित बनाये। इस मौके पर रीना झा, डॉ, आभा कुमारी, राम बाबू, प्रकाश शर्मा, मंजुश्री साह आदि कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।जिसमें पंचायत सचिव सहित अन्य लोगों ने बढती गर्मी का कारण पर्यावरण असंतुलन बताया।बताया कि भौतिक संसाधन,बढती जनसंख्या एवं अनियमित जीवन शैली के कारण पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। जिसका सीधा असर मानव जीवन पर रहा है। इससे बचने का एक मात्र उपाय अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाना है।



रायपुर पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा की अध्यक्षता करते हुए मुखिया आलोक चौहान ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर राज्य और केन्द्र सरकार सहित पर्यावरणविद चिंतित है। पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए विभिन्न स्तरों से प्रयास भी किया जा रहा है। लेकिन इसमें आमजनों की भागेदारी नहीं होने से अभियान को अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिल रही है।मुखिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाना आमलोगों की जिम्मेवारी है। उन्होंने लोगों से प्रतिवर्ष एक छायादार पेड़ लगाने तथा पूर्व से लगाये गये पौधों के संरक्षण की अपील की। ग्राम सभा में उपस्थित महिला पुरुषों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया।

## लड़की उठाने के चक्कर में युवक चढ़ा ग्रामीणों के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के संगती बाड़ी में विगत रात्रि को अपराधिक किस्म के आठ युवक के द्वारा लड़की उठाने का मामला के आरोप में उसे वहां के ग्रामीणों के द्वारा बीते रात करीब एक युवक भागने के दौरान ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा जिसे पकड़ कर बंधक बना रखा गया हैं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना हैं कि लगातार कई दिनों से दिन में 8 से 9 अपराधिक प्रवृत्ति के युवक गांव के चक्कर काट रहा था मगर बीते रात को यह अपराधी लोग एक नव विवाहिता महिला के घर घुसा इस दौरान हो हल्ला होने पर सभी अपराधी भागने लगे हैं मगर गांव के कुछ युवा लोग पीछा कर एक अपराधी को धर दबोचा। उनके



मां-बाप को घटना की सूचना दे दी गई थी मगर उन्होंने संगतीबाड़ी गांव नहीं आकर थाना पहुंचकर उल्टा ही आरोप लगाकर उक्त युवक को पुलिस के द्वारा छुड़ाने की कोशिश की जा रही हैं। अन्य युवक भागने के क्रम में एक टीवीएस के राइडर बाइक एवं दो मोबाइल ग्रामीणों के हाथ लगे मोबाइल में कई हथियार के विभिन्न तरह के फोटो एवं वीडियो अपलोड हैं साथ ही इनके कई साथी भी भागने में सफल रहा उक्त युवक अपना नाम लड्डू कुमार उरांव बताया। जबकि पता मनसाही थाना क्षेत्र के हरिप्रसाद बलुआ टोला । घटना की खबर मनसाही पुलिस को बंधक बनाए गए युवक के माता-पिता ने दी सूचना मिलते ही मनसाही पुलिस दलबल के साथ पहुंची मगर वहां के ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले करने से इनकार कर दिया।

## हिन्दी देश की राष्ट्रभाषा अवश्य बनेगी : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिन्दी अवश्य ही देश की राष्ट्राभाषा बनेगी। इसे देश की राष्ट्राभाषा बनने से कोई रोक नहीं सकता। साहित्य सम्मेलन जो आंदोलान चला रहा है, उसे बल दिया जाना चाहिए। उसी तरह याचिका संख्या-435 / 15 में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमरेश्वर प्रताप सिंह, न्यायमूर्त्ति आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की तीन सदस्यीय पूर्ण पीठ द्वारा, दिनांक 30 अप्रैल, 2019को पारित न्यायिक आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह न्यायिक-आदेश उच्च न्यायालय में हिन्दी के प्रयोग को सुनिश्चित करता है।

यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद-348 के खंड-2 और राजभाषा अधिनियम-1963की धारा -7 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के आधार पर बिहार के राज्यपाल द्वारा



9 मई, 1972की अधिसूचना के आलोक में पारित किया गया था। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति, बिहार के तत्त्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन और संगोष्ठी उद्घाटन करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में अधिवक्ता समाज की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। स्वतंत्रता आंदोलन में भी अधिवक्ताओं की बड़ी भूमिका रही है। देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, बाबसाहेब भीम राव अम्बेडकर अधिवक्ता ही थे। न्यायव्यवस्था में अधिवक्ता समाज अभिन्न अंग है। इनका कल्याण आवश्यक है। विधान सभा के अध्यक्ष ने इस अवसर पर सत्यप्रकाश तिवारी की पुस्तक 'मोमवत्ती से मशाल तक' का लोकार्पण भी किया। संगोष्ठी के मुख्यवक्ता और साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजभवन ने संविधान-प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए जो अधिसूचना वर्ष 1972में निर्गत की उसके अनुपालन के प्रसंग में उच्चन्यायालय में न्यायिक-आदेश देने में 47वर्ष लगे और उसके बाद भी उसका सम्यक अनुपालन नहीं होना अत्यंत चिंता का विषय है। इसका शीघ्र अनुपालन तो होना चाहिए।

## ग्रामीण ने विधायक से गोबरा घाट कमला धार में पुल निर्माण की मांग की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** पंचबरगा - गोबरा घाट बांस पुल का मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह पंचवर्गा गांव पहुंच कर गोबर घाट बांस पुल का निरीक्षण किया और जल्द ही यहां पुल निर्माण को लेकर आवश्यक पहल करने की बात कही। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा विधायक का स्वागत करते हुए पुल निर्माण के साथ-साथ अन्य मांगों को रखा और जल्द से जल्द से पूरी करने की मांग की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र के विकास में वे लगातार लगे हुए हैं और कोई भी क्षेत्र विकास कार्य से अधूरा नहीं रहेगा। इस अवसर पर कुरेठा पंचायत के मुखिया अवधेश यादव आदि उपस्थित रहे ।

## नगर निगम की विशेष बैठक में नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम सभागार में महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में विभागीय निदेर्शानुसार एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार सहित सभी वार्ड पार्षद, निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाना तथाएसडब्लूएम रूल्स -2026 के प्रावधानों की जानकारी जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाना था।



इस दौरान स्वच्छता पदाधिकारी द्वारा विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से सभी वार्ड पार्षदों को नियमों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।स्वच्छता पदाधिकारी ने बताया कि एसडब्लूएम रूल्स -2026 के तहत घरों, दुकानों एवं संस्थानों में कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण गीला सूखा, सेनेटरी वेस्ट, घरेलू खतरनाक कचरा अलग-अलग करना अनिवार्य है। इसके अलावा खुले में कचरा फेंकने, जलाने तथा सार्वजनिक स्थलों को गंदा करने पर कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। नियमों के अनुसार नगर क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नागरिकों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई हैं। बैठक में वार्ड पार्षदों से अपील की गई कि वे अपने-अपने वार्डों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा कचरा पृथक्करण, निर्धारित स्थानों पर कचरा निस्तारण और पर्यावरण संरक्षण संबंधी नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। साथ ही नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया।महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए नागरिकों से स्वच्छता नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसडब्लूएम रूल्स-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन से शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। बैठक के अंत में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित विकास के प्रति सभी उपस्थित लोगों ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# सरकार ने दिया 1 साल का अल्टीमेटम

## भेल और सेल के 'महारत्न' स्टेटस पर खतरा

**नई दिल्ली एजेंसी।:** केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की दो बड़ी कंपनियों भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को उनके खराब वित्तीय प्रदर्शन को लेकर एक साल का अल्टीमेटम दिया है। आधिकारिक दस्तावेजों के मुताबिक, अगर एक साल के भीतर इनके प्रदर्शन में सुधार नहीं हुआ, तो इनसे महारत्न का प्रतिष्ठित दर्जा छीनकर इन्हें नवरत्न कैटेगरी में डाल दिया जाएगा।

यह देश में पहला ऐसा मामला है जब किसी महारत्न कंपनी को दर्जा घटाने की चेतावनी के साथ नोटिस पर रखा गया है। कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन की अध्यक्षता वाली समिति ने यह सख्त सिफारिश की है।

### क्यों आई ऐसी नौबत

एक सरकारी मूल्यांकन के अनुसार भेल और सेल पिछले तीन वर्षों के दौरान 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का औसत वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज करने के अनिवार्य नियम को पूरा करने में विफल रही हैं। इस कारण इन







कंपनियों से 'महारत्न' स्टेटस छिनने का खतरा मंडराया है।

**14 में से सिर्फ 2 खरी उतरीं–** देश की कुल 14 महारत्न कंपनियों में से केवल यही दो कंपनियां इस पैमाने पर खरी नहीं उतरीं।

**सरकार ने नियमों को किया कड़ा–** सरकार ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए वार्षिक प्रदर्शन नियमों को और कड़ा कर दिया है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (दायित्वों को पूरा न करने के भुगतान में देरी करने या सक्सेशन प्लान तैयार न करने पर भारी पेनाल्टी लगाई जाएगी और पूरे नंबर काट लिए जाएंगे। ये नियम वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होंगे।

### 'रत्न' मानदंडों की होगी नई समीक्षा

बैठक में शामिल नीति आयोग के प्रतिनिधियों का मानना है कि महारत्न के लिए तय टर्नओवर, नेटवर्थ और लाभ के मानदंड वर्ष 2010 से अपरिवर्तित हैं और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं हैं। इसी वजह से समिति ने लोक उद्यम विभाग को निर्देश दिया है कि वह साल 2025 की कीमतों के आधार पर इन मानकों की दोबारा समीक्षा करे ।

### दर्जा घटने से कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा

यदि इन कंपनियों का महारत्न का दर्जा घटाकर नवरत्न किया जाता है, तो इनके बोर्ड की स्वायत्तता काफी कम हो जाएगी : महारत्न कंपनियां सरकार की मंजूरी के बिना 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकती हैं। वहीं नवरत्न कंपनियों के लिए यह सीमा केवल 1,000 करोड़ रुपये है।

### सुधार के लिए मंत्रालयों की क्या है योजना

भारी उद्योग मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वे मुनाफे को बढ़ाने के लिए एक विस्तृत टर्नअराउंड प्लान यानी सुधार योजना पेश करें। इस्पात मंत्रालय ने बताया कि सेल का औसत वार्षिक टर्नओवर पिछले 4 वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक और औसत नेटवर्थ 53,976 करोड़ रुपये रही है। हालांकि, तीन साल के औसत मुनाफे का 5,000 करोड़ रुपये वाला पैमाना कंपनी ने आखिरी बार 2022-23 में छुआ था, जिसके बाद स्टील की कीमतों में उतार-चढ़ाव से मुनाफा घटा। नीति आयोग ने पाया कि भेल की मानव संसाधन नीतियां उसकी ग्रोथ में सबसे बड़ी बाधा हैं, जिनमें बड़े सुधार की जरूरत है। भारी उद्योग मंत्रालय ने भरोसा दिया है कि भेल के वित्तीय प्रदर्शन को सुधारने के लिए एक नई योजना पर काम शुरू कर दिया गया है और इसके मुनाफे में सुधार भी दिखने लगा है।

## दो सप्ताह की गिरावट के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 938 मिलियन बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले महीने देखें तो लगातार दो सप्ताह से अपने विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट ही हो रही थी। लेकिन पिछले सप्ताह इसमें गिरावट थमी। उस दौरान भंडार में 938 मिलियन की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी तब देखी गई है जबकि रिजर्व बैंक ने रुपये को स्टेबल रखने में करीब पांच अरब डॉलर की स्वैपिंग की। इससे एक सप्ताह पहले अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 7.51



बिलियन की गिरावट हुई थी।

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 29 मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 938 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 7.511 की गिरावट हुई थी। अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 682.321 का हो गया है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को अपना भंडार 728.494 के ऑल टाइम हाई पर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 29 मई 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 3.116 की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले 2.872 की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 546.148 का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व में कमी

आलोच्य सप्ताह के दौरान सोने के वैल्यू में गिरावट हुई है। इससे रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में 2.186 की कमी आई। अब अपने सोने के भंडार की वैल्यू घट कर 112.600 का रह गया है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2026 के अंत में आरबीआई के पास सोने का भंडार 880.52 टन का हो गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 16.7 प्रतिशत बैठता है। इसके मूल्य में कमी होती है यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार को प्रभावित करता है।

# 5 साल में 1.44 लाख की गारंटी

**● नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट सरकार की छोटी बचत स्कीमों में से एक**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट सरकार की छोटी बचत स्कीमों में से एक है। यह ऐसे निवेशकों में काफी लोकप्रिय है जो कम जोखिम लेना चाहते हैं। साथ ही जो सरकार समर्थित निवेश विकल्प की तलाश में हैं। जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो और बैंकों में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरें कम हों तो एनएससी उन निवेशकों को आकर्षक ब्याज दरें देता है जो लंबे समय के निवेश का विकल्प ढूंढ रहे हैं।

एनएससी पर अभी 7.7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलता है। कई बैंकों की ओर से पांच साल की एफडी पर दी जाने वाली दरों से यह ज्यादा है। चूंकि एनएससी में निवेश करने पर पूरी अवधि के लिए ब्याज दर तय रहती है। इसलिए निवेशक आसानी से पता लगा सकते हैं कि पांच साल बाद मैच्योरिटी पर उन्हें कितनी रकम मिलेगी, चाहे भविष्य में ब्याज दरें कैसे भी बदलें।

- **एनएससी में 1 लाख का निवेश 5 साल बाद क्या देगा–** अगर आप एनएससी में मौजूदा 7.7 प्रतिशत सालाना ब्याज दर पर 1 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो पांच साल बाद मैच्योरिटी पर यह निवेश बढ़कर लगभग 1,44,903 रुपये हो जाएगा। ब्याज का भुगतान मैच्योरिटी पर किया जाता है। यह सालाना कंपाउंडिंग के साथ मिलता है।
- **क्या एनएससी में निवेश पर टैक्स बेनिफिट मिलता है–** पुराने टैक्स सिस्टम को चुनने वाले टैक्सपेयर्स के लिए एनएससी में जमा की गई रकम इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80 प्रतिशत के तहत 1.5 लाख रुपये तक की टैक्स कटौती के लिए योग्य है। नए टैक्स सिस्टम को चुनने वालों के लिए यह फायदा उपलब्ध नहीं है।
- **क्या अकाउंट ट्रांसफर किया जा सकता है–** अकाउंट को एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को ट्रांसफर किया जा सकता है। शर्त यह है कि ट्रांसफर लेने वाला व्यक्ति एनएससी योजना के तहत योग्य हो, जैसे कि इन मामलों में : सिंगल अकाउंट के मामले में अकाउंट होल्डर की मौत होने पर या जॉइंट अकाउंट के मामले में सभी अकाउंट होल्डर्स की मौत होने पर रकम कानूनी वारिसों या नॉमिनी को ट्रांसफर कर दी जाएगी। कोर्ट के आदेश पर, गिरवी रखने की स्थिति में या जॉइंट अकाउंट के किसी खाताधारक की मृत्यु होने पर अकाउंट बचे हुए खाताधारक या खाताधारकों के नाम पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा।
- **अकाउंट को समय से पहले बंद करने के नियम–** अकाउंट को मैच्योरिटी से पहले बंद नहीं किया जा सकता, सिवाय इन मामलों के :सिंगल अकाउंट में खाताधारक की मृत्यु होने पर या जॉइंट अकाउंट में किसी भी या सभी खाताधारकों की मृत्यु होने पर।

## 8वें पे कमीशन से मिलेगा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा, खत्म होगा एनपीएस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 8वें पे कमीशन की मीटिंग्स शुरू हो गई है। एक बार फिर से पुरानी पेंशन की मांग भी इसी के साथ तेज हो गई है। कर्मचारी संगठन एनपीएस को वापस लेने और ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल करने की मांग लगातार कर रहे हैं। हालांकि, मौजूदा परस्थितियों को अगर देखें तो पुरानी पेंशन अब दूर की कौड़ी लेकिन कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली की मांग लगातार कर रहे हैं। इसके पीछे की वजह सामाजिक सुरक्षा है। पुरानी पेंशन स्कीम में महंगाई के साथ-साथ पेंशन भी बढ़ती रहती है। इससे पेंशनधारकों को बड़ी वित्तीय सुरक्षा मिल जाती है।

**क्यों पुरानी पेंशन स्कीम पर जाना है कठिन–** बीते 20 साल




साबित हो रही है। साथ ही एनपीएस की वापसी का भी संकेत कम ही मिल रहा है। इस योजना के तहत कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद जीवन पर्यंत तय पेंशन दी जाती है। इसमें महंगाई भत्ता भी जुड़ा रहता है। यानी जब-जब महंगाई बढ़ेगा तब-तब पेंशन भी बढ़ेगी।

**ओल्ड पेंशन स्कीम क्यों वापस चाहते हैं कर्मचारी–** मौजूदा समय में एनपीएस और यूपीएस की व्यवस्था सरकार की तरफ से कर्मचारियों को दी जा रही है। में एनपीएस में सरकार और कर्मचारियों ने 16.50 लाख करोड़ रुपये का योगदान कर दिया है। ऐसे में अगर एनपीएस को रद्द करके पुरानी पेंशन स्कीम की तरफ जाया जाता है तो इससे वित्तीय नुकसान काफी अधिक होगा। एनपीएस का फंड एलीआईसी, एसबीआई, यूटीआई और अन्य सरकारी लिंक्ड वित्तीय संस्थाओं के जरिए निवेश किया जाता है। ऐसे में एक झटके में पैसा निकाला नहीं जा सकता है।

### 8वें वित्त आयोग के 6 महीने बीत गए

सरकार पे कमीशन का गठन नवंबर 2025 में किया था। अब 6 महीने का समय बीत चुका है। आयोग के पास 18 महीने का समय है। इस दौरान ही उसे अपनी रिपोर्ट देनी होगी। पे कमीशन की तरफ से प्रक्रियाओं में तेजी लाई गई है। देश के अलग-अलग हिस्सों में मीटिंग्स की जा रही है। जिससे एक समावेशी रिपोर्ट तैयार किया जा सके। कर्मचारियों की बीच इस समय फिटमेंट फैक्टर्स को लेकर खूब चर्चा है। क्योंकि फिटमेंट फैक्टर ही है जिसके जरिए सरकारी कर्मचारियों की सैलरी का निर्णय होगा। कुछ कर्मचारी संगठनों ने 4 फिटमेंट फैक्टर की मांग की है। अब देखना है कि पे कमीशन कितना फिटमेंट फैक्टर रखने की सलाह देता है।

# पहले ही दिन 260 रुपये के पार पहुंचेगा शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ को लोगों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी के आईपीओ पर 127 गुना दांव लगा है।

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 37 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के शेयरों का मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम मजबूत लिस्टिंग का इशारा कर रहा है। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 3 जून को खुला था और यह 5 जून तक ओपन रहा।

**192 रुपये शेयर का दाम, 71 रुपये पहुंच गया –** सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में शेयर का दाम 192 रुपये है। वहीं, ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 71 रुपये के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। अगर मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से देखें तो सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज

### जीएमपी कर रहा इशारा, 127 गुना लगा है दांव




के शेयर 263 रुपये पर लिस्ट हो सकते हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट 8 जून को फाइनल होगा। वहीं, कंपनी के शेयर 10 जून को बाजार में लिस्ट होंगे। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों जगह लिस्ट होंगे।

### क्या करती है सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की शुरुआत साल 2006 में हुई है। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज एक नॉन-फेरस मेटल रिसाइक्लर कंपनी है। एल्युमीनियम और जिंक डाई-कास्टिंग एलॉयज में कंपनी का स्पेशलाइजेशन है। कंपनी रिसाइकल्ड एल्युमीनियम एलॉय, जिंक एलॉय इंगट्स और स्टेनलेस स्टील, कॉपर, ब्रॉस, जिंक, लेड और एल्युमीनियम के सेग्रगैटिड फर्नेस रेडी स्क्रैप की मैन्युफैक्चरिंग करती है। इसके अलावा, सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज एल्युमीनियम बिलेट्स का प्रॉडक्शन करती है, जो कि ऑटोमोटिव और नॉन-ऑटोमोटिव सेक्टर्स दोनों की जरूरतों को पूरा करते हैं। 31 दिसंबर 2025 तक के डेटा के मुताबिक, कंपनी में 784 परमानेंट एंप्लॉयीज और 3956 कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स हैं।

### 127 गुना सब्सक्राइब हुआ है कंपनी का आईपीओ

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का आईपीओ टोटल 127.07 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 27.08 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। वहीं, एंप्लॉयीज का कोटा 18.53 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों या नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स की कैटेगरी में 172.35 गुना दांव लगा, जबकि क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का कोटा 240.46 गुना सब्सक्राइब हुआ है। सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ में आम निवेशक कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 13 लॉट के लिए दांव लगा सकते थे। आईपीओ की एक लॉट में 78 शेयर थे।

# अडानी की कंपनी के बेचे गए 5750 करोड़ के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की दिग्गज निवेश कंपनी तत्क्न पार्टनर्स ने लगभग 5,750 करोड़ रुपये के ब्लॉक डील के जरिए अडानी ग्रुप की दो कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी कम की है। यह पूरी हिस्सेदारी म्यूचुअल फंड ने खरीद ली है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी हस्थ्र के ब्लॉक डील डेटा के अनुसार पार्टनर्स इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी फंड ने अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर बेचे। इस डील के तहत अडानी एंटरप्राइजेज के 1.64 करोड़ शेयर 2,913.4 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे गए। इस तरह, डील की कुल वैल्यू लगभग 4,789 करोड़ रुपये रही। वहीं, तत्क्न ने अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के 63.66 लाख शेयर 1,504.8 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचे, जिनकी कुल वैल्यू लगभग 958 करोड़ रुपये थी। इन दोनों डील की कुल वैल्यू लगभग 5,747 करोड़ रुपये थी।



यह हिस्सेदारी बिक्री अडानी ग्रुप के शेयरों में पिछले एक साल में आई जबरदस्त तेजी के बाद हुई है। बता दें कि वर्ष 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी लेकिन उसके बाद कई कंपनियों ने मजबूत वापसी की है। उन शुरुआती बड़े संस्थागत निवेशकों में शामिल था जिसने हिंडनबर्ग विवाद के बाद अडानी समूह पर भरोसा जताया था।

### कंपनी के बारे में

अडानी एंटरप्राइजेज की बात करें तो इस ग्रुप की मुख्य कंपनी है। यह एयरपोर्ट, सड़क, ग्रीन हाइड्रोजन, डेटा सेंटर और माइनिंग सर्विस जैसे कई तरह के बिजनेस चलाती है। अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट-सेक्टर ट्रांसमिशन कंपनियों में से एक है और स्मार्ट मीटरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।

**नवजात शिशुओं के खून में मिल रहे हैं प्लास्टिक के माइक्रो पार्टिकल्स**

# बायोप्लास्टिक अपनाने का समय आ गया !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह सुनने में बेहद डरावना लगता है, लेकिन यह सच्चाई है। जी हां, प्लास्टिक का उपयोग करते करते हम इतने तल्लीन हो गए हैं कि कैसे इसके माइक्रो पार्टिकल्स हमारे शरीर में घुस गए, पता ही नहीं चला। स्थिति तो यह है कि नवजात शिशुओं के खून में भी प्लास्टिक के बहुत ही छोटे या माइक्रो पार्टिकल्स मिल रहे हैं। इसलिए समय आ गया है कि बायो-प्लास्टिक अपनाया जाए। यह कहना है देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अवसर था बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड और लखनऊ छावनी बोर्ड के साथ बायोयुग ग्रीन कमांड 2026 के लॉन्चिंग का।

### उद्योग जगत ने बढ़ाया हाथ

जीवन के हर क्षेत्र में प्लास्टिक की बढ़ती घुसपैठ को देखते हुए बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने पहल की है। कंपनी का दावा है कि यह भारत का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है जो बायोप्लास्टिक इको-सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।




इस पहल के तहत लखनऊ छावनी बोर्ड के साथ बीसीएमएल का एमओयू हुआ। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में प्लास्टिक के बदले बायोप्लास्टिक के उपयोग को बढ़ावा देना।

**माइक्रोप्लास्टिक से हर साल लाखों मौत–** वह कहते हैं 'मैं कोई डरावनी कहानी यहां पर नहीं बता रहा हूं, बल्कि यह वैज्ञानिक तथ्य है जो अब हर दिन नए-नए सामने ला रहे हैं।

### बलरामपुर चीनी मिल्स शेयर का भाव

शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट दिखी थी। बीएसई सेंसेक्स 116 अंक गिर कर बंद हुए थे। तब भी बलरामपुर चीनी मिल्स के शेयरों में तेजी दिखी।

### प्लास्टिक से बायोप्लास्टिक कैसे अलग है

प्लास्टिक बनाने के लिए जो दाना बनता है, वह क्रूड ऑयल को क्रैक करके बनाया जाता है। इसका यदि जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग किया जाए तो यह ठीक है। लेकिन इसे यूं ही फेंक दिया जाए तो सैकड़ों क्या, हजारों साल में नहीं सड़ते-गलते। इसके उलट बायोप्लास्टिक के दाने का निर्माण गन्ने, मक्के और गेहूं जैसे जैविक फसलों के उत्पाद से होते हैं। वैज्ञानिक परीक्षण में साबित हुआ है इसे फेंकने पर कुछ ही महीने में यह गलना शुरू हो जाता है। साल भर में तो यह पूरी तरह से मिट्टी में मिल जाता है। बीसीएमएल और लखनऊ छावनी बोर्ड के बीच गुरुवार को इस बारे में एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ था। उस अवसर पर राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। इसी अवसर पर उन्होंने कहा 'जब भी एक नवजात बच्चे की जांच की कराई जाए तो उसमें भी प्लास्टिक के बहुत ही माइक्रो पार्टिकल्स, बहुत ही छोटे-छोटे पार्टिकल्स मिल रहे हैं ...हम बोतल बंद पानी पीते हैं।

# बिना फिटनेस के दौड़ रहीं सैकड़ों गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी कर लोहरदगा जिले में बड़ी संख्या में बाक्साइट परिवहन में लगे ट्रकों के परिचालन का मामला चर्चा में है। स्थानीय लोगों का कहना है जिले में सैकड़ों बाक्साइट ट्रक बिना वैध रोड परमिट के चल रहीं है।

इतना ही नहीं यहां गिना बिना फिटनेस के भी सैंकड़ों बाक्साइट ट्रक बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनमें कई वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं, जिन्हें परिवहन विभाग से परमिट नहीं मिल रहा है। बावजूद ऐसे ट्रकों का उपयोग बाक्साइट परिवहन में करने से सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिले वासियों का कहना है कि पुराने और जर्जर हो चुके बाक्साइट ट्रकों का लगातार परिचालन आम लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। कई बार ऐसे वाहनों में तकनीकी खराबी की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। लोगों का कहना है कि बाक्साइट परिवहन में लगे कुछ वाहन सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार जिला व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। लोगों ने मांग किया है कि बिना परमिट, फिटनेस, टैक्स, प्रदूषण के वैद्य कागजात और निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके बाक्साइट ट्रकों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए।

जिले वासियों का कहना है कि बाक्साइट खनन और परिवहन से जुड़ी आदित्य बिड़ला ग्रुप की हिंडाल्को कंपनी तथा निजी माइंस संचालकों को नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

# आज भी विकास से कोसों दूर है राहेड़गोड़ा गांव

## बकरी और सूअर बेचकर लोगों की कटती है जिंदगी

## लोगों को बुनियादी सुविधाएं भी मयस्सर नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

डुमरिया। पहाड़ों की गोद में बसा राहेड़गोड़ा गांव मानो समय के किसी भूले-बिसरे कोने में ठहर गया हो। पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में आज भी विकास की रोशनी पूरी तरह नहीं पहुंच पाई है।

आजादी के लगभग आठ दशक बाद भी यहां के 37 परिवार सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बाकड़ाकोचा राजस्व गांव के इस छोटे से टोले तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है।

बरसात के दिनों में रास्ते की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। कभी माओवाद प्रभावित रहा यह गांव वर्ष 2017 के बाद मुख्यधारा से जुड़ने की उम्मीद करने लगा था। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर धलभूमगढ़, गुड़ाबांदा और डुमरिया को जोड़ने वाली सड़क भी बनी, लेकिन राहेड़गोड़ा तक विकास की वह राह नहीं पहुंच सकी।

गांव में बिजली नहीं होने के कारण सूर्यास्त के साथ ही जिंदगी ठहर जाती है। अंधेरा घिरते ही लोग अपने घरों में सिमट जाते हैं और सुबह सूरज की पहली किरण के साथ दिन की शुरूआत होती है। बच्चों की पढ़ाई हो या बुजुर्गों की जरूरतें, सब कुछ प्राकृतिक रोशनी पर निर्भर है।

रोजगार के सीमित साधनों के बीच ग्रामीण मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। कई परिवार जंगलों से जलावन की लकड़ी लाकर बेचते हैं।

जब किसी बड़ी जरूरत के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, तब बकरी या सूअर बेचकर खर्च का इंतजाम किया जाता है। ग्रामीणों के लिए ये मवेशी किसी बैंक खाते या एटीएम कार्ड से कम नहीं हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सरकारी राशन लेने के लिए भी ग्रामीणों को 20 किलोमीटर दूर मानिकपुर जाना पड़ता है। मुफ्त राशन पाने की कीमत उन्हें 150 रुपये किराया और एक दिन की मजदूरी गंवाकर चुकानी पड़ती है।

हालांकि अब गांव में उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दे रही है। मई में पोटका विधायक संजीव सरदार ट्रैक्टर से गांव पहुंचे और विद्युतीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया है कि जून में गांव बिजली की रोशनी से जगमगा उठेगा। वर्षों से अंधेरे में जीवन बिताने वाले राहेड़गोड़ा के



लोगों की आंखों में अब सपने हैं- ऐसे सपने, जिनमें उनके बच्चों का भविष्य रोशनी से भरा हुआ है। सड़क और पेयजल की समस्या दूर होने की उम्मीद ने भी गांव में नई ऊर्जा भर दी है। अब ग्रामीणों को इंतजार है उस दिन का, जब राहेड़गोड़ा भी विकास के नक्शे पर अपनी पहचान दर्ज कराएगा।

# सहकारिता की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

खूंटी। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग अंतर्गत सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ, रबी फसल बीमा जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति एवं जिला सहकारिता विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों तथा संघ के प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।रबी फसल बीमा से संबंधित विषयों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने पर



जोर दिया। साथ ही सहकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों की अनुपालन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अंकेक्षण प्रतिवेदन तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्थापना एवं प्रशासनिक व्यय से संबंधित बजट प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा निदेशक पार्षद के तीन सदस्यों के नामांकन, संघ की सदस्यता, वार्षिक आम सभा के आयोजन एवं कार्यालय के सुसज्जीकरण से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

उपायुक्त ने सहकारिता संस्थाओं को

## व्यय से संबंधित बजट प्रस्ताव पर हुई विशेष रुप से चर्चा

और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर बल देते हुए संघ के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से लेखापाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रबंधक की नियुक्ति की प्रक्रिया पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को बेहतर भंडारण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोल्ड स्टोरेज एवं गोदाम निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बैठक में सहकारिता विभाग के तहत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने किसानों से लैम्प्स के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रबी फसल बीमा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर भी बल दिया।

बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव, अपर समाहर्ता सुषमा लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, वाहन जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कदवा।** शराब तस्करी के विरुद्ध कदवा पुलिस ने फिर से बड़ी सफलता पाई है।काले स्कार्पियों में ले जा रहे 177 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। और की स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बेलगच्छी-चांदपुर मार्ग से विदेशी शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है।सूचना सत्यापन को निकली पुलिस ने उस रास्ते पर वाहन जांच अभियान चलाकर एक 177 लीटर विदेशी शराब के साथ वाहन एवं एक तस्कर को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि वाहन से बरामद कुल विदेशी शराब बंगाल निर्मित है। उन्होंने बताया कि थाना में मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# घटना को अंजाम देने के फिराक में चार अपराधी धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिला पुलिस ने बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे चार अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो पिस्टल, एक कट्टा और चार कारतूस बरामद किए हैं।

जांच में यह सामने आया है कि सभी अपराधी हंटरगंज क्षेत्र में किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की तैयारी में जुटे थे। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हंटरगंज थाना क्षेत्र में एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

एसपी ने बताया कि सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन तथा हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने डुमरिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद संदिग्ध भागने लगे। लेकिन पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों को घेराबंदी कर दबोच लिया।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बिहार के गया जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराकला गांव निवासी गौतम पासवान, बाराचट्टी थाना क्षेत्र के जायगीर गांव निवासी प्रवीण कुमार, फतेहपुर थाना क्षेत्र के पतवास गांव निवासी विकास मांझी तथा हंटरगंज थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी चिंटू पासवान के रूप में हुई है। पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। जिसके आधार पर अन्य आपराधिक गतिविधियों और इनके नेटवर्क की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार गौतम पासवान के विरुद्ध झारखंड और बिहार के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# वैभव के चयन से भावुक हुए पिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। भारतीय टीम में चयन के बाद 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के घर खुशी का माहौल है। हालांकि इस उपलब्धि के बावजूद उनके पिता संजीव सूर्यवंशी जमीन से जुड़े रहने की सीख दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैभव भले ही बड़े-बड़े गेंदबाजों के खिलाफ चौके-छक्के लगा रहा हो, लेकिन उसकी तुलना महान खिलाड़ियों से करना अभी जल्दबाजी होगी।

संजीव सूर्यवंशी ने बताया कि शुक्रवार रात वैभव का फोन आया था। उसने कहा था कि शनिवार को भारतीय टी-20 टीम की घोषणा होने वाली है। इसके बाद से ही पूरे परिवार की धड़कनें तेज हो गई थीं और सभी चयन सूची का इंतजार कर रहे थे।

वैभव के पिता ने कहा कि उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वैभव अभी इन दिग्गज खिलाड़ियों के पैर की धूल के बराबर भी नहीं है। उसे अभी लंबा सफर तय करना है और लगातार मेहनत करते रहना होगा।

संजीव ने बताया कि बचपन में वह वैभव को ब्रायन लारा और युवराज सिंह की बल्लेबाजी के वीडियो दिखाया करते थे।

इन्हीं खिलाड़ियों को देखकर वैभव ने बल्लेबाजी की बारीकियां सीखने की कोशिश की और खेल के प्रति उसका लगाव लगातार बढ़ता गया।

पिता के अनुसार जब वैभव नौ साल का था, तब बड़े खिलाड़ी उसे बच्चा कहकर चिढ़ाते थे। इस पर वह कहता था, 'पापा, अगर मैं पहले ही गेंद पर उसे छक्का मार दूं तो बाकी गेंदबाज मुझ पर हावी नहीं हो पाएंगे।'

उसकी यही सोच और आत्मविश्वास आज उसकी सफलता की बड़ी वजह बन गई है। वैभव के भारतीय टीम में चयन की खबर मिलते ही समस्तीपुर के ताजपुर में खुशी की लहर दौड़ गई।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को ले कार्यशाला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को प्रखंड कृषि कार्यालय में खेत बचाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी जन्मेजय सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें सहायक निदेशक भूमि संरक्षण भुदेव राणा सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस मौके पर बीएओ ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल सरकारी योजना नहीं बल्कि कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित रखने का जनआंदोलन है। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों की जानकारी दी। किसानों को मृदा जांच, फसल चक्र, हरी खाद, जैविक खाद निर्माण तथा वर्षा जल संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। बैठक में कृषि कर्मियों को गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने और किसान चौपाल के माध्यम से अधिकाधिक किसानों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रखंड किसान सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, सदस्य मिथलेश कुमार,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमीत कुमार, कार्यपालक सहायक संदीप पाण्डेय,कृषि समन्वयक श्रवण कुमार, मनोज कुमार, विश्वकांत कुमार वर्मा, शोभा कुमारी,किसान सलाहकार कमलेश कुमार, चन्द्रमणी कुमार,शिखा शुमन, प्रियंका कुमारी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# महर्षि मेंही आश्रम में आये संतों का ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत

## सतसंग में श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम शबरी कुटिया शांतिपुरी मुरहू में दो दिवसीय सत्संग कार्यक्रम के पहले दिन कुप्पाघाट भागलपुर सहित अन्य जगहों से आए संतों का पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े बजाकर गीत गाकर स्वागत किया गया। आश्रम में ईश स्तुति, गुरु वंदना और रामचरित मानस पाठ के पश्चात प्रवचन में स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि सत्संग के बिना मनुष्य की सद्गति संभव नहीं। संतों का संग बड़े भाग्य से मिलता है। मनुष्य के जीवन में संग का बहुत बड़ा असर होता है। जैसे साफ पानी भी कीचड़ में गिरकर गंदा हो जाता है, लेकिन गंदा या नाली का पानी भी गंगा में मिलने से गंगाजल बन जाता है। उन्होंने मनुष्य को शाकाहारी भोजन अपनाने के लिए कहा कि गाय या शाकाहारी पशु कभी मांस नहीं खाते



हैं, उन्हें ज्ञान है, पर मानव जीह्वा स्वाद में भटक जाता है। सच्चा और अच्छा जीवन अच्छे कार्य करने से मिलता है। स्वामी डा निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि गंगा स्नान से तन की सफाई होती है और सत्संग से मन के मैल और बुराईयां समाप्त होती हैं, जिससे जीवन में सुधार होता है, सुधार होने से ही उद्धार हो जायेगा। उन्होंने कहा कि संत मन की बात समझ जाते हैं, और सत्संग में हर समस्याओं का निवारण कर देते हैं। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि जीवन ईश्वर का वरदान है,इसे सत्संग से प्राप्त ज्ञान से हम सुखमय बना सकते हैं। स्वामी नरेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि संतों का संग पारस मणि है जो मानव रुपी लोहे को सोना बना देता है। स्वामी सत्यानंद, स्वामी राजेन्द्र सहित अन्य ने भी सत्संग को जीवन के लिए कल्याणकारी बताया। कार्यक्रम में डॉ डीएन तिवारी, सगुन दास, संजय सत्संगी, बीरु कुमार,जूरन मुंडा, सूरजमल प्रसाद, ध्रुवेन्द्र भास्कर,डॉ रमेश वर्मा, रामहरि साव, हरिद्वार ठाकुर, सुनील रजक, संतोष गुप्ता, राजकुमार, अमर सिंह,अजय गुप्ता, ज्ञान कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# झांटी गांव में पहुंची बिजली, खुशी से लोग झूमे, मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** प्रखंड के हुमाजांग पंचायत अंतर्गत जंगलों से घिरे झांटी गांव के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। आजादी के करीब 79 वर्ष बाद गांव में पहली बार बिजली की रोशनी पहुंची।

63 केवीए ट्रांसफॉर्मर के उद्घाटन के साथ ही विद्युत आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वर्षों से अंधेरे में जीवन गुजार रहे ग्रामीणों ने इसे गांव के विकास की नई शुरूआत बताया।ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन समाजसेवी नरेन्द्र यादव उर्फ नारो यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया।

उद्घाटन के बाद जैसे ही गांव में बिजली आपूर्ति शुरू हुई, ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। लंबे इंतजार के बाद गांव में बिजली पहुंचने से लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।



नारो यादव ने बताया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व गांव में बिजली के खंभे और तार तो लगा दिए गए थे, लेकिन ट्रांसफॉर्मर नहीं लगने के कारण विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी। ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग उठाए जाने के बाद बिजली विभाग के एसडीओ एवं कार्यपालक अभियंता के प्रयास से 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराया गया, जिससे बिजली आपूर्ति संभव हो सकी। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली की सुविधा मिलने से गांव के विकास को नई गति मिलेगी। हालांकि उन्होंने सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग भी उठाई। मौके पर श्यामसुंदर यादव, रामबली पासवान, प्रवेश पासवान, पिंटू पासवान, विकास पासवान, रीता देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# ग्राम सभा आयोजन कर हुई लाभुकों की सूची की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सापामारण में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत सर्वेक्षण में चयनित लाभुकों की सूची की समीक्षा को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में सर्वे के बाद प्राप्त सूची का बिंदुवार परीक्षण किया गया तथा पात्रता के आधार पर लाभुकों की स्थिति की जांच की गई।

ग्रामसभा की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सलमा खातून ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के उपरांत पंचायत को कुल 240 संभावित लाभुकों की सूची प्राप्त हुई थी। ग्रामसभा में सूची में शामिल सभी नामों पर चर्चा की गई और उनकी पात्रता का सत्यापन किया गया।

जांच के दौरान पांच लाभुक प्रधानमंत्री आवास योजना के मानकों के अनुरूप पात्र नहीं पाए गए, जिसके कारण उनके नाम सूची से हटाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

मुखिया सलमा खातून ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से ग्रामसभा के माध्यम से सूची का सत्यापन कराया गया, ताकि




किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न मिले और योग्य लाभुकों को प्राथमिकता मिल सके।

बैठक में पंचायत सचिव रामचंद्र प्रसाद वर्मा ने योजना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। वहीं पंचायत सहायक सुजीत प्रसाद वर्मा ने सूची सत्यापन प्रक्रिया एवं लाभुक चयन के मानकों से उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया।

ग्रामसभा में उपमुखिया गुंजा देवी, पंचायत समिति सदस्य जैनब खातून, वार्ड सदस्य नीलम देवी, राजकुमार विश्वकर्मा एवं आफताब आलम सहित स्थानीय समाजसेवी रऊफ अंसारी, सहबान अंसारी, नीरज वर्मा, अजय वर्मा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामसभा के अंत में यह निर्णय लिया गया कि अंतिम रूप से सत्यापित सूची को संबंधित विभाग को अग्रसारित किया जाएगा, ताकि पात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके।

## संध्या गश्ती में चार धराये

**कटिहार।** मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में शराब तस्करी व नशे के सौदागरों के विरुद्ध एक्शन जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि संध्यागस्ती के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर मनिहारी अम्बेदकर चौक पर ब्रेथ एनालाईजर मशीन से जांच करने पर चार लोगों के शराब पीने की पुष्टी होने पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बलदियाबाडी निवासी शेख हसरत के पुत्र मो. आरिफ (55), लक्ष्मण कुमार मंडल (22) पिता सीताराम मंडल, साकिन छोटी हसवर, अनूप कुमार यादव (25) पिता बैजनाथ यादव साकिन मिलिक पोखरकन्ना एवं रीतू कुमार( 27) पिता सुरेश सिंह साकिन नवाबगंज सभी थाना मनिहारी के रुप मे हुई है।

संक्षिप्त समाचार

# प्रज्ञानंद ने रच दिया इतिहास

## नॉर्वे चेस टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय बने, विंसेंट कीमर को हराया

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने इतिहास रचते हुए नॉर्वे चेस का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। 20 साल के इस चेस स्टार ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर अपने अभियान का यादगार अंत किया। प्रज्ञानंद शुरुआत में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे सही समय पर आगे आए और अपना क्लासिकल गेम जीतकर तीन अहम अंक हासिल किए। इससे उनके कुल अंक 18 हो गए और उन्हें एलीट चेस के सबसे प्रतिष्ठित खिताबों में से एक जीतने में मदद मिली।

### प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास



इस जीत के साथ चेन्नई में जन्मे इस स्टार खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की जो 2013 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश भी हासिल नहीं कर पाए थे। नॉर्वे चेस में दूसरी बार हिस्सा लेने वाले प्रज्ञानंद की शुरुआत छह खिलाड़ियों वाले इस बड़े टूर्नामेंट में धीमी रही, लेकिन इवेंट के दूसरे हाफ में उन्होंने अपनी लय पकड़ ली। उनके इस सफर की सबसे बड़ी उपलब्धि नॉर्वे चेस के सात बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल चेस में दो बार हराना रहा। इस इवेंट में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश जब आखिरी दौर में मुकाबले से बाहर हो गए तो प्रज्ञानंद ने भारत की उम्मीदों को बनाए रखा और आखिरकार खिताब अपने नाम किया। यह तब संभव हुआ जब अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो, जो आखिरी राउंड से पहले 15.5 पॉइंट्स के साथ सबसे आगे थे, अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ पर खत्म करने को मजबूर हुए, जिससे उनका मुकाबला आर्मागेडन टाई-ब्रेक तक पहुंच गया। इस रिजल्ट ने प्रज्ञानंद के लिए रास्ता खोल दिया क्योंकि उन्हें पता था कि कीमर के खिलाफ क्लासिकल जीत उन्हें स्टैंडिंग में सबसे ऊपर पहुंचा देगी और एक यादगार खिताब दिला देगी।

फ्रेंच ओपन 2026

## माजा च्वालिंस्का ने रचा इतिहास, फाइनल में पहुंचने वाली बनीं पहली क्वालिफायर खिलाड़ी

**पेरिस।** पोलैंड की 24 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी माजा च्वालिंस्का ने फ्रेंच ओपन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिला एकल सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में 7-6(4), 6-4 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही वह रोलैंड गैरोस (फ्रेंच ओपन) के इतिहास में महिला एकल फाइनल तक पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर मौजूद च्वालिंस्का ने इस टूर्नामेंट में अब तक कुल नौ मुकाबले जीते हैं। इनमें तीन मैच क्वालिफाइंग दौर और छह मैच मुख्य ड्रॉ में शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली सिर्फ दूसरी क्वालिफायर बना दिया है। इससे पहले, यह कारनामा ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू ने 2021 यूएस ओपन में किया था, जहां उन्होंने खिताब भी जीता था।



सेमीफाइनल मुकाबले में च्वालिंस्का ने अपने शानदार खेल से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने स्पिन, गति और शॉट्स की दिशा में लगातार बदलाव करते हुए श्नाइडर पर दबाव बनाए रखा। इसके साथ ही उनकी बेहतरीन फिटनेस, तेज मूवमेंट और मजबूत डिफेंस ने जीत में अहम भूमिका निभाई। च्वालिंस्का और श्नाइडर के बीच हुआ सेमीफाइनल मुकाबला दो घंटे 10 मिनट तक चला।

आयरलैंड-इंग्लैंड टी20 सीरीज और एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# श्रेयस अय्यर कप्तान वैभव को अवसर





**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड, इंग्लैंड और एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। श्रेयस अय्यर को भारत की टी20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है। वहीं, तिलक वर्मा को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आईपीएल 2026 में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को दोनों सीरीज और एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई है। हर्षित राणा और रवि बिश्नोई की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव को भी इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह दी गई है। हालांकि, उन्हें एशियन गेम्स के लिए टीम में जगह नहीं दी गई है। भारत को अपनी कप्तानी में टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जिताने वाले सूर्यकुमार यादव को किसी भी टीम में जगह नहीं दी गई है।

आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में रखा गया है। वहीं, ईशान किशन और शिवम दुबे को भी टीम में जगह दी गई है। अय्यर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे, तो तिलक को उपकप्तान बनाया गया है। नीतीश कुमार रेड्डी और अक्षर पटेल को भी टीम में शामिल किया गया है। वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती भी टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। तेज गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज के हाथों में सौंपी गई है, जबकि उनका साथ अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रिंस यादव देते हुए नजर आएंगे।

### आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टी20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, वैभव सूर्यवंशी, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

### एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और वैभव सूर्यवंशी।

# जुरेल श्रीलंका ए के खिलाफ 2 चार दिवसीय टेस्ट मैचों के लिए इंडिया ए के कप्तान होंगे

### आकिब नबी को भी मिली टीम में जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अजीत अगरकर वाली चयन समिति ने श्रीलंका ए टीम के खिलाफ होने वाली 2 चार दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान कर दिया है। 25 जून से 5 जुलाई के बीच गाले में होने वाले 2 मैचों के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज इंडिया ए टीम की कप्तानी करेंगे। रणजी ट्रॉफी 2025-26 में शानदार गेंदबाजी करने वाले जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को भी टीम में जगह मिली है। देवदत्त पडिक्कल को उपकप्तान बनाया गया है।



जुरेल और पडिक्कल के अलावा, बल्लेबाजी लाइन-अप में साई सुदर्शन, ऋतुराज गायकवाड़ और एन जगदीसन शामिल हैं। विदर्भ के बल्लेबाज अमन मोखाड़े और आंध्र के बल्लेबाज शेख रशीद को भी पहली बार इंडिया ए टीम में जगह मिली है। इस दौरे पर भारतीय बल्लेबाजों का मुख्य लक्ष्य स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों में ढलना और लाल कूकाबुरा गेंद के साथ खेलने की आदत डालना होगा।



गेंदबाजी आक्रमण में नबी, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज और गुरनूर बरार को शामिल किया गया है। गुरनूर को हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ चल रहे एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टेस्ट टीम में भी बुलाया गया था। आकिब का चयन अहम है, क्योंकि उन्होंने इस साल की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी और 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

लेग-स्पिनर जीशान अंसारी और ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के साथ ऑलराउंडर आयुष बडोनी स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### 2 चार दिवसीय टेस्ट के लिए भारत की ए टीम

ध्रुव जुरेल (कप्तान, विकेटकीपर), साई सुदर्शन, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, सारांश जैन, गुरनूर बरार, आकिब नबी, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज, एन. जगदीसन, अमन मोखड़े, शेख रशीद और जीशान अंसारी।

संकटमोचक बनकर उभरे केएल राहुल

# मुल्लानपुर टेस्ट में जड़ा धमाकेदार शतक

**मुल्लानपुर (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र ऐतिहासिक टेस्ट मैच से भारतीय फैंस के लिए एक बेहद शानदार खबर सामने आई है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के सस्ते में आउट होने के बाद, टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने मोर्चा संभाला और मुश्किल परिस्थितियों में एक बेहतरीन शतकीय पारी खेल डाली है। सीनियर खिलाड़ियों के बिना उतरी इस नई भारतीय टीम में केएल राहुल ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया और टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

**दबाव में खेली दमदार पारी, मुल्लानपुर में गूंजा राहुल का नाम-** मुल्लानपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, तो शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। यशस्वी जायसवाल केवल 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। ऐसे समय में क्रीज पर उतरे केएल राहुल ने न सिर्फ एक छोर संभाला, बल्कि अफगानी गेंदबाजों की क्लास लगाते हुए अपने टेस्ट करियर का एक और यादगार शतक पूरा किया। राहुल ने अपनी इस पारी में क्लासिक शॉट्स और बेहतरीन रक्षात्मक खेल का नजारा पेश किया।





उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजों दोनों के खिलाफ मैदान के चारों तरफ रन बटोरे। उनके इस शतक की बदौलत भारतीय टीम मैच के पहले ही दिन अफगानिस्तान पर अपना शिकंजा कसने में कामयाब रही है।

### कप्तान शुभमन गिल की धैर्यशील पारी, भारत के 335 पर 3 विकेट गिर चुके थे

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही टीम इंडिया ने पहली पारी में 3 विकेट पर 335 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 90 रन और ऋषभ पंत 36 रन क्रीज पर थे। गिल फिफ्टी पूरी कर चुके थे। राहुल 12वां शतक पूरा करने के बाद आउट हो गए। उन्हें जियाउर रहमान शरीफी ने रहमानुल्लाह गुरबाज के हाथों कैच कराया। राहुल ने घरेलू मैदान पर तीसरी सेंचुरी लगाई। टी-ब्रेक से पहले मोहम्मद सलीम ने साई सुदर्शन (81 रन) और यशस्वी जायसवाल (24 रन) को पवेलियन भेजा।

# पाकिस्तान को हरा 18 एशिया कप के फाइनल में भारत

### आशीष के 'चौके' से बदली देश की किस्मत

**नई दिल्ली।** जापान के शहर काकमिगाहारा में जारी अंडर 18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में शुक्रवार (5 जून 2026) को टीम इंडिया ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने इस हाईवोल्टेज मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराया। भारतीय टीम अंतिम क्वार्टर तक 2-3 से पिछड़ रही थी। फिर अंतिम 15 मिनट में तीन गोल करते हुए भारत ने वापसी ही नहीं की, बल्कि फाइनल का टिकट भी पक्का कर लिया।

भारत के लिए इस जीत के हीरो रहे आशीष तनी पूर्ति जिन्होंने चार गोल इस मैच में किए। उन्होंने अंतिम क्वार्टर में तीन गोल करते हुए भारत को हार से बचाया ही नहीं बल्कि जिताकर फाइनल में भी पहुंचा दिया। अब फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की भिड़ंत 6 जून (शनिवार) को होम टीम जापान से होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा।



**मैच में दिखी कांटे की टक्कर-** मैच की शुरुआत बेहतरीन थी और दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया। भारत और पाकिस्तान दोनों के खिलाड़ियों ने पहले 11 मिनट तक एक भी गोल अपने खिलाफ नहीं होने दिया। फिर 12वें मिनट में भारत को पाकिस्तान की गलती से पेनल्टी स्ट्रोक मिला और आशीष पूर्ति ने इसे गोल में तब्दील कर दिया। भारत को पहले क्वार्टर में इस तरह 1-0 से बढ़त मिल गई।

### आशीष ने आखिरी 15 मिनट में बदली किस्मत

आशीष तनी पूर्ति ने आखिरी 15 मिनट में भारतीय हॉकी टीम की किस्मत बदल दी। 46वें मिनट से पाकिस्तान की किस्मत खराब होना शुरू हुई और भारत की जीत की तरफ बढ़ने लगा। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। 49वें मिनट में आशीष ने गोल दागा और स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। उसके बाद 53वें मिनट में आशीष ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत को 4-3 से बढ़त दिला दी। 56वें मिनट में आशीष का चौथा गोल आया और भारत ने 5-3 से लीड बना ली।



# मलिंगा के साथ खेला क्रिकेट, अब जैवलिन में तोड़ा नीरज का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** रोम डायमंड लीग में श्रीलंका के जैवलिन थ्रोअर रुमेश थरंगा पथिरागे का जलवा देखने को मिला है। एक समय श्रीलंका की अंडर 18 क्रिकेट टीम में मौजूदा इंटरनेशनल गेंदबाज इशान मलिंगा के साथ गेंदबाजी करने वाले रुमेश ने अब एथलेटिक्स में अपना जलवा दिखाया है। रुमेश ने रोम में 92.62 मीटर की दूरी पर भाला फेंकते हुए नीरज चोपड़ा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

वह मौजूदा डायमंड लीग में पहले 90 मीटर से ज्यादा दूरी तक जैवलिन फेंकने वाले खिलाड़ी हैं।

रुमेश थरंगा ने नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2025 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम से वह पीछे रह गए। उनके नाम श्रीलंका का नेशनल रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। जबकि एशिया में वह सबसे दूरी तक जैवलिन फेंकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं ओवरऑल जैवलिन के इतिहास में वह 8वें बेस्ट जैवलिन थ्रोअर बन गए हैं।

# उपायुक्त ने बरही में विभिन्न संस्थानों एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

## प्रोसेसिंग प्लांट, फूड कोर्ट, गेस्ट हाउस, इंडोर स्टेडियम एवं परीक्षा भवन का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमंत सती ने शनिवार को बरही प्रखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों एवं स्थलों का भ्रमण कर वहां संचालित गतिविधियों, आधारभूत संरचनाओं तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त सर्वप्रथम गौरिया करमा स्थित आईसीएआर (इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने बागवानी, मत्स्य पालन एवं पशु विज्ञान सहित कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा परिसर का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रोसेसिंग प्लांट, फूड कोर्ट, गेस्ट हाउस, इंडोर स्टेडियम एवं परीक्षा भवन का निरीक्षण किया। आईसीएआर प्रबंधन द्वारा परिसर में स्ट्रीट लाइट लगाने का अनुरोध किए जाने पर उपायुक्त ने सहमति प्रदान करते हुए शीघ्र स्ट्रीट लाइट स्थापना सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने आईसीएआर द्वारा संचालित आम बागान का भी निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के आमों की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

**मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण**

इसके उपरांत उपायुक्त ने गौरिया करमा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां आयोजित वीएचएसएनडी के तहत संचालित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने सेविका एवं सहिया से बच्चों के टीकाकरण की स्थिति, केंद्र में नामांकित बच्चों की संख्या एवं पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के क्रम में उपायुक्त ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बीज प्रसंस्करण संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र, सांढ़ पोषण प्रक्षेत्र, सुकर प्रजनन प्रक्षेत्र तथा पशुपालन प्रशिक्षण विद्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रेड सिंधी नस्ल की गायों के रखरखाव, दुग्ध उत्पादन एवं उपलब्ध मानव संसाधन की जानकारी ली। साथ ही राजकीय पशुपालन प्रक्षेत्र के समग्र विकास हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर भेजने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने केदारूत डैम एवं पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित इंटेक वेल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौरिया करमा से केदारूत डैम तक जाने वाली जर्जर सड़क की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र सुदृढ़ एवं व्यवस्थित सड़क के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त बरही चौक पहुंचे, जहां उन्होंने लगातार लगने वाले जाम की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से बरही चौक पर प्रतिदिन जाम, दुर्घटनाओं एवं गंदगी की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। ऐसी स्थिति में चौक के आसपास संचालित अव्यवस्थित बाजारों को व्यवस्थित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे लगने वाले सब्जी बाजार एवं ठेला-खोमचा विक्रेताओं के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उन्हें वहां स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे बरही चौक को सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाया जा सकेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बरही, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी बरही मौजूद थे।

# लोकनायक स्मारक समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जून सम्पूर्ण क्रांति दिवस के 52 वें वर्षगाँठ के अवसर पर लोकनायक स्मारक समिति धनबाद के तत्वावधान में जे.पी. चौंक धनबाद पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आज ही के दिन 74 में जे.पी. आदोंलन के दौरान गांधी मैंदान पटना की महती सभा में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने देश के समुचित विकास हेतु सम्पूर्ण क्रांति की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि सात आयामों, राजनीतिक, सामाजिक, आथिर्क, शैक्षणिक, सास्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक स्तर पर सुधार कर के ही हम सम्पूर्ण क्रांति के सपनों को साकार कर सकते हैं। भ्रष्टाचार, शिक्षा में सुधार, सामाजिक व राजनीतिक कुरितियों के खिलाफ 74 में जे.पी. के नेतृत्व में छिड़े क्षात्रों व युवाओं का यह आदोंलन जो बाद में पुरे देश में एक जन आंदोलन बना। आपातकाल की घोषणा हुई। तत्पश्चात तत्कालीन ईंदिरा सरकार का पतन हुआ। सत्ता बदली पर सम्पूर्ण क्रांति का सपना आज भी अधुरा है। उपस्तिथ लोगो ने उसे पुरा करने का संकल्प दुहराया।इस अवसर पर उपस्तिथ लोगो ने जे.पी. चौंक पर स्थापित लोकनायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कि गयी। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, धनबाद के महापौर संजीव सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, लोकनायक स्मारक समिति के सरंक्षक के. बी. सहाय, संयोजक विजय झा, कृष्ण लाल रूगंटा, श्यामा नंद त्यागी, लाल वर्मा, अरूण राय, जयकिशन, जावेद अख्तर, राजीव रंजन गोगो, गौतम मंडल, नीलम मिश्रा, बी.ब.सिन्हा, बिन्देश्वरी प्रसाद अशोक बागी, नारायण महतो, राकेश सहाय, दीपक सिंह, अनुग्रह सिंह, संजय सिन्हा, वासुदेव गोस्वामी, आदि उपस्थित थे।

# डीसी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का लिया जायजा, भोजन की गणवत्ता की जांच

## बच्चों को परोसा हलवा, टॉफियां भी बांटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रामगढ़।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीहह-1 एवं नावाडीह 2 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्रों में संचालित पोषण, शिक्षा, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। इसी क्रम में उन्होंने पोषण ट्रैकर की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, उपस्थित बच्चों की संख्या, पोषण ट्रैकर में निबंधित लाभार्थियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख समय पर अद्यतन एवं शुद्ध रूप से संधारित किए जाये।

निरीक्षण के दौरान बच्चों के नाश्ते का समय रहने के कारण उपायुक्त श्री शेखावत ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को सूजी का हलवा परोसा तथा भोजन की गुणवत्ता, पोषण मानक एवं स्वच्छता की जांच की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच विभिन्न फल व टॉफी का भी वितरण किया। उपायुक्त ने बच्चों के लर्निंग आउटकम का आकलन करने हेतु उनसे गिनती, सरल गणित एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने पाया कि बच्चों के बुनियादी शिक्षण स्तर में और सुधार की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला पर्यवेक्षिका को निर्देश दिया कि बच्चों को रटने के बजाय समझ-आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल स्रोत की उपलब्धता एवं उसकी स्वच्छता, जल की नियमित आपूर्ति, बच्चों हेतु सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की जांच की। साथ ही शौचालय की साफ-सफाई, उपयोग की स्थिति, जल उपलब्धता तथा बाल-अनुकूल व्यवस्था का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि केंद्र परिसर में साफ-सफाई, कचरा निपटान एवं हाइजीन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों को स्वस्थ वातावरण मिल सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय मुखिया द्वारा निर्माणाधीन चेक डैम के संबंध में मौखिक शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसमें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर प्रश्न उठाया गया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वहां स्थापित सोलर जल मीनार का भी जायजा लिया तथा उसकी कार्यशीलता एवं जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। डीसी द्वारा अन्य कई निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सेविका लिली रोशनी दांग, मॉयलोन टोपनो, सहायिका अनास्तासीया हेंब्रम एवं फुलमनी तीरु समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# लंबित मामलों के निष्पादन और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर जोर

## एसपी ने किया कटकमसांडी थाने का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने शनिवार को कटकमसांडी थाना का निरीक्षण कर थाना की विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन कुमार महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना के विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया तथा लंबित कांडों, वारंटों और कुर्की मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा अवैध मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में लंबित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल देते हुए लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय एवं संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और जनता के साथ बेहतर पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।

# पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश

## जविप्र का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मेदिनीनगर।** शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री बिरेन्द्र कुमार तिवारी, चियांकी के दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में साफ-सफाई की स्थिति, कार्डधारियों को समय पर राशन उपलब्ध कराने, धोती-साड़ी-लुंगी वितरण, राशन वितरण उपरांत लाभुकों को रसीद उपलब्ध कराने, योजनावार खाद्यान्न के सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गयी। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए तथा वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने कहा कि राशन वितरण के बाद प्रत्येक कार्डधारी को अनिवार्य रूप से रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त दुकान में लाभुकों की सूची, स्टॉक एवं वितरण संबंधी सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन करने तथा योजनावार खाद्यान्न का समुचित रख-रखाव बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न अभिलेखों की भी जांच की गयी।

### आधार एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार शिविर का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पिताम्बरपुर प्रखंड अंतर्गत शनिवार को कोटखास एवं कुराइन पतरा पंचायत सचिवालय में आयोजित आधार एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार शिविर का जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान एवं डीपीओ यूआईडी उदय प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को आमजनों को सरल एवं पारदर्शी तरीके से सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों, आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े बच्चों एवं अन्य लाभुकों के आधार अद्यतन एवं जन्म प्रमाण पत्र सुधार कार्य को प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलास्तरीय तैयारियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में संभावित बाढ़ एवं आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलास्तरीय तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता, राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति तथा संवेदनशील क्षेत्रों में की जा रही व्यवस्थाओं का विभागवार मूल्यांकन किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिले के सभी नगर निकायों में आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कुल 162 स्थायी एवं अस्थायी प्याऊ संचालित किए जाने की जानकारी दी गई। इसमें नगर निगम बेगूसराय, नगर परिषद बरौनी, बीहट, तेघड़ा, बलिया एवं बखरी क्षेत्र शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी प्याऊ केंद्रों के नियमित संचालन एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित आपदा के दौरान त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु व्यापक तैयारी की गई है। सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक कुल 94 कूल बेड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त 22 चलंत चिकित्सा दल तथा 55 एम्बुलेंस को विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रखने की योजना बनाई गई है ताकि आपातकालीन स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 3,542 खराब चापाकलों के विरुद्ध अब तक 2,421 चापाकलों की मरम्मती का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बेगूसराय एवं तेघड़ा प्रमंडल के भू-जल स्तर की स्थिति का भी विश्लेषण प्रस्तुत किया गया तथा शेष चापाकलों की मरम्मती शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जल संसाधन विभाग द्वारा संभावित कटाव एवं बाढ़ से सुरक्षा हेतु आवश्यक सामग्रियों के भंडारण की जानकारी दी गई। प्रमंडलीय एवं केंद्रीय स्टोर्स में 5.29 लाख ईसी बैग, पर्याप्त संख्या में जियो बैग, वायर क्रेट्स तथा पॉर्क्यूपाइन सेट्स सुरक्षित रखे गए हैं। इन सामग्रियों का उपयोग संवेदनशील तटबंधों एवं कटाव प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार किया जाएगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अंचलवार संवेदनशील आबादी का अद्यतन डाटाबेस तैयार किया गया है।

# मंत्री ने किया बेली ब्रिज का स्थल निरीक्षण

## डीएम व एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री ईंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने आज यहां पूर्व बिहार की जीवनरेखा विक्रमशिला गंगा सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज का स्थल निरीक्षण कर आवागमन चालू होने के सभी तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान पथ निर्माण मंत्री श्री कुमार ने नवनिर्मित बेली ब्रिज पर रविवार से आवागमन चालू करने हेतु सभी तैयारियों का जायजा लेने के बाद विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उम्मीद जताई है कि फिर से विक्रमशिला सेतु पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों के परिचालन होने से भागलपुर और नवगछिया के तरफ़ की एक बड़ी आबादी (लाखों लोगों) को आवाजाही में सुविधा होगी। मौके पर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष कुमार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

जिला प्रशासन द्वारा बेली ब्रिज पर रविवार से आवागमन प्रारंभ कराने के लिए सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अंतिम तैयारियों को सुनिश्चित किया गया है। इधर देर शाम को पथ निर्माण विभाग के सचिव, पंकज कुमार पाल द्वारा भी स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

इसी क्रम में जिलाधिकारी, भागलपुर डॉ. नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बेली ब्रिज का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा प्रबंध, यातायात संचालन, संकेतक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रविवार को ग्यारह बजे से विक्रमशिला सेतु पर निर्मित बेली ब्रिज से छोटे दो एवं चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रारंभ कर दिया जाएगा। बेली ब्रिज के चालू होने से विक्रमशिला सेतु क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा तथा आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से निर्धारित यातायात नियमों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित एवं सुगम आवागमन बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# अपराधमुक्त समाज के निर्माण में करें सहयोग

## गोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं आपसी विश्वास सुदृढ़ करने के लिए शनिवार को नगर एवं मुफ़स्सिल थाना में लोक-संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में आयोजन किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों और पुलिस प्रशासन के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना है, जिससे स्थानीय समस्याओं, कानून-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों, सामाजिक चुनौतियों एवं जन-सुरक्षा संबंधी विषयों पर खुलकर चर्चा की जा सके। गोष्ठी के माध्यम से लोगों ने अपने सुझाव, शिकायतें एवं समस्याएँ सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं जिनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया गया तथा कुछ मामलों में समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोक-संवाद गोष्ठी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच नियमित संवाद एवं सहभागिता से न केवल कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनेगा। साथ ही समाज में सुरक्षा, विश्वास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बढ़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील कि है कि लोक-संवाद गोष्ठी में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं विचार साझा करें तथा सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं अपराधमुक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

# हथियारों के जखिरे के साथ एक धराया

भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने हथियारों के जखीरे के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के राघोपुर गांव में आज एक अपराधी द्वारा किसी बड़े अपराध को अंजाम देने हेतु अपने घर पर अवैध आग्नेयास्त्र जमा करने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नगर)- दो तथा नाथनगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने उक्त अपराधी के घर पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान अपराधी के पास से एक देशी कट्टा, एक देशी राइफल, एक देशी बंदूक, राइफल का टुटा एक बट और सात जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं पकड़े गए अपराधी की पहचान सुरेश मंडल उर्फ़ अशोक कुमार के रुप में हुई है और वह राघोपुर गांव का रहने वाला है। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने उक्त अपराधी की अपराधिक गतिविधियों की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# रेलवे ने लगाए तीन सौ पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धनबाद रेल मंडल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिल रैली से हुई, जिसमें रेलवे अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे और स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्य शामिल हुए। साइकिलिंग करते हुए सभी प्रतिभागी धनबाद स्टेशन के पिछले छोर तक पहुंचे, जहां करीब 300 पौधे लगाए गए। रेलवे द्वारा 15 मई से शुरू किए गए पर्यावरण अभियान का समापन 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ। इस अभियान के तहत रेलवे ने 5000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसी कड़ी में स्टेशन परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल और पेड़ों को बचाने का भी संदेश दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से यह पहल लगातार जारी रहेगी।

# 09 जून को होगा आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का आयोजन

## तैयारी को लेकर संबंधितों के साथ डीडीसी ने की ऑनलाइन समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी 09 जून को आयोजित होने वाले बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत एक दिवसीय आम उत्सव-सह-बागवानी मेला की तैयारियों की समीक्षा की।

**प्रत्येक प्रखंड से 5 से 8 एसएचजी दीदी की होगी भागीदारी**

बैठक में डीडीसी ने सभी प्रखंडों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र से 5 से 8 आम उत्पादक लाभुकों (एसएचजी दीदी) का चयन सुनिश्चित करें। प्रत्येक चयनित लाभुक आम के साथ मेले में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित होने वाले मेले में प्रत्येक प्रखंड का आकर्षक एवं सुसज्जित स्टॉल लगाया जाएगा, जिसमें स्थानीय आम उत्पादकों की उपज का प्रदर्शन किया जाएगा।

**निर्धारित समय पर लाभुकों को कार्यक्रम स्थल पहुंचाने का निर्देश**

डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभुकों के चयन, परिवहन व्यवस्था एवं स्टॉल निर्माण सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता की टीम गठित कर लाभुकों को वाहन के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक ससमय पहुंचाना सुनिश्चित करें।

**कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश**

डीडीसी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम उत्पादकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मेले को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा।

# हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम में छात्र की समस्या का 24 घंटे में हुआ समाधान

## ई-कल्याण पोर्टल में छात्रवृत्ति आवेदन संबंधी समस्या पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं (लोक संवाद) कार्यक्रम... में एक छात्र द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन से संबंधित समस्या उपायुक्त अजय नाथ झा के समक्ष रखी गई, जिसका 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित किया गया। चास निवासी चंदन कुमार महतो, जो वर्तमान में सी.सी. महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बी.एड. सत्र 2025-27 के छात्र हैं, ने उपायुक्त को अवगत कराया कि पूर्व में वे द्रोणा आईटीआई में अध्ययनरत थे तथा सत्र 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन किया था। बाद में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने आईटीआई से स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) प्राप्त कर बी.एड. में नामांकन कराया।

**रिन्युअल के स्थान पर फ्रेश आवेदन की थी आवश्यकता**

छात्र ने बताया कि बी.एड. सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन करना चाह रहे थे, लेकिन ई-कल्याण पोर्टल पर उनका आवेदन रिन्युअल श्रेणी में दर्ज हो रहा था, जबकि उन्हें फ्रेश अभ्यर्थी के रूप में आवेदन करना था। इस तकनीकी समस्या के कारण उनकी आवेदन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी।

**डीसी के निर्देश पर उपलब्ध कराया गया आवश्यक विकल्प**

मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात छात्र को वर्ष 2025-26 के लिए फ्रेश एप्लीकेशन का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है।

**आवेदन तिथि खुलने पर कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**

संबंधित अधिकारियों ने जानकारी दी कि छात्र को फ्रेश आवेदन का विकल्प उपलब्ध करा दिया गया है। अब छात्र छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन की तिथि खुलने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि आमजनों एवं विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा हम आपको सुनते हैं... कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीतो लेडीज विंग का उड़ान एग्जिबिशन 12 व 13 जून को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जीतो लेडीज विंग धनबाद की ओर से 12 और 13 जून को धनसार स्थित सिद्धि विनायक होटल के हाल में उड़ान एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है। शनिवार को धनबाद क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में लेडीज जीतो विंग की कोषाध्यक्ष रिद्धि गोधा ने बताया कि यह हमारी संस्था का दुसरा एग्जिबिशन है जिसमें दिल्ली,कोलकाता, जयपुर,कानपुर,राजस्थान, नागपुर, जमशेदपुर, पुरुलिया, बनारस समेत देश के अन्य राज्यों से विभिन्न एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट्स का स्टाल लगाया जाएगा। एग्जीबिशन में स्वादिष्ट एवं लजीज खाने पीने के स्टाल्स भी लगेंगे। प्रेस वार्ता में तनु जैन अध्यक्ष, प्रीति जैन मुख्य सचिव रिद्धि गोधा कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव सोनल सांगवी वंदना तृप्ति श्वेता मतालिया, हिमांगी, अंशी,कोमल, कामना, सरिता, रासु, स्वीटी, श्वेता, स्वाति,हिना,मीना, बबीता समेत अन्य सदस्य थी।

### ऊंची बिल्डिंग, अस्पताल, मॉल में की जाएगी फायर सेफ्टी ऑडिट

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद, आदित्य रंजन ने धनबाद जिले के सभी ऊंचे भवन, अस्पताल, मॉल तथा अन्य असुरक्षित स्थलों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि विगत दिनों देश के विभिन्न स्थालों पर अग्नि से संबंधित दुर्घटना की सूचना विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से धनबाद जिले में ऊंचे भवन, अस्पताल, मॉल एवं अन्य असुरक्षित स्थलों का फायर सेफ्टी ऑडिट करना आवश्यक है। ताकि किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। फायर सेफ्टी ऑडिट के लिए नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन तथा जिला अग्नि शमन पदाधिकारी को निर्देशित किया है। फायर सेफ्टी ऑडिट के माध्यम से संभावित भवन के अग्नि खतरों की पहचान, अग्नि सुरक्षा संबंधी उपायों, भवन की अग्निशमन प्रणालियों की प्रभावशीलता एवं परिसर की समग्र अग्नि सुरक्षा को बढ़ाने के लिए सुझावों का आकलन किया जा सकेगा।

### ड्रॉपिंग एरिया बंद रहने से बोकारो रेलवे स्टेशन पर यात्री हो रहे परेशान : संजय बैद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मंडलीय रेल प्रबंधक एवं क्षेत्रीय रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर बोकारो रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए ड्रॉपिंग एरिया बंद होने से बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। चेंबर के संरक्षक एवं जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य संजय बैद ने पत्र के माध्यम से मंडलीय रेल प्रबंधक को अवगत कराया की लगभग 16-17 महीने से बोकारो रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के नाम पर ड्रॉपिंग एरिया बंद कर दिया गया है जिससे बुजुर्गो, बीमार एवं दिव्यांग यात्रियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें काफी पैदल चल कर प्लेटफार्म तक आना पड़ता है संजय बैद ने कहा कि सौंदर्यीकरण के नाम पर इतने लंबे समय तक यात्रियों को परेशान करना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की थी जनहित में और यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इसे अविलंब चालू करवाया जाए।

### कोयलांचल सुपर किंग्स के खिलाड़ी क्रिकेट के मैदान में दिखाएंगे अपना दम

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईपीएल की तर्ज पर झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा झारखंड टी - 20 क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कोयलांचल सुपर किंग्स की टीम भी हिस्सा ले रही है। कोयलांचल सुपर किंग्स की टीम धनबाद पहुँच चुकी है और प्रैक्टिस की शुरूआत भी कर चुकी है। वही आज शहर के एक निजी होटल में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें 99 ग्रुप ऑफ कम्पनीज के सीएमडी सह कोयलांचल सुपर किंग्स के ऑनर श्याम पांडे,सीईओ राम प्रताप सिंह, नितिन कुमार सहित टीम के कोच, ट्रेनर, खिलाड़ियों के अलावे टीम के मैनेजमेंट टीम के मेम्बर और सपोर्टिंग स्टाफ मौजूद रहे। वही उन्होंने आगे कहा कि जोश और बेहतर प्रदर्शन के साथ कोयलांचल सुपर किंग्स इस बार झारखंड टी 20 क्रिकेट लीग में टीम शानदार प्रदर्शन करेगी और धनबाद सहित पूरे कोयलांचल का नाम पूरे राज्य में रोशन करेगी।

### कांग्रेस का हल्लाबोल, 8 जून को युवा आक्रोश मार्च

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। 'देश के प्रधानमंत्री वीक हैं, तभी तो पेपर लीक है' के नारे के साथ 8 जून को धनबाद में युवा कांग्रेस द्वारा विशाल आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। इस मार्च का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान करेंगे। मार्च की शुरूआत धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम के मुख्य द्वार से होगी, जो रणधीर वर्मा चौक तक जाएगा। कार्यक्रम में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अलावा पूरे झारखंड से कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में छात्र शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि यह प्रदर्शन युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर ऐतिहासिक साबित होगा। शनिवार को धनबाद परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह और प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। नेताओं ने बताया कि झारखंड-बंगाल सीमा पर राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान का भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम में करीब पांच हजार युवा कांग्रेस कार्यकताओं और छात्रों के शामिल होने की संभावना जताई गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक ने छात्रों और युवाओं के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफल रही है। इसी के विरोध में देशव्यापी आंदोलन के तहत धनबाद में यह आक्रोश मार्च आयोजित किया जा रहा है। उदयभान का 8 और 9 जून को धनबाद का दो दिवसीय दौरा भी प्रस्तावित है, जिसमें राज्यभर के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### बीएसएल में विश्व पर्यावरण दिवस पर ईको-इनोवेशन अवार्ड

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र के पर्यावरण संरक्षण एवं सततता (ईसीएस) विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों एवं अभियानों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के विजेताओं को बोकारो इस्पात संयंत्र तथा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, बोकारो सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दांतू गांव के चार विद्यार्थियों को सौर ड्रायर (सोलर ड्रायर) के उपयोग पर आधारित उनके अभिनव प्रोजेक्ट के लिए ह्यईको-इनोवेशन अवार्डह्व से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, संयंत्र, टाउनशिप एवं अस्पतालों से संबंधित विभिन्न नवाचारी परियोजनाओं को भी इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। विशेष रूप से ऊर्जा प्रबंधन विभाग द्वारा ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन में कमी लाने हेतु किए गए उल्लेखनीय प्रयासों, अभिनव डिजाइनों तथा सतत विकास आधारित परियोजनाओं की सराहना की गई।

# बच्चों के सहयोग हेतु जिला बाल संरक्षण ईकाई व गैर-सरकारी संगठनों की समन्वय बैठक





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला बाल संरक्षण इकाई , बोकारो द्वारा जिले में बच्चों एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनीता झा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन एवं समुदाय के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना, बच्चों से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में गैर-सरकारी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करना तथा बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाना था। बैठक में बोकारो जिले में कार्यरत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें बै सहयोगिनी, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन, अनमोल दृष्टि, पंचसूत्रा फाउंडेशन, आशा किरण सेवा संस्थान, यूनिसेफ -सीसीआर -एनयुएस आरएल, पिरामल फाउंडेशन तथा सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज सहित विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**बैठक में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गईः**

1. बोकारो जिले में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों की जानकारी संकलित कर अनुमंडल पदाधिकारी एवं उपायुक्त, बोकारो के साथ साझा करना, ताकि जिला प्रशासन एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।
2. फोस्टर केयर योजना के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाना, जिससे ऐसे बच्चों की पहचान की जा सके जिन्हें पारिवारिक वातावरण में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है।
3. आफ्टरकेयर योजना के अंतर्गत संस्थागत देखरेख से बाहर आने वाले युवाओं को सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सामुदायिक एवं संस्थागत समर्थन विकसित करना।
4. प्रखंड स्तर पर गठित बाल संरक्षण समितियों को सशक्त एवं सक्रिय बनाने हेतु गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका सुनिश्चित करना।
5. बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान, बच्चों के विरुद्ध हिंसा एवं अन्य बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना।

बैठक के दौरान श्रीमती अनीता झा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए गैर-सरकारी संगठनों से अपेक्षित सहयोग एवं उनकी जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वोत्तम हित में सरकारी विभागों एवं नागरिक समाज संगठनों के बीच मजबूत साझेदारी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में फोस्टर केयर एवं आफ्टरकेयर योजनाओं की विस्तृत जानकारी अजीत राणा तथा बिनय कुमार बिश्वास द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, चयन प्रक्रिया, उपलब्ध सहायता एवं सामुदायिक स्तर पर बच्चों एवं परिवारों की पहचान की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। बैठक के अंत में उपस्थित सभी गैर-सरकारी संगठनों ने फोस्टर केयर हेतु पात्र बच्चों एवं अभिभावकों की पहचान करने, प्रखंड स्तर पर गठित बाल संरक्षण समितियों को मजबूत बनाने तथा समुदाय में बच्चों से संबंधित मुद्दों के समाधान हेतु जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। जिला बाल संरक्षण इकाई, बोकारो ने सभी सहभागी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे समन्वयात्मक प्रयासों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# मैथन डैम का घटा जलस्तर, पर्यटन कारोबार पर संकट



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित मैथन डैम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। सालभर यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन इन दिनों डैम का जलस्तर लगातार घटने से यहां का नजारा बदल गया है। मानसून से पहले डीवीसी द्वारा कराए जा रहे मरम्मत कार्य और हाइडल पावर प्लांट से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण डैम का जलस्तर घटकर करीब 461 फीट तक पहुंच गया है। जलस्तर कम होने से डैम के कई हिस्से सूख गए हैं और विशाल चट्टानें व पत्थर बाहर दिखाई देने लगे हैं। भीषण गर्मी को भी जलस्तर में गिरावट का एक कारण माना जा रहा है। मैथन डैम का घटता जलस्तर अब सिर्फ पर्यटन ही नहीं, बल्कि पेयजल आपूर्ति के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। यदि जलस्तर में और गिरावट आती है तो मैथन-धनबाद जलापूर्ति योजना प्रभावित हो सकती है, जिससे चिरकुंडा, निरसा, कुमारधुबी, गोविंदपुर समेत धनबाद के कई इलाकों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। जलस्तर घटने का सबसे बड़ा असर पर्यटन कारोबार पर दिखाई दे रहा है। जो मैथन डैम कभी पर्यटकों की चहल-पहल से गुलजार रहता था, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आने से स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। नाविकों का कहना है कि पानी कम होने के कारण लोग नौकायन में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पहले जहां दिनभर कई फेरे लग जाते थे, वहीं अब मुश्किल से कुछ सैलानी ही पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की कमी का असर डैम किनारे लगे छोटे कारोबारियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। चाय, नाश्ता, खिलौने और अन्य सामान बेचने वाले दुकानदारों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। वहीं झूला और मनोरंजन से जुड़े व्यवसाय भी प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार घटते कारोबार से परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। हालांकि डीवीसी प्रबंधन का कहना है कि मानसून से पहले डैम की मरम्मत और रखरखाव कार्य को पूरा करने के लिए जलस्तर कम करना आवश्यक है। प्रबंधन ने फिलहाल पेयजल संकट की आशंका से इनकार किया है और भरोसा दिलाया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# मासिक क्राइम मीटिंग में आईजी ने दिए बेहतर पुलिसिंग के निर्देश, हाईकोर्ट कंटेंप्ट मामलों पर जताई चिंता





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले में बेहतर पुलिसिंग और जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य दायित्व आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। यह बातें उन्होंने शुक्रवार को बोकारो समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित मासिक क्राइम मीटिंग के दौरान कहीं। बैठक में बोकारो के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित जिले के सभी डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर तथा थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास जीतना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। बैठक के दौरान आईजी ने हाल के दिनों में बोकारो जिले से जुड़े हाईकोर्ट के कंटेंप्ट (अवमानना) मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह पुलिस विभाग के लिए गंभीर विषय है। छोटी-छोटी प्रक्रियागत त्रुटियों और लापरवाही के कारण पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से लेकर जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) तक को हाईकोर्ट में जवाबदेही का सामना करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए नए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पदाधिकारियों और हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई है। इस पहल का उद्देश्य न्यायालय से संबंधित मामलों की बेहतर समझ विकसित करना और भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से बचना है। आईजी ने विश्वास जताया कि आवश्यक सुधारात्मक कदमों और सतर्कता के माध्यम से आने वाले समय में इस समस्या का समाधान हो जाएगा।


# किक बॉक्सिंग खिलाड़ी जुड़वा बेटियों से मिले सांसद ढुल्लू महतो, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दिया सहयोग का भरोसा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के चिरकुंडा की किक बॉक्सिंग खिलाड़ी जुड़वा बहनों मंदीप कौर और राजदीप कौर ने अपनी प्रतिभा से जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद दोनों खिलाड़ियों से धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। सांसद ने दोनों बेटियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। चिरकुंडा के नेहरू रोड निवासी जगमोहन सिंह की जुड़वा बेटियां मंदीप कौर और राजदीप कौर लगातार किक बॉक्सिंग में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। हाल ही में 30 मई को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मंदीप कौर ने सिल्वर मेडल और राजदीप कौर ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर धनबाद समेत पूरे झारखंड का गौरव बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर सांसद ढुल्लू महतो ने उनके घर पहुंचकर बुके भेंट किया, मिठाई खिलाई और बधाई दी। इस दौरान सांसद ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बेटियों की सफलता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिलना चाहिए, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। सांसद ने दोनों खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। वहीं खिलाड़ी बहनों ने सांसद के सहयोग और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब उनका अगला लक्ष्य इटली में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। दोनों बहनों ने विश्वास जताया कि वे भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर लौटने का पूरा प्रयास करेंगी। सांसद की इस पहल से खिलाड़ियों और उनके परिवार का मनोबल काफी बढ़ा है। इस अवसर पर चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, समाजसेवी दशरथ साव तथा भाजपा के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। खेल प्रतिभाओं को सम्मान देने की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।


# राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो की धमाकेदार शुरूआत





**बोकारो/पाकुड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पाकुड़ में आयोजित 26वीं सब-जूनियर झारखंड राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बोकारो जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। बालक वर्ग में बोकारो की टीम ने अपने पहले लीग मुकाबले में धनबाद को एकतरफा मुकाबले में 48-06 के बड़े अंतर से पराजित किया। इस मैच में बोकारो के खिलाड़ियों ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और उत्कृष्ट टीमवर्क तथा आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। इसके बाद दूसरे लीग मुकाबले में बोकारो का सामना दुमका से हुआ। इस मैच में भी खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन की और अपने पूल में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका वर्ग में बोकारो की टीम ने अपने अभियान की शुरूआत जामताड़ा के विरुद्ध की। इस मुकाबले में बोकारो की बालिकाओं ने शानदार खेल दिखाते हुए जामताड़ा को 27-03 के बड़े अंतर से हराया। दूसरे मैच में मेजबान पाकुड़ की टीम को 11-05 से पराजित कर टीम ने अपने पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बोकारो की भिड़ंत पूर्वी सिंहभूम की मजबूत टीम से हुई। रोमांचक मुकाबले में बोकारो की खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए 23-14 से जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में बोकारो की टीम का मुकाबला 7 जून को टाटा स्टील की टीम से होगा।

# धनबाद से बस सफर होगा महंगा, किराए में 20 फीसदी बढ़ोत्तरी का निर्णय : एसोसिएशन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बस से सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है। दरअसल धनबाद बस एसोसिएशन ने बस किराए में 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। एसोसिएशन का कहना है कि परिवहन विभाग से स्वीकृति मिलते ही नई किराया दरें एक सप्ताह के भीतर लागू कर दी जाएंगी। धनबाद बस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि किराया वृद्धि को लेकर परिवहन विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। उनका कहना है कि वर्ष 2020 के बाद से बस किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि इस दौरान डीजल, इंजन ऑयल, टायर, स्पेयर पार्ट्स, बीमा, टैक्स और कर्मचारियों के वेतन सहित सभी परिचालन खर्चों में लगातार वृद्धि हुई है। बस संचालकों का कहना है कि पिछले छह वर्षों से बढ़ी हुई लागत के बावजूद यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया, लेकिन अब बढ़ती महंगाई और ईंधन कीमतों के कारण बस संचालन करना मुश्किल होता जा रहा है। कई बस संचालकों को आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है। नई दरें लागू होने के बाद धनबाद से पटना, बिहारशरीफ, भागलपुर, पूर्णिया, रांची, देवघर, दुमका, गिरिडीह, बोकारो और आसनसोल समेत कई रूटों पर बस किराए में वृद्धि होगी। एसी बसों से पटना, बिहारशरीफ और भागलपुर जाने वाले यात्रियों को लगभग 100 रुपये अधिक चुकाने पड़ सकते हैं, जबकि पूर्णिया रूट पर किराया करीब 120 रुपये तक बढ़ सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK